धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, बुधवार

24.04.2024

* * नगर संस्करण । पेज : 12

लोकसभा चुनाव 2024 — सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 280

12 देश में पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस मोदी की देन : योगी

न्यूज डायरी

### अन्नपूर्णा और कल्पना 29 को भरेंगी पर्चा

**गिरिडीह।** कोडरमा संसदीय सीट से भाजपा की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 29 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। वहीं पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन भी 29 अप्रैल को गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। अन्नपूर्णा देवी के नामांकन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। कल्पना सोरेन के नामांकन में सीएम चंपई सोरेन और राज्य सरकार के कई मंत्रियों समेत जेएमएम के राज्यसभा सदस्य सरफराज अहमद, गिरिडीह के विधायक सुदीप्य कुमार सोनू के अलावा कांग्रेस और राजद के कई नेता शामिल होंगे। कल्पना सोरेन पर्चा दाखिल करने के बाद गांडेय विधानसभा क्षेत्र के पपरवाटांड में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की चुनावी सभा होगी।

### आज समीर उरांव और बीडी राम भरेंगे नामांकन पत्र

**रांची।** बुधवार को एनडीए के दो प्रत्याशी पलामू से बीडी राम और लोहरदगा से समीर उरांव नामांकन भरेंगे। बीडी राम के नामांकन में केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह शामिल होंगे। लोहरदगा प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन में गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल मौजूद रहेंगे। साथ ही बाबूलाल मरांडी, रविंद्र राय, आदित्य साहू, बालमुकुंद सहाय भी मौजूद रहेंगे।

### नामकुम में छह करोड़ का डोडा जब्त, एक धराया

**रांची।** नामकुम थाना पुलिस ने हुवांगहातु स्कूल के समीप से वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक पर लोड डोडा के साथ राजस्थान के एक आरोपित हरपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने 158 बोरा (3950 किलो) डोडा, दो मोबाईल, एक ट्रक, एक पैन कार्ड, एक आधार कार्ड, एक वोटर कार्ड, एक वीजा कार्ड, एक प्लेटिनम कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया है। बरामद डोडा की बाजार मूल्य लगभग छह करोड़ आंकी गयी है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नामकुम थाना के हुवांगहातु की तरफ से रायसा मोड़ की ओर एक डोडा लदा ट्रक आ रहा है। सूचना के बाद त्वरित कार्रवाई करते छापेमारी टीम का गठन किया गया।

### हाथियों ने किसान को कुचल कर मार डाला

**लोहरदगा।** कुडू के चंदलासो गांव निवासी किसान महाबीर उरांव को हाथियों के झुंड ने कुचल कर मार डाला। महाबीर उरांव सोमवार रात नौ बजे घर से दो किलोमीटर दूर चंदलासो डैम के समीप फसल की सिंचाई करने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान हाथियों ने उसकी जान ले ली। घटना के बाद रात में कुडू वन विभाग की टीम चंदलासो पहुंची तथा ग्रामीणों के सहयोग से हाथियों के झुंड को कुडू थाना क्षेत्र की सीमा से बाहर चान्हो थाना की सीमा में खदेड़ दिया।

# अर्जुन, कालीचरण, जोबा समेत 11 ने भरा पर्चा







## नामांकन में जुटे सभी दलों के दिग्गज, किया एक दूसरे को हराने का दावा

रांची। खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा, इंडी गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा, सिंहभूम लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी, पलामू लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा समेत विभिन्न सीटों के लिए ग्यारह प्रत्याशियों ने मंगलवार को पूरे तामझाम से अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। नामांकन के समय इन तमाम दलों के नेताओं और प्रत्याशियों ने अपनी अपनी जीत का दावा ठोंका। सभी प्रत्याशियों ने नामकांकन के पूर्व मंदिरों में जा कर भगवान से आशीर्वाद भी लिया।

### खूंटी में जनता की जीत होगी : अर्जुन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने खूंटी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी लोकेश मिश्रा के समक्ष नामांकन दाखिल किया। नामांकन के समय मौके पर बाबूलाल मरांडी, सुदेश महतो और खूंटी के पूर्व सांसद कड़िया मुंडा शामिल थे। कार्यकताओं ने अर्जुन मुंडा को माला पहनाकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। नामांकन के बाद अर्जुन मुंडा के किया रोड शो में भारी भीड़ दिखी। उन्होंने कहा कि खूंटी से इसबार भी हमारी नहीं जनता की जीत होगी। आप सभी का आसीर्वाद और प्यार अर्जुन मुंडा के साथ है। रोड शो में बड़ी संख्या में भाजपा और आजसू के कार्यकर्ता हाथों में झंडा-बैनर लेकर शामिल हुए। पर्चा भरने से पहले अर्जुन मुंडा ने अमरेश्वर धाम मंदिर में पूजा-अर्चना की। उनके साथ उनकी पत्नी, मां और बच्चे भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ने की दिशा में है। उनके नेतृत्व में हम सभी काम कर रहे हैं। आगे हम सभी जनता के हित में काम करें और यह जीत जनता की जीत हो, ऐसी प्रार्थना के साथ सबकी प्रगति हो और सबके जीवन में खुशहाली आये, यही भगवान से कामना की।

### सिंहभूम में जोबा मांझी ने दिखायी ताकत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सिंहभूम में झामुमो उम्मीदवार जोबा मांझी ने जनसभा के बहाने अपनी ताकत दिखायी। नामांकन के बाद आयोजित जनसभा को सीएम चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन ने भी संबोधित किया। जोबा के सामने भाजपा की उम्मीदवार गीता कोड़ा हैं। जोबा माझी ने कांग्रेस भवन चाईबासा से रोड शो निकाल कर कलेक्ट्रेट पहुंची और जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी के समक्ष दो सेट में अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पूर्व उन्होंने दिवंगत पति शहीद देवेंद्र मांझी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नामांकन के लिए चाईबासा पहुंचीं। नामांकन दाखिल करने के दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री दीपक बिरुआ, कल्पना सोरेन, पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, विधायक निरल पूर्ती, विधायक सुखराम उरांव, महुआ माखी समेत कई लोग मौजूद रहे। जोबा मांझी ने अपनी जीत का दावा किया।

### खूंटी से अर्जुन को भारी मतों से हरायेंगे : कालीचरण मुंडा

**खूटीं सीट** से गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने पर्चा भरने के बाद कहा कि भाजपा को जनता ने भांप लिया है। वो अर्जुन मुंडा को बड़े अंतर से मात देंगे। कालीचरण मुंडा के साथ तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा और सिमडेगा विधायक भूषण बारा और जोबा मांझी के साथ सीएम चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन, दीपक बिरुआ सहित कई नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे। नामांकन के पूर्व कालीचरण मुंडा ने तमाड़ स्थित मां दिउड़ी मंदिर में पूजा अर्चना की और जीत का आशीर्वाद मांगा।

### हमारी लड़ाई सामंती नीतियां से : कामेश्वर बैठा

**पलामू** लोकसभा सीट के लिए मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रत्याशी कामेश्वर बैठा ने नामांकन दाखिल किया। पर्चा दाखिल करने के बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा की सामंती नीतियों के साथ उनका हमेशा लड़ाई लड़ी है। यह लड़ाई संविधान बचाने की भी लड़ाई है। इस सीट से भाजपा के उम्मीदवार बीडी राम है। वहीं राजद ने ममता भुइयां को उतारा है। 2014 से लगातार बीडी राम चुनाव जीतते आ रहे हैं।



### कोल्हान की एक भी सीट भाजपा नहीं जीत सकती: चंपई सोरेन

## भाजपा आदिवासी, दलित विरोधी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चाईबासा।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि भाजपा की नीति ही आदिवासी, मूलवासी और दलित विरोधी है। वह न कभी भाजपा आदिवासी हित की सोचती है और न ही मूलवासी और दलितों के हित में। भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं सिर्फ जुमलेबाजी है। 2014 से लेकर आज तक जुमलाबाजी का काम कर रही है। इस बार भी गारंटी की जुमलाबाजी है। किस बात की गारंटी पता नहीं है। नये चुनाव में नया जुमला। जिस तरह पिछली विधानसभा चुनाव में कोल्हान में भाजपा का खाता खुलने नहीं दिया, उसी तरह लोकसभा में झारखंड के 14 -14 सीट जीतेंगे। वह मंगलवार को सिंहभूम लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार जोबा मांझी के नामांकन के बाद शहर के खूंटकटी मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, विश्वास है कि जैसे विधानसभा में भाजपा को कोल्हान में एक भी सीट नहीं दिया, इसबार भी वही होगा। हमलोग मिलकर जोबा मांझी को जितायेंगे।



**पहले चरण में हमारी जीत तय**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि जिस तरह कड़ी धूप में जनसैलाब उमड़ा हैं उससे यह साबित कर दिया है कि पहले चरण के चुनाव में हमारी जीत पक्की है। भीड़ देख के अंदाजा हो गया कि गठबंधन मजबूत है। इस चट्टानी एकता को कोई तोड़ नहीं सकता। झारखंड के विकास के लिए हमलोगों ने बहुत कुछ किया। झारखंड में भाजपा ने जनता को धोखा किया। हमारी सरकार जंगल के सुदूरवर्ती इलाके में योजना दिया। हर परिवार को लाभ दिया। 50 साल के बाद व्यक्ति को पेंशन दिया। भाजपा ने वनाधिकार कानून को शिथिल किया। कोल्हान की धरती सबसे बड़ा जंगल है। भाजपा ग्राम प्रधान को नहीं मानती। हमने सालों से जल जंगल जमीन की लड़ाई लड़ी है। हमारी सरकार मनकी मुंडा, छात्रवृति दे रही हैं।

हमने सरना धर्म कोड के लिए मान्यता मांगी लेकिन केंद्र ने ध्यान नहीं दिया। पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण बिल का कानून बनाया, लेकिन केंद्र ने अटका दिया। उनके पास कोई योजना नहीं है। खनिज संपदा से भरा झारखंड में आदिवासी मूलवासी बहुसंख्या में हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### भगवान बिरसा की धरती से अर्जुन को विजयी बनायें : राजनाथ

## भ्रष्टाचार से कोई समझौता नहीं

- कांग्रेस की सोच विभाजनकारी, बचे रहें
- झारखंड के तीन सीएम पर कोई दाग नहीं लगा
- एक पूर्व सीएम के बारे में आप सभी जानते ही हैं

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/खूंटी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भ्रष्टाचार पर किसी हाल में समझौता नहीं करेगी भाजपा। उन्होंने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद झारखंड में बाबूलाल, अर्जुन और रघुवर दास यहां मुख्यमंत्री बने। किसी पर भ्रष्टाचार का दाग नहीं लगा। तीनों का काल अनुकरणीय रहा। वहीं हेमंत सोरेन का नाम लिये बगैर उन्होंने कहा कि इस राज्य के एक पूर्व मुख्यमंत्री कहां हैं, उनके बारे में बताने की जरूरत नहीं। श्री सिंह ने कहा, अपने इतने लंबे राजनीतिक जीवन में कभी नहीं सुना कि कोई सीएम डेढ़ दिनों तक लापता रहा। यह भ्रष्टाचार की अनोखी मिसाल है। राजनीति परिवार नहीं, समाज और देश के लिए की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का पूरा जीवन ही देश सेवा के लिए समर्पित है। रक्षा मंत्री श्री सिंह मंगलवार को खूंटी में पार्टी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के नामांकन के बाद आयोजित जनसभा में बोल रहे थे।

(शेष पेज 11 पर)

### आदिवासियों का सम्मान भाजपा ही करती है

उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की सरकार हमेशा से आदिवासियों का सम्मान करती है। भगवान बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, चांद भैरव जैसे महान बलिदानियों को भाजपा की सरकार ने सम्मान दिया। खूंटी, भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली है। पीएम मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को देश में गौरव दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया है। मोदी सरकार में आदिवासी कल्याण मंत्रालय का बजट छह गुणा तक बढ़ाया गया है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो, केंद्रीय कृषि मंत्री सह प्रत्याशी अर्जुन मुंडा, विधायक नीलकंठ मुंडा, कोचे मुंडा, रवींद्र राय समेत अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 67800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 84000 रु./प्रति किलो |

तीसरी आंख




### गुरुजी को राहत, संपत्तियों की जांच पर 10 तक रोक

**रांची।** दिल्ली हाईकोर्ट से झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन को राहत मिली है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने झामुमो की संपत्तियों की जांच पर 10 मई तक रोक लगा दी है और कोई भी कदम नहीं उठाने का निर्देश दिया है। कथित तौर पर शिबू सोरेन से जुड़ी दो संपत्तियों की जांच पर सीबीआइ रिपोर्ट दाखिल करने के बाद लोकपाल को 10 मई तक आगे कोई भी कदम नहीं उठाने को कहा गया है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने लोकपाल से शिकायत करनेवाले बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे को झामुमो की याचिका पर नोटिस जारी किया है। झामुमो की याचिका में लोकपाल के चार मार्च के आदेश को चुनौती दी गयी थी।

(शेष पेज 11 पर)

## डीएसई स्तर से हुए डेपुटेशन पर लगेगा ब्रेक!

### शिक्षा सचिव ने कहा, जांच करायेंगे, कार्रवाई होगी

संदीप

**हजारीबाग।** जिले के शिक्षा विभाग में इन दिनों शिक्षकों के प्रतिनियुक्ति का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। डीएसई स्तर से ही शिक्षकों को उनके मनचाहे विद्यालयों में प्रतिनियोजित किया गया है। सबसे बड़ी बात है कि जिस स्कूल से शिक्षक को दूसरी जगह भेजा गया, उनकी जगह किसी अन्य शिक्षक का प्रतिनियुक्त कर दिया गया। इस मामले पर स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर कुमार सिंह ने कहा कि डेपुटेशन सिर्फ आपात स्थिति में ही की जा सकती है। यहां यदि डेपुटेशन गलत तरीके से किया गया है तो उपायुक्त स्तर पर इसकी जांच की जायेगी। दोषियों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि इस तरह के मामलों की सूचना ई-मेल/आवेदन के जरिए उन्हें दी जाती है तो तत्काल संज्ञान लिया जायेगा। इससे अब मनमाने ढंग से प्रतिनियुक्ति पर ब्रेक लगने की संभावना बढ़ गयी है। शिक्षाविदों का कहना है कि लाभ के इस खेल में सबसे ज्यादा नुकसान बच्चों का हो रहा है।

**इन शिक्षकों का हुआ डेपुटेशन**

प्रीति भंडारी एमएस सिलवार खुर्द से एमएस कुम्हारटोली हजारीबाग। अंजू बाला गुप्ता एमएस पसई कटकमदाग से एमएस कुम्हारटोली हजारीबाग। एमएस सिलवार खुर्द की प्रभारी प्रीति भंडारी की जगह एमएस खैराकर्मा टाटीझरिया के शिवश्याम सिंह को प्रतिनियोजित किया गया। सिलवार खुर्द को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिया गया है। ऐसे में शैक्षिक सुविधाओं में सुधार के व्यापक लक्ष्य की दिशा में सरकार के लक्ष्य पर इसे कुठाराघात कहा जा सकता है। शिवश्याम सिंह एमएस खैराकर्मा टाटीझरिया से एमएस सिलवार खुर्द सदर। विनीत कुमार एमएस सरैयाडीह पदमा से डूमर सदर। ममता कुमारी एमएस चुरचू से बाल सुधार केंद्र हजारीबाग। जितेंद्र कुमार सिंह एमएस धरमपुर विष्णुगढ़ से बाल सुधार केंद्र हजारीबाग। इंदु कुमारी यूएमएस सूजी पदमा से पीएस मरियम टोली कनहरी नगरपालिका हजारीबाग।

(शेष पेज 11 पर)

**क्या बोले डीएसई संतोष गुप्ता**

इस मामले पर डीएसई संतोष गुप्ता ने कहा कि डेपुटेशन पर कोई रोक नहीं है। उन्हें इसकाअधिकार है। उसी के तहत कुछ शिक्षकों का डेपुटेशन किया गया है। यह पूछे जाने पर कि कितने शिक्षकों का डेपुटेशन किया गया है उन्होंने कहा कि मेरे पास आंकड़े नहीं हैं।

### इंडी की एकता झारखंड रैली में सबने देखी : मोदी

**छत्तीसगढ़।** पीएम मोदी ने बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद पहले दिन से तुष्टीकरण में लगी हुई है। तुष्टीकरण और धर्म के नाम पर राजनीति कांग्रेस के डीएनए में है। वह छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को दलित, पिछड़ों, आदिवासियों का हक भी छीनना पड़े तो वह एक सेकेंड नहीं लगायेगी। जबकि भाजपा सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चलने वाली है। इसके साथ ही इंडी गठबंधन पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की एकजुटता झारखंड की रैली में देखने को मिली।

(शेष पेज 11 पर)

## खबर एक नजर में

### छविरंजन समेत नौ की हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** बरियातू मौजा के सेना के कब्जेवाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री में संलिप्त निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन समेत नौ आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि कोर्ट से दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। इससे पूर्व ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में जेल में बंद आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 7 मई निर्धारित की है। मामले में छवि रंजन चार मई 2023 से जेल में है। मामले में छवि रंजन के साथ बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली, इम्तियाज अहमद, सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद एवं अमित अग्रवाल की न्यायिक हिरासत अवधि 7 मई तक बढ़ा दी गई है।

### इजहार अंसारी की जमानत अर्जी पर सुनवाई पूरी

**रांची।** कोल लिंकेज घोटाले से प्राप्त राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद हजारीबाग के चर्चित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत अर्जी पर मंगलवार को ईडी की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से अपनी-अपनी सुनवाई पूरी कर ली है। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 27 अप्रैल निर्धारित की है। उसने जमानत की गुहार लगाते हुए नौ अप्रैल को अर्जी दाखिल की है। मामले में ईडी जांच पूरी कर इजहार अंसारी पर चार्जशीट दाखिल कर दी है। ईडी ने इजहार अंसारी को 16 जनवरी को गिरफ्तार किया था। उस पर जेएसएमडीसी से सब्सिडी पर आवंटित 86 हजार टन कोयले को बाहर की मंडी में अवैध तरीके से बेचकर 70 करोड़ रुपए प्रोसिड ऑफ क्राइम से आय अर्जित करने का आरोप है।

### अंतू तिर्की और अन्य से और छह दिन पूछताछ

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले में गिरफ्तार जेएमएम नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय और इरसाद अख्तर से ईडी आगे भी पूछताछ जारी रखेगी। अदालत ने मंगलवार को ईडी के आवेदन पर 6 दिनों की और पुलिस रिमांड की अवधि बढ़ा दी है। इससे पूर्व ईडी पांच दिनों की पूछताछ के बाद चारों आरोपियों को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने 6 दिन की पुलिस रिमांड की अवधि पूछताछ के लिए प्रदान की। कोर्ट की अनुमति पश्चात ईडी ने 19 अप्रैल को जेल से चारों आरोपियों को अपने कब्जे लिया है। उसी दिन से लगातार पूछताछ की जा रही है। यह पूछताछ 29 अप्रैल तक जारी रहेगी। चारों आरोपियों को पुलिस रिमांड की अवधि 29 अप्रैल को खत्म हो रही है। उस दिन सभी को अदालत में पेश किया जायेगा। मालूम हो कि 16 अप्रैल को ईडी की ओर से की गई छापेमारी में आरोपियों के आवास पर काफी मात्रा में फर्जी दस्तावेज बरामद किया गया था। इसके आधार पर ईडी ने आरोपियों को अपने गिरफ्त में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान ही चारों को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

### झारखंड में 11 प्रत्याशियों ने आज किया नामांकन

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर मंगलवार को हुए नामांकन की जानकारी दी। उन्होंने बताया 23 अप्रैल को सिंहभूम में 4, खूंटी में 4, लोहरदगा में 7 और पलामू में 5 नॉमिनेशन फॉर्म खरीदे गए। इसमें सिंहभूम से 3, खूंटी से 2, लोहरदगा में 3 और पलामू में 3 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। अब तक झारखंड में चौथे चरण को लेकर 21 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। प्रेसवार्ता में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा भी मौजूद थीं।

### कांग्रेस जीतने के लिए नहीं लड़ती है चुनाव: राजेन्द्र

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस में हजारों कार्यकर्ता होंगें, जो वर्षों से समाज सेवा कर रहे हैं। यह सोचकर कि एक दिन उनका मेहनत का फल उन्हें पार्टी देगी और वे सांसद -विधायक बनेंगे लेकिन कांग्रेस पार्टी ने एक ऐसा उम्मीदवार रांची से दे दिया जो आम जनता से उन्हें कोई सरोकार नहीं रहा है। वहीं धनबाद से भी बाहरी को उम्मीदवार बनाया गया है, उन्हें भी राजनीति से कोई सरोकार नहीं रहा है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि विनाश काले विपरीत बुद्धि चरितार्थ कांग्रेस के लिए कहना ठीक रहेगा। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि हाल के दिनों में आम लोगों के बीच रहने वाले नेता रांची से पांच बार सांसद रहे रामटहल चौधरी, कांग्रेस में शामिल हुए थे। उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी बनाती तो रांची का चुनाव दिलचस्प हो जाता है। रांची और झारखंड की जनता यह जरूर चाहती है कि राज्य को समझने वाले नेता ही सांसद और विधायक बने जिससे झारखण्ड के विकास को गति मिले।


सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
गोन्दवाना प्लेस, कांके रोड, रांची-834031, झारखण्ड, इण्डिया

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है"।



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
जल पथ प्रमंडल सं0-2 हजारीबाग
Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सं0-01/2024-25, PR NO.- 323726 के कम सं0- 03 एवं 06 में उल्लेखित कार्य में किसी निविदादाता द्वारा भाग नही लेने के फलस्वरुप उक्त कार्यों को रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0-2, हजारीबाग
PR 324043 Water Resource (24-25)_D



जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, कोडरमा।
आवश्यक सूचना

लोकसभा चुनाव-2024

कोडरमा जिला के प्रभावित बल के गृह रक्षक जो विभिन्न संस्थानों, कार्यालयों एवं पोस्टों में ड्यूटी कर रहें है तथा मुख्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, रॉंची के आदेश से रामगढ़ एवं हजारीबाग में ड्यूटी कर रहें सभी गृह रक्षक एवं ड्यूटी नही कर रहें है सभी को सूचित किया जाता है कि लोकसभा चुनाव-2024 ड्यूटी हेतु जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, कोडरमा में अपना आगमन दिनांक-27.04.2024 तक कराना सुनिश्चित करें। मुख्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, रॉंची के आदेशानुसार प्रभावित बल के 70 प्रतिशत गृह रक्षकों को लोकस्भा चुनाव-2024 ड्यूटी हेतु आगमन कराने का निर्देश प्राप्त है। चुनाव जैसे महत्वपूर्ण ड्यूटी के लिए आगमन नहीं कराने वाले गृह रक्षकों को चिन्हित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु मुख्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, रॉंची को अनुशंसा कर भेजी जायेगी। इसके लिए आगमन नही कराने वाले गृह रक्षक स्वंय जिम्मेवार होगें।

इसे अतिआवश्यक समझें।

जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी
कोडरमा।
PR 324039 Home(24-25)D


## जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद एवं एसजे मुखोपाध्याय आयोग की सीलबंद रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत

# हाईकोर्ट ने पूछा- जस्टिस विक्रमादित्य कमेटि की रिपोर्ट पर क्या हुई कार्रवाई

**झारखंड विधानसभा नियुक्ति घोटाला**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने झारखंड विधानसभा एवं राज्य सरकार से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की कमेटि की रिपोर्ट आने के बाद की गई कार्रवाई के बारे में पूछा। इसमें कार्रवाई से जुड़ी फाइल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने जानना चाहा है कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट आने पर सरकार और विधानसभा ने आगे क्या प्रक्रिया अपनाई थी। मामले में कोर्ट ने राज्यपाल के प्रधान सचिव को प्रतिवादी बनाया है। इससे पहले सरकार की ओर से कोर्ट में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद एवं एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट सीलबंद प्रस्तुत की गयी।

मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट 6 माह के भीतर विधानसभा के पटल पर नहीं रखी जा सकी थी जिस कारण दूसरा आयोग बनाना पड़ा था। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 13 मई निर्धारित की है। पिछले सुनवाई में कोर्ट ने सरकार को विधानसभा नियुक्ति से संबंधित जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट के साथ-साथ एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

**क्या है मामला**

प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी। जिसने जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी। जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। राज्यपाल के दिशा-निर्देश के बावजूद भी विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस मामले को लंबा खींचा जा रहा है। मामले में देरी होने से गलत तरीके से चयनित होने वाले अधिकारी सेवानिवृत हो जाएंगे।

### हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर अब एक मई को होगी सुनवाई

**रांची।** बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल करने के लिए और समय की मांग की गई। इस पर अदालत में ईडी को एक सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुये उसे समय प्रदान किया। अब मामले की अगली सुनवाई की तारीख एक मई निर्धारित की गई है। हेमंत सोरेन ने जमानत की गुहार लगाते हुए 15 अप्रैल को अपने अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दाखिल की है। इसी अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई हुई। हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के 75 दिनों बाद जमानत की गुहार लगाई है। वह बड़गाई अंचल जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी से जेल में बंद है। मामले में ईडी ने जांच पूरी करते हुए 30 मार्च को हेमंत सोरेन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। दाखिल चार्जशीट पर अदालत ने संज्ञान भी ले लिया है।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड को मनमाने तरीके से लूटा : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/खूंटी।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड को खूब लूटा। श्री मरांडी खूंटी में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने राज्य के हर चीज को लूटने का काम किया है। ईडी की चार्जशीट में उनका गुनाह दर्ज है। प्रधानमंत्री मोदी विकसित भारत की बात करते हैं। ये लोग अपने घर और परिवार को विकसित करने का काम कर रहे हैं। झारखंड के गठन में 23 में से 13 साल भाजपा की सरकार रही। आज तक भाजपा के कार्यकाल में किसी आदिवासी की जमीन नहीं लूटी गई। ये लोग आरोप लगाते हैं कि भाजपा सत्ता में आयेगी तो जमीन छीन लेंगे। झूठा प्रचार करते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे संकल्प लेकर जायें कि अर्जुन मुंडा को खूंटी से जीताकर भेजेंगे। तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनायेंगे।

**शहीदों का सम्मान करती है एनडीए सरकार : अर्जुन मुंडा** केंद्रीय मंत्री और एनडीए प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कहा कि जनता के बल पर केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी। खूंटी से कमल खिलाना ही भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को नमन होगा। आज तक इतिहास में सिर्फ नरेंद्र मोदी ही ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो बिरसा मुंडा की धरती पर आए। भाजपा शहीदों का सम्मान करना जानती है। इतिहास को पुनर्जीवित करने का काम कर रही है। जनता संकल्प ले कि इस पर झारखंड से 14 कमल फूल दिल्ली भेजने का काम करेंगी।

**पीएम मोदी का विकल्प नहीं : सुदेश महतो** : आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि यह चुनाव देश के लिए नेता चुनने का है। खूंटी की जनता भी ऐसा नेता चुनेगी। जो प्रधानमंत्री मोदी जी के साथ काम करेंगे। वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी का कोई विकल्प नहीं है।

### आज पलामू संसदीय सीट से वीडी राम और लोहरदगा से समीर उरांव करेंगे नामांकन

**केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह एनडीए के पलामू प्रत्याशी बीडी राम के नामांकन में होंगे शामिल**





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बुधवार को एनडीए के दो प्रत्याशी नामांकन दाखिल करेंगे। पलामू से बीडी राम और लोहरदगा से समीर उरांव नामांकन भरेंगे। पलामू से एनडीए प्रत्याशी बीडी राम के नामांकन में केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह शामिल होंगे। जनरल वीके सिंह नई दिल्ली से हवाई मार्ग से रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से हेलीकॉप्टर से पलामू के लिए रवाना होंगे। वहां से बीडी राम के साथ डाल्टनगंज समाहरणालय जायेंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, रविंद्र राय, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, बालमुकुंद सहाय भी मौजूद रहेंगे।लोहरदगा के एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन में शामिल होंगे गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल। समीर उरांव बुधवार को गुमला समाहरणालय में नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, बालमुकुंद सहाय मौजूद रहेंगे।

### नामांकन से पहले जोबा माझी ने दिवंगत पति के समाधि स्थल में लिया आशीर्वाद



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इंडी गठबंधन की उम्मीदवार जोबा माझी सिंहभूम लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने से पूर्व अपने दिवंगत पति देवेन्द्र नाथ माझी को श्रद्धांजलि अर्पित करने उनकी समाधि स्थल पहुंची। यहां सैकड़ों की संख्या में जुटे जोबा माझी के समर्थकों ने उनके समर्थन में नारेबाजी की। उसके बाद जोबा का काफिला चाईबासा के लिए रवाना हो गई। मीडिया से बात करते हुए जोबा माझी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया। कहा कि पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता सिंहभूम सीट जीतकर हेमंत सोरेन के अपमान का बदला लेने के लिए आतुर है। यही वजह है कि सिंहभूम के कोने कोने से लोगों का हुजूम उनके नामांकन के लिए उमड़ पड़ा है।

बता दें कि जोबा माझी के नामांकन में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, मंत्री बसंत सोरेन, मंत्री दीपक बिरुआ, राज्यसभा सांसद महुआ माझी, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन, गठबंधन दल के नेता उपस्थित रहेंगे। इनके द्वारा एक सभा का भी आयोजन किया गया है।

### लोहरदगा सीट से चमरा लिंडा आज करेंगे नामांकन

**रांची।** झामुमो के बिशनपुर विधायक चमरा लिंडा मनाने से भी नहीं मान रहे हैं। वे आज 24 अप्रैल को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लोहरदगा संसदीय सीट से नामांकन करेंगे। बताया जा रहा है कि वो पार्टी से नाराज चल रहे हैं। चमरा लिंडा को मनाने के लिए पार्टी ने कई सीनियर नेताओं को लगाया था। दीपक बिरुवा को पार्टी ने या जिम्मेदारी सौंप थी लेकिन चमरा लिंडा को मनाने में मंत्री और पार्टी के नेता सफल नहीं हो सके। अब वे आज सुबह 11 बजे चमरा लिंडा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करेंगे।

**चमरा बिगाड़ेंगे सुखदेव भगत का खेल** : चमरा लिंडा के नामांकन के साथ ही लोहरदगा संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत की राहें अब बहुत मुश्किल होने जा रही हैं। चमरा लिंडा ने 2009 और 2014 में कांग्रेस को हराने में अहम भूमिका निभाई थी। तो क्या अब यह मान लिया जाए की चमरा लिंडा के कारण 2024 का चुनाव भी कांग्रेस के लिए मुश्किल भरा रहेगा।

### चुनाव आयोग, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मुकदमा दर्ज करे : गौतम सागर राणा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय धुर्वा में राजद चुनाव अभियान समिति के संयोजक गौतम सागर राणा ने मंगलवार को बताया कि लोकसभा आम चुनाव में राजद पार्टी की भूमिका और राज्य में गठबंधन दलों के प्रत्याशियों को समर्थन में प्रचार प्रसार के लिए 49 सदस्यीय टीम का एलान किया। साथ ही कहा कि जिला स्तर पर लोकसभा वार कमिटी शीघ्र घोषित कर दी जाएगी।

श्री राणा पत्रकारों से कहा कि आज देश का संविधान और लोकतंत्र दोनों विकट परिस्थिति में है, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य मुद्दा से अलग होकर लोगों के बीच आपसी भाईचारे को बिगाड़ने की बात कह रहे हैं।

पीएम के बयान की निंदा करते हुए चुनाव आयोग को आचार संहित का केस दर्ज कर पीएम पर कार्रवाई करने की बात कही। श्री राणा ने कहा कि पीएम मोदी और भाजपा को 10 वर्षो का हिसाब जनता को देना चाहिए। प्रचंड बेरोजगारी, बेतहाशा महंगाई, महिला सुरक्षा, जवान नौजवान, युवा किसान मजदूर सभी दिशाहीन हो गए है। भारत में भुखमरी और गरीबी मुख्य मुद्दा है। बीजेपी इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर अरबों खरबों रुपया लेकर कंबल ओढ़े घी पी रही है और पीएम दूसरे को उपदेश दे रहे की इंडिया गठबंधन से सावधान रहना चाहिए।

उपरोक्त जानकारी देते हुए राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि राज्य चुनाव अभियान समिति में कुल 49 लोग शामिल हैं साथ ही सभी प्रकोष्ठ एवं जिला अध्यक्ष/प्रकोष्ठ अध्यक्ष सभी पदेन सदस्य होंगे। लेकिन आवश्यकतानुसार और लोगो का विस्तार किया जा सकता है। प्रेस वार्ता में गौतम सागर राणा के अलावा महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव,मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार,उपाध्यक्ष अनीता यादव, महासचिव आबिद अली, महासचिव मनोज पांडे,युवा अध्यक्ष रंजन कुमार, महिला अध्यक्ष रानी कुमारी, श्रमिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुधीर गोप, सचिव चंद्रशेखर भगत, शारदा देवी, नंदन यादव,शब्बर फातमी,साजिद आलम, जसीम अख्तर,शबनम परवीन, शालिग्राम पांडेय, शाहबाज अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

## चुनाव विश्लेषण लोहरदगा लोकसभा सीट : सात बार कांग्रेस और छह बार भाजपा दर्ज कर चुकी है जीत

# लोहरदगा सीट पर 1984 से भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** लोहरदगा लोकसभा संसदीय सीट में पहली बार 1957 में चुनाव हुआ था। इसके बाद से अबतक 16 चुनाव हो चुके हैं। यह अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट है। इस सीट पर 1984 से अब तक लगातार कांग्रेस व भाजपा आपस में टकराते रही हैं। लेकिन जीत का आंकड़ा देंखे तो कांग्रेस सबसे अधिक सात बार जीती है, जबकि भाजपा छह बार लोहरदगा लोकसभा सीट जीत चुकी है।

हालांकि, इस बार (2024) अगर भाजपा जीतती है तो वह कांग्रेस के बराबर आ जायेगी। वहीं लोहरदगा सीट से कांग्रेस के स्व कार्तिक उरांव, स्व सुमति उरांव व भाजपा के सुदर्शन भगत सबसे अधिक तीन- तीन चुनाव जीतने वाले सांसद हैं। सुदर्शन भगत ने 2009, 2014 व 2019 में लगातार तीन बार चुनाव जीत कर हैट्रिक बनाने वाले पहले सांसद हैं।

**चुनावी मुद्दा** : लोहरदगा जिला में बाइपास सड़क का निर्माण शिलान्यास के डेढ़ साल से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी शुरू नहीं हो पाया है। बाइपास सडक निर्माण की मांग लोहरदगा वासियों की बहुत पुरानी मांग है। कान्ट्रेक्टर द्वारा एनएच रांची के साथ 25 अगस्त 2022 को एकरारनामा किया गया था। एकरारनामा के बाद से संवेदक के द्वारा काम शुरू नहीं किया गया है, जबकि इस काम को 25 अगस्त 2024 तक पूरा करना है। लोहरदगा में बाइपास सड़क निर्माण के लिए 25610.09057 डिस्मिल जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। लोहरदगा बाइपास 19.8 किलोमीटर की है। इसमें 10 किमी फोर लेन एवं शेष 9.9 किमी दस मीटर की सड़क का निर्माण किया जाना है और 17 गांवों से यह गुजरेगी।

वहीं गुमला जिला में बाइपास सड़क अधूरी है। इन दोनों जिला के लिए बाइपास सड़क हर चुनाव में चुनावी मुददा रहा है। वहीं गुमला अब तक रेलवे लाइन से नहीं जुड़ सका है, जबकि 1973 से गुमला को रेलवे लाइन से जोड़ने की मांग उठती रही है और सभी राजनीतिक पार्टियां इसे चुनावी मुददा बनाती रही हैं। गुमला व लोहरदगा जिले में पलायन, बेरोजगारी, सिंचाई का अभाव सबसे बड़ी समस्या है। अल्युमिनियम के कारखाना की स्थापना की मांग दोनों जिला में लगातार उठती रही है। इस बार पुनः बाइपास, रेलवे लाइन, अल्युमिनियम का कारखाना की स्थापना की मांग चुनावी मुददा बनेगा। साथ ही वोटर भी नेताओं को घेरने के मूड में हैं। यहां बताते चलें कि लोहरदगा लोकसभा के अंतर्गत पांच विधानसभा आता है। यह पूरा इलाका आदिवासी बहुल क्षेत्र है। इस सीट पर हर चुनाव में हार जीत का अंतर कम रहता है।

**लेखक : मनोज कुमार सिन्हा साहित्यकार के साथ राजनीतिक विश्लेषक भी हैं।**

### लोहरदगा में वापसी करने की तैयारी में कांग्रेस

लगातार तीन चुनाव हार रही कांग्रेस पार्टी इस बार के चुनाव में वापसी करने की तैयारी में है। इसके लिए कांग्रेस के उम्मीदवार सुखदेव भगत अभी से चुनावी रंग में रंग गये हैं। वहीं, भाजपा से समीर उरांव प्रत्याशी भाजपा ने लोहरदगा लोकसभा सीट ने अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। भाजपा ने सुदर्शन भगत की जगह समीर उरांव को अपना प्रत्याशी बनाया है। समीर उरांव राज्य सभा सांसद है। उनका कार्यकाल इस वर्ष मई में समाप्त होगा।

सुप्रभात
बुधवार 24.04.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 05
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

### पूर्वी टुंडी के मैट्रिक में अव्वल विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड क्षेत्र से मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। बीडीओ अमृता सिंह, बीइओ राजीव रंजन, प्रखंड प्रमुख,जिप सदस्य,लटानी पंचायत के मुखिया ऐनुल हक, समाज सेवी अजीत मिश्रा, संतलाल बाबा आदि ने सभी छात्रों को मोमेंटो, प्रदान किया। सम्मान पानेवालों में प्रथम स्थान प्राप्त कृष्णा कुमार तथा कुमकुम कुमारी, मोहित कुंभकार, पीयूष मंडल, कविता कुमारी, आकाश मंडल,सुभोदीप दत्ता,अनीश रहमान, खुशी कुमारी, तन्मय मंडल, पूनम कुमारी औरए छोटी कुमारी शामिल हैं। अतिथियों ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी और कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें और बढ़ते रहें। श्री मिश्रा ने छात्राओं के अभिभावक से कहा कि कम उम्र में लड़की का विवाह नहीं कराएं। उन्हें पढ़ाई पूरी कर अपना सपना पूरा करने दें। मौके पर बीपीओ विधान मांझी, मधुसूदन गोराई, राजीव कुमार, मो तबरेज, विजय दास आदि मौजूद थे।

### डीजल चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया ऑपेरटर

**कतरास।** बीसीसीएल एरिया 4 के परियोजना स्थल पर गुप्त सूचना के आधार पर सीआईएसएफ जवानों ने डीजल चोरी में संलिप्त बीसीसीएल ऑपरेटर हरि प्रसाद मांझी को रंगे हाथ धर दबोचा। उसके पास से पेचकश आदि औजार बरामद किये गए। सीआईएसएफ नेउसे लिखित शिकायत के साथ तेतुलमारी थाना को सुपुर्द कर दिया। बताते हैं कि प्रबंधन की आंखों में धूल झोंक कर कर्मियों की सांठ गांठ से एरिया चार में । उत्खनन आदि कार्य में लगे भारी वाहनों से डीजल की चोरी की जाती है और उसे काला बाजार में बेच दिया जाता है।

### जनता मजदूर संघ कुंती गुट जेलगोड़ा शाखा का पुनर्गठन

**जोड़ापोखर।** जनता मजदूर संघ कुंती गुट जेलगोड़ा शाखा कमेटी का पुनर्गठन किया गया। मंगलवार को सुदर्शन प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें क्षेत्रीय सचिव अनिल सिंह मौजूद थे। बैठक में पुनर्गठित कमेटी के अध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष किशोर कुमार महतो, चंदन गुप्ता, सचिव जगदीश सिंह,संयुक्त सचिव रामदेव प्रसाद, सरताज अंसारी,सहायक सचिव लोकेश मेघवाल,राजेश कुमार सिंह, संगठन सचिव तुलसी कुमार मल्लाह, कोषाध्यक्ष माणिक चंद्र घोष के अलावा कार्यकारिणी सदस्य नंदलाल जी,जैनुल अंसारी, मोहन हाड़ी, भगीरथ वाल्मीकि, बलिराम, राजेन्द्र कुमार, निर्मल हांसदा, उमा शंकर पासी, सेठ प्रसाद आदि मौजूद थे।

इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसरों की टीम धनबाद के मतदाताओं को करेगी जागरूक

# सोशल मीडिया के प्रभावशाली लोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये करें मदद : उपायुक्त

**सोशल मीडिया मंचों से होगा प्रचार-प्रसार**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने मगलवार को आम लोगों से आह्वान किया हैं कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ने के लिया इंटरनेट मिडिया के माध्यम से मतदाताओं को प्रेरित करें। जिले के प्रमुख इंटरनेट मीडिया इनफ्लुएंसरों के साथ समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आज हुई बैठक में उपायुक्त सुश्री मिश्र ने यह बाय कही। उन्होंने कहा कि लोगों तक



किसी भी संदेश को पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया एक बहुत ही शक्तिशाली एवं प्रभावशाली उपकरण है तथा एक्स फेसबुक इंस्टाग्राम यूट्यूब और व्हाट्सएप जैसे मंचों पर बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता हैंए जिन तक पहुंचने की जरूरत है। उन्होंने कहा की इन्फ्लुएंसर की यह बैठक हमें वोट प्रतिशत बढ़ानेए युवा मतदाताओं को प्रेरित करने के साथ साथ कम मतदान वाले क्षेत्रों में विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर प्रचार और प्रसार में हमारी मदद करेगी।

**इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसरों की बनाई टीम**

स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर युवाओं के साथ जुड़ने और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इतना ही नहीं विभिन्न क्षेत्रों के लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों की एक टीम बनाई है जो मतदान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करेंगे।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी ने अपने विचार रखे। रोचक कहानी के माध्यम सेए ब्लॉगर के माध्यम सेए तो किसी ने लघु फिल्म के माध्यम से जागरूक करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि देश के सम्मानित नागरिक का कर्तव्य निभाएं एवं सभी से वोट करने की अपील भी करें। इंटरनेट मीडिया में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु तरह.तरह के कंटेंट का निर्माण कर पोस्ट करने हेतु भी अपील की गई। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा डीडीसी सादात अनवर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर मनोज डे ज्योति श्री महतो सनातन महतो अंजली महतो समेत अन्य मौजूद रहें।

## सुरक्षा बलों के ठहराव को लेकर तैयारी की समीक्षा



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स सीएपीएफ के लिए चिह्नित ठहराव स्थलों व सभी मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी एएमएफ व अन्य आवश्यक व्यवस्था की समीक्षा की। इस क्रम में शौचालय बाथरूम पेयजल निर्बाध पानी की सप्लाई बिजली कनेक्शन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि भवन में सीएपीएफ के लिए उचित संख्या में शौचालय व स्नानागार का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने शौचालय निर्माण के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ग्रामीण एसपी श्री कपिल चौधरी उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवर नगर आयुक्त श्री रवि राज शर्माए डीएसपी मुख्यालय श्री एस कांतीए वरीय पदाधिकारी निर्वाचन कोषांग श्री प्रदीप कुमार शुक्ला सीआरपीएफ के कमांडेंट श्री एस डी त्रिपाठीए सहायक कमांडेंट श्री संजीव कुमारए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री सुनिल कुमार सिंहए जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारीए जिला शिक्षा अधीक्षक श्री भूतनाथ रजवार के अलावा बीसीसीएल के प्रतिनिधि पीएचईडी भवन प्रमंडल विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

## रागिनी सिंह के समर्थक की जम कर पिटाई, ढुल्लू समर्थक पर आरोप



**छानबीन में जुटी पुलिस**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** लोयाबाद थाना क्षेत्र के एकड़ा पुल के समीप मंगलवार की सुबह सुजीत केवट नामक युवक की कुछ लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। वह सिंह मेंशन की भाजपा नेत्री रागिनी सिंह का समर्थक बताया जाता है और मारपीट करने वाले लोग बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो के समर्थक बताए गए हैं। बताते हैं कि कोयले के वर्चस्व को लेकर इस मारपीट में जमकर लाठी, डंडे, पत्थर व लोहे के रड का इस्तेमाल किया गया। सुजीत केवट के दोनों हाथ व एक पैर में गंभीर चोट है। आनन फानन में उसे परिजनों ने धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका लिाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बताई जाती है। अस्पताल में उसने पुलिस को जो बयान दिया है, उसमें ढुल्लु महतो के समर्थकों परआरोप लगाया गया है। कहा है कि उसे उठाकर 14 नंबर बस्ती ले जाया गया एवं उसके साथ मारपीट की गई। मालूम हो कि लोयाबाद थाना क्षेत्र में इसके पहले भी कोयले के धंधे में वर्चस्व को लेकर गुटों के बीच मारपीट हो चुकी है। फिलहाल पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

## चुनाव में गलती से भी कोई गलती नहीं हो

- **उपायुक्त ने कहा आरओ हैंडबुक मैनुअल के अनुसार करें कार्य**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी एआरओ रिटर्निंग ऑफीसर आरोद्ध हैंडबुक मैनुअल के अनुसार कार्य करेंए जिससे चुनाव में गलती से भी कोई गलती होने की गुंजाइश नहीं रहे। ईवीएम की कमिश्निंग समय पर पूरी करे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने मंगलवार सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के दौरान उपरोक्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कृषि बाजार समितिए धनबाद पॉलिटेक्निक एवं निरसा पॉलिटेक्निक से मतदान सामग्री डिस्पैच की जाएगी। जबकि मतदान संपन्न होने के बाद सभी सामग्री कृषि बाजार समिति प्रांगण में निर्मित स्ट्रांग रूम में रिसीव की जाएगी। इसलिए सभी संबंधित एआरओ एक बार कृषि बाजार समिति का भ्रमण कर अपने विधानसभा क्षेत्र से संबंधित हॉल को देख ले। चुनाव सामग्री कहां और कैसे रखनी हैए पहले से तय कर ले। साथ ही अपने संबंधित डिस्पैच सेंटर का भ्रमण कर सामग्री रखने के लिए कमरों को चिह्नित कर ले। बैठक के दौरान ईवीएम से संबंधितए मतदान के बाद ईवीएम प्राप्त करने के लिए कर्मियों की प्रतिनियुक्तिए चुनाव सामग्रीए वाहनए इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूमए सीसीटीवी इत्यादि की समीक्षा की गई।वहीं चंदनकियारी और बोकारो के एआरओ को अपने.अपने रूट चार्ट बोकारो के पुलिस अधीक्षक एवं धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक को सूचित करने के लिए कहा।





**बैठक में थे उपस्थित**

बैठक में उपायुक्त के अतिरिक्त उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवरए नगर आयुक्त श्री रवि राज शर्माए निदेशक डीआरडी श्री राजीव रंजन अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमारए डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी श्री जियाउल अंसारीए वरीय उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रदीप शुक्लाए उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री कालीदास मुंडाए निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री नियाज अहमदए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री सुनिल कुमार सिंह व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर में

### नाबालिग को भगाने के आरोप में दो गिरफ्तार





**गिरिडीह।** गिरिडीह की तिसरी थाना पुलिस ने शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग को भगा ले जाने के मुख्य आरोपी आफताब अंसारी समेत दो आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। नाबालिग को धारा 164 के बयान के लिए गिरिडीह कोर्ट भेजा गया है। तिसरी थाना पुलिस ने तकनीकी उपायों से अपहृत नाबालिग को गुप्त सूचना के आधार पर बंगाल के कोलकाता से बरामद किया। कोलकाता पुलिस के सहयोग से आरोपी आफताब को भी कोलकाता से ही गिरफ्तार किया, जबकि उसके दूसरे साथी निशार अंसारी को उसके घर से दबोचने में तिसरी पुलिस सफल रही। बताया जाता है कि आफताब का सहयोग उसके दो साथी ने किया था, जिसमें एक तिसरी के पपीलो गांव निवासी निशार अंसारी के अलावा गांवा का एजाज अंसारी शामिल है, जिसने दूसरे समुदाय की नाबालिग को भगा ले जाने में मदद की थी। इस दौरान नाबालिग के पिता ने तिसरी थाना में लिखित आवेदन दिया, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई।

### जदयू का प्रतिनिधिमंडल एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो से मिला



**धनबाद।** धनबाद जिला जनता दल यू के जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल धनबाद लोकसभा सीट के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो से उनके आवास पर मिला और गुलदस्ता देकर स्वागत किया। प्रतिनिधि मंडल ने जदयू पार्टी की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में जदयू ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रूपेश पासवान, युवा प्रकोष्ठ के महासचिव आदित्य पासवान, जिला सचिव महेश सिंह शामिल थे।

## एआईआरएफ का शताब्दी समारोह शुरू

**धनबाद के प्रतिनिधि फिर दुहरायेंगे पुरानी पेंशन की मांग**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन का शताब्दी वर्ष समारोह मंगलवार को नई दिल्ली में शुरू हो गया। एआईआरएफ के स्थापना के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में यह समारोह आयोजित किया गया है। भारतीय रेल का यह सबसे बड़ा श्रमिक संगठन है, जिसकी स्थापना वर्ष 1924 में हुई थी। यह जानकारी एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रीय सभा, फेडरेशन की वर्किंग कमेटी की बैठक, रैली आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम 26 अप्रैल तक चलेगा। धनबाद से यूनियन के सदस्य बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंच चुके हैं और कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो जियाउद्दीन ने बताया कि शताब्दी वर्ष समारोह में रेलकर्मियों द्वारा पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के लिए केन्द्र सरकार पर दबाव बनाया जाएगा।



## चिरकुंडा में मतदाता जागरुकता रैली

**मैथन।** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा मंगलवार को मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। रैली वार्ड संख्या 17 में पहुंची और मतदाताओं को मतदान कैसे करें, डेमो कर बताया। मौके पर विभाग के सहायक अभियंता अंकित परासर ने मतदाताओं मतदान क्यों करना चाहिए, इसपर प्रकाश डाला। कहा कि नए वोटरों को जोड़ने के लिए फार्म 6 भरना है। वोट देना क्यों जरूरी है, इसके लिए मतदाताओं को समझाया गया। उन्होंने लोगों से निर्भीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील की और लोगों को शपथ भी दिलाई। मौके पर निवर्तमान पार्षद अभया राखा, हेमल राखा, सीआरपी टुम्पा राखा, टुम्पा मंडल, सुपरवाइजर अमर दास, चिनमय बनर्जी, ओंकारनाथ श्रीवास्तव, अनिल साव आदि मौजूद थे।



### सविमं सिंदरी में हनुमान जयंती और वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव



सिंदरी : सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी में मंगलवार को हनुमान जयंती और वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। स्थानीय वीर कुंवर सिंह चौक पर स्कूल के प्राचार्य सुनील कुमार पाठक सहित छात्र छात्राओं ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि वीर कुंवर सिंह समिति सिंदरी के अध्यक्ष कांति सिंह ने वीर शहीद के संघर्षपूर्ण जीवन को याद किया। स्कूल के प्राचार्य ने कहा कि हमें देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीदों से देशभक्ति सीखने की जरूरत है। मनुष्य के मन में दृढ़ इच्छा हो तो कोई बाधा हमें विचलित नहीं कर सकती है। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक डॉ भास्कर झा, सत्येंद्र तिवारी, सतीश चंद्रा, विनय कुमार सिंह, संतोष पाठक, सौरभ कुमार, संध्या कुमारी, सरोज तिवारी सहित विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद थे।

### गोविंदपुर के मंदिरों में मना हनुमान जन्मोत्सव

**गोविंदपुर।** हनुमान जयंती पर गोविंदपुर के विभिन्न मंदिरों में कई अनुष्ठान हुए । अग्रसेन भवन परिसर स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर गोविंदपुर में हनुमान जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर बुलबुल केजरीवाल की टीम ने भजन कीर्तन किया। पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जियलगढ़ा ठाकुरबाड़ी में श्री राम जन्म छठियारी महोत्सव भक्ति भाव से मनाया गया। सोमवार रात कीर्तन किया गया और मंगलवार को जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने होली भी खेली। भंडारा में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद पाया। कार्यक्रम में ठाकुरबाड़ी के महंत कौशल किशोर महाराज, तारापद कुमार, सिद्धेश्वर पंडित, अखिलेश मिश्रा, नीरज मिश्रा, संजय उपाध्याय मौजूद थे।

# धनबाद बस डिपो था कभी शहर की शान, अब वीरान

- **आज तक नहीं बन सका यात्री शेड**

मिथिलेश कुमार

**धनबाद।** कभी शहर की शान हुआ करता था धनबाद का बस डिपो। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बसें रुकती थीं और यात्रियों से भरी बस जब रवाना होती थी, तो पूरा स्टैंड एक अजीब से कोलाहल और चहल-पहल से भर उठता था। परंतु शानदार काल का साक्षी वही धनबाद का बस डिपो अब दुर्दिन की घड़ियां गिन रहा है। यात्रियों की चहल-पहल तो है, परंतु सुविधाएं गायब हैं। कतरास के लिलोरी स्थान के पास नया बस स्टैंड बनाने की घोषणा भी टांय टांय फिस्स साबित हुई। उसी तरह डिपो के सौंदर्यीकरण का ख्वाब दिखा कर नगर निगम भी खामोश हो गया। उम्मीदें खत्म हो चुकी हैं, मगर भरोसा कायम है। उसी भरोसे के बल पर यह बस स्टैंड अब भी निजी बस मालिकों का प्रिय स्थल बना हुआ है। सौंदर्यीकरण वाले सवाल पर निगम के अधिकारी कहते हैं कि अभी तो चुनाव का समय है। हालांकि बस डिपो के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव विभाग को भेजा जा चुका है। स्वीकृति मिलेगी तो काम भी होगा। परंतु कब, इस सवाल का कोई साफ जवाब नहीं है।



**भीषण गर्मी में पानी का नल तक नहीं**

बस डिपो से बिहार, झारखंड और बंगाल के विभिन्न हिस्सों तक बसों का आवागमन हर रोज होता है। बड़ी संख्या में यात्री भी आते हैं। लेकिन उन्हें पीने के पानी के लिए सबसे ज्यादा परेशानी होती है। भीषण गर्मी में भी कोई इस बात की सुध लेने को तैयार नहीं। बोतल बंद पानी ही एकमात्र सहारा है। यात्रियों के बैठने के लिए शेड भी नहीं है। खाने पीने के सामान के लिए ठेला-खोमचे वालों का सहारा है या परिसर में झोपड़ीनुमा होटलों का रुख करना पड़ता है, जहां न साफ-सफाई का कोई खयाल है और न खाद्य पदार्थों की शुद्धता की गारंटी है।

**न रोशनी का प्रबंध न टिकट काउंटर**

रात में रोशनी का प्रबंध भी आधा अधूरा है। बस का टिकट कटाना हो तो कोई काउंटर नहीं है। एजेंट चिल्ला चिल्ला कर यात्री बटोरते हैं और बस में बैठाने के बाद टिकट बनाते हैं। कुछ काउंटर हैं भी तो उसे बस मालिकों ने शेड बनाकर खुद के बैठने-उठने की कामचलाऊ व्यवस्था बना रखी है। यहां खाने पीने की सामग्री भी टाट में ही बिकती है।

**बड़ोदरा की तर्ज पर जीर्णोद्धार की हुई थी घोषणा**

19 जुलाई 2017 को तत्कालीन मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने गुजरात के बड़ोदरा शहर की तर्ज पर बस डिपो के जीर्णोद्धार की घोषणा की थी। 250 करोड़ की लागत से इंटर स्टेट बस टर्मिनल का निर्माण होना था। प्रस्ताव तैयार हुआ, डीपीआर भी बना। मगर कुछ ही दिन बाद सब कुछ शांत हो गया। कुछ साल बाद नगर आयुक्त ने बस डिपो में यात्री शेड,आधुनिक शौचालय, वेटिंग हॉल,पेयजल, छोटा मार्केट कांप्लेक्स के निर्माण की घोषणा की। मगर सब कुछ हवा हवाई साबित हुआ. हुआ कुछ नहीं। अब 8 लेन सड़क के किनारे लिलोरी मंदिर के समीप 18 एकड़ सरकारी जमीन पर उनकी नजर है। मगर धरातल पर काम अब भी दिखाई नहीं पड़ रहा है।

**उजड़ गया है बस डिपो का कार्यालय**

एकीकृत बिहार में धनबाद बस डिपो की गिनती राज्य के कुछ बड़े बस स्टैंडों में होती थी। यहां पथ परिवहन निगम के कमिश्नर भी बैठते थे। उनका कार्यालय बस डिपो के पीछे हुआ करता था, जहां उनके साथ कर्मचारियों का बड़ा दल काम करता था। स्टैंड भी व्यवस्थित हुआ करता था। कमिश्नर का कार्यालय अब खंडहर में तब्दील हो चुका है। यह अब जिला परिवहन विभाग के अधीन है, लेकिन देख रेख करने वाला कोई नहीं है। बस डिपो अभी नगर निगम के अधीन है। इसके आधे से अधिक हिस्से में कचरे की दुकान चल रही है। कबाड़ में तब्दील हो चुके वाहन, कूड़ों । ढेर, कम्पैक्टर स्टेशन, सफाई एजेंसी रेमकी का वर्कशॉप और जंगल-झाड़ नजर आते हैं।

स्पीड न्यूज

## जीटी रोड नेरो मोड़ के समीप मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत जीटी रोड नेरो मोड़ के समीप मंगलवार की शाम एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पाई गई। मृतक की उम्र लगभग 65 वर्ष बताई गई है। इस संबंध में बागसुमा पंचायत के मुखिया निमाई महतो की सूचना पर गोविंदपुर पुलिस पहुंची और लाश को अपने कब्जे में लिया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है मुखिया ने बताया कि वह व्यक्ति पिछले तीन-चार दिनों से जीटी रोड के किनारे भटक रहा था। शायद उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

## कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में निकाली जागरुकता रैली

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव में औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र में सिंदरी विधानसभा क्षेत्र में बलियापुर के कुंभकार टोला, कर्मकार टोला, गोराई टोला, बाद टोला, बाउरी टोला,दत्ता टोला,दास टोला में मतदाताओं को जागरूक और उनकी शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा की अगुवाई में मंगलवार को जागरुकता रैली निकाली गई। विदित हो इन क्षेत्रों में विगत संसदीय चुनाव में राष्ट्रीय औसत से मतदान प्रतिशत कम था। राजकीय उच्च विद्यालय परसबनिया के ईएलसी छात्र-छात्राओं ने मतदाताओं से 25 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनश्चित करने की अपील की। मतदाताओं को स्वतंत्र एवं निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। रैली में विद्यालय के ईएलसी के सभी सदस्य छात्र, शिक्षक, क्षेत्र के बीएलओ, पर्यवेक्षक, स्वीप नोडल पदाधिकारी एवं महिला प्रसार पदाधिकारी ने भाग लिया।

## हनुमान जयंती पर एकल अभियान की शोभा यात्रा

**धनबाद।** हनुमान जयंती पर मंगलवार को एकल अभियान की ओर से शहर में शोभा यात्रा निकाली गई। अपराह्न चार बजे यात्रा शुरू हुई। भूईंफोड़ मंदिर से यात्रा शुरू होकर रणधीर वर्मा चौक स्थित हनुमान मंदिर में आरती के साथ समापन किया गया। यात्रा के माध्यम से वनवासी समाज को शिक्षा व खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ानेए अंतिम व्यक्ति में आत्मनिर्भरता को प्रेरित करनेए स्वाभिमान जागृतिए गौ गंगा गायत्री के संरक्षण व संवर्धन एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया जाएगा।मौके पर बड़ी संख्या में हनुमान भक्त शामिल हुए। केदारनाथ मित्तल ने बताया कि इस बार शोभायात्रा का संदेश गोरक्ष का संकल्प है। वही उन्होंने यह भी बताया कि शोभायात्रा को लेकर प्रशासन की ओर से दंडाधिकारी नियुक्त किया गया है। समिति की ओर से शोभायात्रा में अनुशासित पर जोर दिया गया।

## तेज रफ्तार टोटो ने ठेले को मारी ठोकर

**कतरास।** कतरास थाना क्षेत्र में मंगलवार को थाना चौक से भटमुरना जाने वाले मार्ग पर खेमका पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार टोटो ने खुशी फेमस जलेबी बेचने वाले के ठेले में जोरदार टक्कर मारी, जिससे ठेला पर रखा जलेबी बनाने का सारा सामान सड़क पर बिखर गया। ठोकर से ठेला भी क्षतिग्रस्त हो गया। बाद में पुलिस उसे पकड़ कर ले गई।

# कार्यकर्ता टीम बनाकर घर-घर मांगें भाजपा के लिए वोट : बाबूलाल मरांडी

चुनावी अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोविंदपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भाजपाइयों से टीम बनाकर शहर एवं गांव में घर-घर जाकर वोट मांगने तथा केंद्र सरकार की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। मंगलवार को सुबह राजविलास रिजॉर्ट कौवाबांध में उन्होंने कहा कि जिला एवं मंडल स्तरीय टीम प्रत्येक मतदाता से संपर्क साधे, ताकि भाजपा की जीत बड़े अंतर से हो। उन्होंने कहा कि भाजपा के पक्ष में पूरे क्षेत्र में आंधी है। अब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि एक-एक मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को खुद को प्रत्याशी मानकर कड़ी मेहनत करनी होगी,तभी शानदार परिणाम निकलेगा और कमल खिलेगा। इस अवसर पर प्रत्याशी विधायक ढुल्लू महतो, लोकसभा प्रभारी सुरेश साव, सिंदरी विधानसभा प्रभारी संजीव अग्रवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य ज्ञानरंजन सिन्हा, धनबाद महानगर अध्यक्ष श्रवण राय, ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, जिला उपाध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल, मोहन कुंभकार, प्रकाश शर्मा, बाबू भगत आदि मौजूद थे।

## डीसी ने किया बज्रगृह सह डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने आज बाजार समिति स्थित चिन्हित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया।इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने टुंडी विधानसभाए बाघमारा विधानसभा एवं सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग पार्टी को विधानसभावार बैठने के स्थानों एवं डिस्पैच करने हेतु चिन्हित स्थानों समेत कई अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। डिस्पैच के अलावा उन्होंने रिसीविंग हेतु काउंटर निर्माण के लिए चिन्हित स्थानों का भी मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने ने पोलिंग पार्टियों के बैठने समेत मूलभूत सुविधाओं हेतु चल रही तैयारियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने रिसीविंग हेतु विधानसभा बार काउंटर निर्माण हेतु भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्राए उप विकास आयुक्त सादात अनवर अपर समाहर्ता विनोद कुमार डीआरडी निदेशक राजीव रंजन एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला डीसीएलआर संतोष गुप्ता उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा समेत अन्य मौजूद रहे।



### मतदान में बढ़ चढ़कर लें हिस्सा

**गिरिडीह।** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त आज समाहरणालय सभागार कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में बैंकएसीसीएल व अन्य सेंट्रल कार्यालयों के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा आम चुनाव एवं गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव के कार्य सम्पन्न कराने के निमित्त मतदान दल एवं अन्य कार्यों में प्रतिनियुक्ति अधिकारियोंए कर्मियों की जानकारी प्राप्त की और उन्हें उनके दायित्व की जानकारी दी।

# सिंदरी में बाबू कुंवर सिंह का मना विजयोत्सव

### कुंवर सिंह ने अंग्रेजों को मुंहतोड़ जवाब दिया था : प्राचार्य

**धनबाद।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में अमर स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने कहा कि कुंवर सिंह ने अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के खिलाफ बिहार को एकजुट किया एवं उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया। उनके हाथ में अंग्रेजों ने गोली मार दी। बावजूद वह रुके नहीं। उन्होंने अपना हाथ काट कर गंगा को समर्पित कर डाला। अंग्रेज उन्हें सबसे बड़ा शत्रु मानते थे। प्राचार्य ने बताया कि अपने लिए तो हर कोई जीता है, लेकिन देश की खातिर जीने वाले लोगों की संख्या बहुत कम है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे स्वतंत्रता सेनानियों के विचार अपने जीवन में उतारने चाहिए।

स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूत थे बाबू कुंवर सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी ।** देश के स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूत बाबू कुंवर सिंह का विजयोत्सव शहरपुरा चौक पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विभिन्न संगठनों द्वारा धूमधाम से मनाया गया।। कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो की धर्मपत्नी सावित्री देवीए भाजपा नेता गौरव वक्ष और बाबू कुँवर सिंह समिति महासचिव कांति सिंह ने भी माल्यार्पण कर महान सेनानी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर बाबू कुँवर सिंह अमर रहे के नारे लगाए गए। वहीं गौरव वक्ष के समर्थकों ने आतिशबाजी भी की।कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष अरविंद पाठकए कौशल सिंहए विदेशी सिंहए उमाशंकर सिंह जनता मजदूर संघ कुंती गुट के शाखा अध्यक्ष रुपेश कुमारए इंद्रमोहन सिंह कांग्रेस नगर अध्यक्ष अजय कुमार जनता श्रमिक संघ के संयुक्त सचिव सह भाजपा नेता गौरव वक्षए बुद्धिजीवी जन कल्याण मंच के सुरेश प्रसाद ने भी वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया।

### कुंवर सिंह का जीवन प्रेरणा का स्रोत

**धनबाद।** वीर कुंवर सिंह नगर सरायढेला में बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव के अवसर पर मुख्य द्वार के पास निमार्णाधीन प्रतिमा के पास विजयोत्सव दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कुंवर सिंह के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सह दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य उमेश सिंह ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह का जीवन समस्त देशवासियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। अरविंद सिंह ने बताया की कॉलोनी के मुख्य द्वार पर स्थापित कुंवर सिंह की प्रतीमा का बहुत जल्द भव्य अनावरण किया जायेगा।

एक नजर में

## धनबाद जन चेतना मंच के अध्यक्ष बने केदारनाथ मित्तल, अमरेश सिंह महासचिव



**धनबाद।** नवगठित धनबाद जन चेतना मंच की घोषणा मंगलवार को प्रबुद्ध सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के समक्ष की गई। मंच के महासचिव एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह ने बताया कि नवगठित जन चेतना मंच नवीनतम एजेंडा व प्रयासों से धनबाद का कायाकल्प करेगा। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने विकास के मद्देनजर हर महत्वपूर्ण एजेंडा को समर्थन देने का आश्वासन दिया है। मंच के प्रमुख एजेंडा के लिए शहर के प्रबुद्धजनों व आम जनता से राय ली जाएगी। एयरपोर्ट, फ्लाईओवर, ट्रेन, चिकित्सा, शिक्षा, प्रदूषण के समाधान के लिए सभी से राय मशविरा कर राज्य एवं केंद्र सरकार की मदद से त्वरित गति से काम किया जाएगा। जन चेतना मंच के अध्यक्ष केदारनाथ मित्तल, महासचिव अमरेश सिंह, सचिव संजीव बीयोत्रा तथा वाइस प्रेसिडेंट नंदलाल अग्रवाल, गोपाल कटेसरिया, सुरेंद्र अरोड़ा और सोमनाथ प्रुथि है। मंच के कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा शीघ्र की जाएगी।

## चिरकुंडा में मानव सेवा परिवार ने किया शर्बत और ठंडे जल का वितरण

**कुमारधुबी।** हनुमान जयंती के अवसर पर मंगलवार को मानव सेवा परिवार चिरकुंडा द्वारा भीषण गर्मी में राहगीरों को थोड़ी राहत देने के लिए रेल फाटक हनुमान मंदिर में शर्बत व ठंडा पानी का वितरण किया गया। मानव सेवा परिवार गरीब व असहाय के प्रति हमेशा कुछ न कुछ करता रहता है। मौके पर मंजू अग्रवाल,तरुण साव,नंदलाल राउत,सुमन चौधरी, मटरू अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## जामाडोबा में मना हनुमान जन्मोत्सव भजन संध्या में बही भक्ति की बयार

**जोड़ापोखर।** जामाडोबा डुमरी नम्बर स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव सावरिया परिवार एवं स्थानीय लोगों ने मिल कर मनाया। इस अवसर पर शीश मंदिर में हवन पूजन, जलाभिषेक, पुष्पाभिषेक आदि किया गया। भव्य भंडारा का आयोजन हुआ, जिसमें में सभी धर्मावलंबियों ने प्रसाद ग्रहण किया। संध्या में पंकज सावरिया एंड पार्टी ने भजन प्रस्तुत किया। शुभारंभ गणेश वंदना से पंकज ने की। नेहा गुप्ता ने अंजली के लाल बजरंग बाला जी,स्नेहा गुप्ता ने बजरंग बली तेरे नाम का गुजारा, प्रवीण भिवनिवाला ने गुरु देव दया कर हमको अपना लेना के बोल वाले भजन गा कर भक्तों को भक्ति के सागर में गोते लगाने पर मजबूर कर दिया।

# पांड्रा बेजरा नदी घाट पर छापा, 15 पर केस एक गिरफ्तार, पुलिस ने चलाई 17 चक्र गोली

खबर मन्त्र संवाददाता

### छापामारी दल पर तस्करों ने किया हमला

उपायुक्त के निर्देश पर कार्यपालक दंडाधिकारी के नेतृत्व में पांड्या बेजरा नदी घाट पर छापेमारी करने गई थी। जहां पर छापेमारी जल एवं बालू तस्करों के बीच भिड़ंत हो गई थी। जिसमें दोनों ओर से गोलियां चली थी तथा बालू तस्करों की ओर से छापेमारी दल पर लाठी डंडे एवं पत्थरबाजी की गई थी।

**मैथन।** अवैध बालू कारोबार रोकने के लिए छापेमारी करने गई टीम पर बालू तस्करों द्वारा किए गए हमले के मामले में कार्यपालक दंडाधिकारी दीपक कुमार दुबे की शिकायत पर निरसा थाना में 15 लोगों पर नामजद एवं 100 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। वही तस्करी में संलिपित एक हाईवा के चालक ताजुद्दीन अंसारी को छापेमारी दल ने रात में ही गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीणों के विरोध के कारण बालू तस्करी में इस्तेमाल होने वाले जप्त दो हाईवा को बालू तस्करों ने छुड़ा लिया। बालू तस्करों के हमले में छापेमारी में करने गई टीम का बोलेरो संख्या जेएच 10 सीजी 9608 क्षतिग्रस्त हो गया है। साथ ही छापेमारी में गए पुलिस बल के लोग भी घायल हुए हैं। पुलिस ने 17 राउंड गोली चलाकर कार्यपालक दंडाधिकारी एवं गिरफ्तार चालक को बालू तस्करों के चंगुल से छुड़ाकर किसी तरह वहां से निकलने में सफल रहे। अपनी शिकायत में कार्यपालक दंडाधिकारी दीपक कुमार दुबे ने बालू तस्करी में संलिप्त सिकंदर अंसारी नवाब अंसारी खलील अंसारी देवनारायण महतो रहीम अंसारी सद्दाम अंसारी सफीदिन अंसारी उर्फ गुज्जू वजीर मियां मुस्ताक अंसारी अलीम अंसारी नियाज खान डब्लू मलिक आफताब अहमद फारुख अंसारीए शराफत अंसारी ने छापेमारी दल पर हमला बोल दिया। उन लोगों के कहने पर अज्ञात 100 लोग आ गए तथा उन लोगों के पक्ष में हम लोगों पर हमला किया।

## क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता

**गिरिडीह।** श्री हनुमान जन्मोत्सव सह क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस के उपलक्ष में क्रीड़ा भारती द्वारा गोल्ड फिटनेस जिम मे जिला स्तरीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे जिले के अलग अलग जिम से 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरूआत बजरंगबली को पुष्प अर्पित कर किया गया। क्रीड़ा भारती गीत खेल खिलाड़ी खेल सभी ने सामूहिक रूप में गाया। क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष राजेंद्र तरवे ने बताया कि संस्था की ओर से कुछ न कुछ प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। इसके तहत ही आज इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला मंत्री अमित स्वर्णकार ने कहा कि क्रीड़ा भारती का उद्देश ही भारत के सभी नागरिक को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखना है जिसके निमित आज बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता को जूनियर आयु वर्ग के दो वेट कटेगरी में कराया गया जिसमे अंडर 60 किलोग्राम में प्रथम सुजल कुमारए सेकंड अमित चंद्रवंशीए सत्यम सिंहएऔर ओवर 60 किलोग्राम में प्रथम सौरभ कुमार द्वितीय अभय गुप्ता और तृतीय ज्ञानेन्द्र कुमार रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला अध्यक्ष राजेंद्र तरवे जिला मंत्री अमित स्वर्णकार के अलावा सुधीर आनंद आकाश कुमार स्वर्णकार शशिकांत विश्वकर्मा शामिल हैं।

## आर्मी की तैयारी कर रहे युवकों ने मतदान को लेकर ली शपथ

**गिरिडीह।** लोकसभा आम निर्वाचन व गांडेय विधानसभा उप चुनाव के तहत गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने व व्यापक जन जागरूकता मतदाता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को गिरिडीह नगर निगम द्वारा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के तहत शहर के सर्कस मैदान में योद्धा एकाडेमी द्वारा आर्मी की तैयारी कर रहे युवक.युवतियों के बीच लोकतंत्र के महत्व को बताया गया। इस दौरान उपस्थित युवक.युवतियों के बीच टी.शर्ट एवं टोपी का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित अशोक कुमार हांसदाए सहायक नगर आयुक्त ने उपस्थित युवक.युवतियों को मतदान हेतु शपथ दिलाया।

उन्होंने कहा कि हम सभी को लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़.चढ़ कर हिस्सा लेना है। कहा कि हम सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग कर राष्ट्र के निर्माण व विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी है। आनंद राज नगर प्रबंधक ने कहा कि मतदान की प्रतिशत बढ़ाने के लिए हमें स्वयं और अन्य को भी जागरूक करना है। कहा कि मजबूत लोकतंत्र ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकता है इसलिए हम सभी को मतदान की तिथि को मत का प्रयोग अवश्य करना है।

## अबकी बार 400 पार का लक्ष्य हासिल करने के लिए जुट जाएं कार्यकर्ता : राज सिन्हा

भाजपा मंडल के बूथ स्तरीय सम्मेलन में प्रत्याशी ढुल्लू महतो भी थे मौजूद

**धनबाद ।** बैंक मोड़ भाजपा मंडल अंतर्गत बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन मंगलवार को हुआ, जिसकी अध्यक्षता शिवेंद्र सिंह सोनू नें की। सम्मेलन में धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो, धनबाद विधायक राज सिन्हा मौजूद थे। लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने इतना अच्छा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन करने के लिए आभार प्रकट किया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करें और साथियों से भी पार्टी के पक्ष में मतदान कराएं। उन्होंने नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने की अपील भी की। विधायक राज सिन्हा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य है 400 पार । इससे उद्देश्य की पूर्ति के साथ सभी कार्यकर्ता अपने बूथ में लग जाएं और पिछली बार से 10% वोट बढ़ाने का काम करें। लोकसभा चुनाव प्रभारी सुरेश साहू ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में जो पार्टी ने काम किया है, उसको जन-जन तक पहुंचाकर पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने का प्रयास करें। सम्मेलन का संचालन सनी कुमार व धन्यवाद ज्ञापन नीरज सिन्हा ने किया। सम्मेलन में नितिन भट्ट, मानस प्रसून, रामदेव महतो, प्रितपाल सिंह आजमानी, विकास कंधवे, संजय गोस्वामी, शंकर तिवारी, प्रेम श्रीवास्तव, प्रेम गंगेसरिया, चंदन राय, नवल साव, अनिल प्रसाद, सिंटू कुमार, टिंकू खत्री, बिनोद सिंह, जितेंद्र मालाकार, अर्जुन विश्वकर्मा, विजय प्रसाद आदि मौजूद थे।

## भूली में याद किये गए बाबू वीर कुंवर सिंह



**भूली।** भूली में मंगलवार को नागरिक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले बाबू वीर कुंवर सिंह का विजयोत्व धूमधाम से मनाया गया। सी ब्लाक स्थित वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर मोर्चा के लोगों ने श्रद्धसुमन अर्पित किये। मोर्चा के अध्यक्ष डॉ बालेश्वर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में बाबू वीर कुंवर सिंह ने अस्सी वर्ष की उम्र में अंग्रजों का मुकाबला किया और परास्त कर दिया। हमें उनकी नेतृत्व क्षमता और आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिस तरह बाबू वीर कुंवर सिंह ने अंग्रजों का मुकाबला किया, उसी तरह हमें राष्ट्र के लिए योगदान देना चाहिए। राष्ट्र के निर्माण और मजबूती के लिए चल रहे लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष डॉ बालेश्वर प्रसाद कुशवाहा, जगदीश प्रसाद राय, नगीना पासवान, कपिल ठाकुर, राधेश्याम पासवान आदि मौजूद थे। ए ब्लाक चौक स्थित बाबू वीर कुंवर सिंह की आदामकद प्रतिमा पर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

## विहिप और बजरंग दल ने निकाली शोभायात्रा

**सिंदरी ।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के बैनर तले हनुमान जन्मोत्सव पर रांगामाटी जय माता दी मंदिर परिसर से मंगलवार को जय श्री राम और जय हनुमान के नारे के साथ भव्य और आकर्षक शोभा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी ढुलू महतो की पत्नी सावित्री देवी ने भी जय माता दी मंदिर में माता और हनुमान जी की पूजा अर्चना की। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के जिला मंत्री विकास गिरी उर्फ सोनू गिरी ने भगवान श्री राम की मूर्ति की स्थापना हेतु जय माता दी मंदिर परिसर में आधारशिला रखी। गाजे बाजे के साथ हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण बनारस का महाकाल ग्रुप की झांकी थी। इसमें शिव व पार्वती रुपी कलाकार विशालकाय नंदी पर बैठकर गणों के साथ करतब करते दिखाई दिए। त्रिशूल से आग निकालने की कला देखकर सिंदरी की जनता मंत्रमुग्ध हो गई। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री के नेतृत्व में सैकडों युवकों ने गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा में जय श्रीरामए जय बजरंग बली का नारेबाजी करते हुए शहर का भ्रमण कर रोहड़ाबाँध हनुमान मंदिर पहुंचे और महावीरी झंडा स्थल पर झंडा को स्थापित कर शोभायात्रा समाप्त हुई। इसके बीच आर एल कालोनी में जिला मंत्री ने महावीरी पताका लगाया।

# प्यास बुझाने के लिए लोगों की पसंद बन रहा है मिट्टी का बोतल

प्लास्टिक भगाओ मिट्टी का बोतल अपनाओ

सौरभ पांडेय



**धनबाद।** कोयलांचल की गर्मी पूरे झारखंड में चर्चित है। एक ओर जहां भूमिगत आग लहकी हुई है तो ऊपर सूर्य भगवान अपनी ताप बरसाने से बाज नहीं आ रहे हैं। गला तर करने के लिये धनबाद के विभिन्न स्थानों पर स्वयमसेवी संस्थाओं ने राहगीरों के लिये प्याऊ की व्यवस्था की है। लेकिन कोई जरूरी नहीं कि हर घर में फ्रिज हो। श्रमिक बहुल क्षेत्र में आज भी मिट्टी के घड़े और सुराही की मांग है और उसकी शीतलता लोगों को बहुत हद तक राहत प्रदान कर रही है। अब नई ईजाद मिट्टी के बोतलों की हुई है। भीषण गर्मी में प्लास्टिक की बोतलों में भरा पानी भी गर्म हो जाता है। ऐसे में आपको फ्रिज की तरह शीतलता और मिट्टी के बने घड़े वाला स्वाद मिल जाए तो कहना ही क्या। ऐसा संभव हो पाया है मिट्टी के बने उन कैप लगे पानी की बोतलों के कारण जिन्हें कहीं भी ले जाने में सहूलियत होती है। इन बोतलों को बनाने वाले धनबाद के कुम्हारों का कहना है कि कोई विकल्प ना होने के कारण लोग इन बोतलों का उपयोग करने को मजबूर हैं लेकिन अब मिट्टी के बने इन बोतलों को बाजारों में हाथों हाथ लिया जा रहा है। हमने इन बोतलों में कैप ;ढक्कनद्ध भी लगा दिया है। कलरफुल और डिजायनर बोतलें भी उपलब्ध वैसे कुछ कुम्हार इसे व्यवसायिक तौर पर ज्यादा लाभदायक बनाने के लिए डिजाइनर और कलरफुल बना रहे हैं। इन पर पेड़ए पौधेए पशु.पक्षी की नक्काशी इन्हें आकर्षक लुक देती है। ऐसे में इन बोतलों का क्रेज दिख रहा हैं।

### ग्राहकों को लुभा रहा मिट्टी का बोतल

मिट्टी की बोतल बेचने वाले दुकानदर नंदू कुम्हार पंडित का कहना है कि बाजार में मिट्टी की बोतल और मिट्टी की सुराही लोगों को खूब पसंद आ रही है। बाजार में एक लीटर और सवा लीटर क्षमता वाले मिट्टी के बोतल ढक्कन के साथ उपलब्ध हैं।

### हवा से आक्सीजन अवशोषित करता है मिट्टी का बर्तन

मिट्टी का बर्तन हवा से आक्सीजन अवशोषित करता है। इससे ठंडक बनी रहती है। दूसरा लाभ इसमें मिनरल्स के अलावा अन्य आवश्यक खनिज तत्वों का होना है। गर्मी में मिट्टी के बर्तन में पानी एक नियमित तापमान में रहता हैए जिससे शरीर का तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहता है। इस तरह के बोतल में पानी ज्यादा देर ठंडा रहता है।

**रोहित गौतम चिकित्सा पदाधिकारी धनबाद**

# भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से मिलकर उनका हाल समाचार पूछा

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी क्षेत्र के दिग्घी, भगैया, कजरैल, बेलवा, धनकोल, चांदा, मोरडीहा, बिहारी आदि गांव में निवर्तमान सांसद निशिकांत दुबे ने मंगलवार को कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से मिलकर बातचीत किया। इस दौरान उन्होंने कई कार्यकर्ताओं के साथ कहीं शरबत, तो कहीं चाय, तो कहीं समोसा, कहीं अल्पाहार आदि का आनंद उठाया। धनकोल गांव में कार्यकर्ता हरि नारायण महतो के निवास पर भोजन और भगैया में विष्णु राम की अगवाई में नाश्ता का भी लुत्फ उठाया सभी जगह पर ग्रामीणों का हाल-चाल लिया और ग्रामीणों की बातों को भी सुना। कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों द्वारा निवर्तमान सांसद निशिकांत दुबे का फूल माला, शॉल आदि से स्वागत भी किया गया। चांदा गांव में ग्रामीण मुन्नी रानी आदि महिलाओं द्वारा भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे रसोई गैस, चूल्हा, प्रति व्यक्ति पांच किलोग्राम अनाज आदि की उपलब्धि बताया। वहीं कई ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या बताया। किसानों ने भोड़ा बराज को वृहत तौर पर विकसित करते हुए बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का मांग किया। इसी प्रकार सभी जगह पर निवर्तमान सांसद सीधे तौर पर ग्रामीण, किसानों,मजदूरों से रूबरू हुए। जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा, निरंजन कुमार सिन्हा, राजेश उपाध्याय, राजेश लाला, इंद्रदेव चौबे, हरिनारायण महतो, विष्णु राम, डॉ संजय, बलराम कुशवाहा, प्रिया सिंह, संतोष आनंद, जय किशोर महतो, विनय कुमार साह, गनोरी शाह, अजय कुमार साह, नंदकिशोर पोद्दार, सिंटू कुमार, पंकज शुक्ला, लक्ष्मीकांत झा, प्रेम शंकर शुक्ला, राजेश ठाकुर, राजेश शाह सहित कार्यकर्ता, ग्रामीण, किसान, मजदूर आदि थे।

### ठाकुर गंगटी प्रखंड के चांदा ग्राम पहुंचे निशिकांत



भाजपा प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे मेहरमा और ठाकुर गंगटी प्रखंड के कई गांवों मे जाकर अपने प्रशंसकों और कार्यकर्ताओं से मिले। इसी क्रम में ठाकुर गंगटी प्रखंड के चांदा ग्राम में प्रमोद सिंह के घर पर भी उनके स्वागत में कई समर्थकों ने उनसे गर्मजोशी के साथ मुलाकात की। जिनमें डॉ हिमांशु शेखर सिंह, सुधांसु कुमार सिंह, जय कुमार सिंह मनोज महतो, ओमप्रकाश महतो, केवल यादव ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर डॉ दुबे को ये आश्वस्त किया यहां हर घर में आपके कार्यकर्ता हैं जो तन मन धन तीनो से आपके साथ खड़े हैं।

# दुमका : ज्ञान एवं व्यवहार विषय पर एसकेएमयू के शिक्षक देंगे सलाह





खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय प्रषासनिक टीम रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित रेडियो खांची में 'मानसिक स्वास्थ्यः ज्ञान एवं व्यवहार' विषय पर वार्ता दिया। वार्ता एसकेएमयू के पीजी मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष सह मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया सह मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र निदेशक डॉ विनोद कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ शर्मा ने इस बात को केंद्रित किया मानसिक स्वास्थ्य को नहीं हीनता के भाव से देखा जाना चाहिए और नही अंधविश्वास में पड़ लोगों की जिंदगी खराब करनी चाहिए। एक स्वास्थ्य वातावरण का निर्माण होना चाहिए। जहां छात्रां व युवाओं को आत्महत्या करने से नहीं केवल बचा सके। एसकेएमयू के मनोविज्ञान शिक्षकों के लिए संभवतः यह पहला मौका था। जहां उक्त विषय पर विचार रखने का अवसर मिला। रेडियो खांची के 90.4 एफएम पर इसका प्रसारण 29 अप्रैल को सुबह 11.10 पर होगा। डॉ शर्मा ने केंद्र के निदेशक डॉ भगवती प्रसाद सिंह के प्रति हार्दिक आभार जताया। साथ ही डॉ शर्मा व रेडियो खांची के निदेशक डॉ सिंह से एसकेएमयू में भी समायुदायिक रेडियो सेवा कैसे खुले इस बात को लेकर भी कई तकनिकी व व्यवहारिक बिन्दुओं पर चर्चा किया। चर्चा के दौरान एसकेएमयू के कुलसचिव डॉ विनय कुमार सिन्हा एवं सीसीडीसी डॉ अब्दुस सत्तार उपस्थित थे। यह कार्यक्रम तकनीकी सहयोगी प्रमोद मिश्रा के सहयोग से संपादित हुआ। जिसका संचालन आर जे वैभवी ने की।

## एक नजर में

### अधिवक्ताओं द्वारा कुटुंब न्यायालय के नवपदस्थापित जज का स्वागत



बोकारो। बोकारो फैमिली कोर्ट के नवपदस्थापित जज प्रथम अरविंद कुमार ने पदभार ग्रहण किया जो 2002 बैच के न्यायिक पदाधिकारी हैं। प्रधान जिला जज में इनकी पदोन्नति 28 मार्च 2022 को हुई थी। इससे पहले वह गढ़वा धनबाद हजारीबाग रांची लोहरदगा साहिबगंज राजमहल चतरा गिरिडीह देवघर में न्यायिक पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के पश्चात बोकारो कोर्ट में अरविंद कुमार का इंडियन एसो ऑफ लॉयर्स की ओर से नेशनल काउंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। अधिवक्ता वंशिका सहाय, संजीत सिंह दीपिका सिंह हसनैन आलम फटिक चंद्र सिंह रंजन मिश्रा, निखिल डे, इंद्रनील चटर्जी कमल सिन्हा सुनील चांडक ने फैमिली कोर्ट के नए जज को शुभकामनाएं दी।

### संपूर्ण ब्राह्मण समाज ने चुनाव पर की चर्चा

बोकारो। संपूर्ण विश्व शांति सेवा परिषद के तत्वावधान में संपूर्ण ब्राह्मण समाज के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। इसमें केंद्रीय महामंत्री डॉ अशोक कुमार पांडेय ने कहा कि अभी देश में चुनाव का महापर्व होने वाला है जिसमें उन्होंने संपूर्ण समाज के सभी वर्गों को चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष हरेराम पांडेय ने आगामी धनबाद लोकसभा क्षेत्र के संपूर्ण ब्राह्मण समाज के साढ़े तीन लाख वोटरों को चुनाव में शत प्रतिशत हिस्सा लेने की अपील की। उपस्थित सदस्यों में अधिवक्ता अनु मिश्रा अभिनंदन कुमार मिश्रा विभा देवी शिवजी तिवारी उमेश चंद्र दुबे पूजा झा आशा देवी नवल किशोर शर्मा अनूप चौबे शशि भूषण पांडे महिला अध्यक्ष बिंदु तिवारी सुधा पांडे बसंती रानी व अन्य शामिल रहे।

### साहित्य अर्पण संस्था की आमंत्रण काव्य गोष्ठी संपन्न



बोकारो। साहित्य अर्पण अंतरराष्ट्रीय मंच की बोकारो इकाई की आमंत्रण काव्य गोष्ठी स्थानीय सेक्टर 4 में आयोजित की गई। इसमें शहर के कई चर्चित साहित्यकारों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार तथा साहित्यिक पत्रिका अन्नता की प्रधान संपादक स्मिता ने की। मौके पर साहित्यकार अमृता शर्मा कल्पना केसर अनीता किरण पूर्णिमा सुमन चांदनी कुमारी वर्मा रजत नाथ एवं गंगेश पाठक ने अपनी काव्य रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं स्मिता ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया। अपने संबोधन में अध्यक्ष ने बताया कि इस संगठन का अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय दुबई में है और चर्चित साहित्यकार नेहा शर्मा इसकी संस्थापक अध्यक्ष हैं।

### चिंद्री गांव में मिली 300 लीटर अवैध विदेशी शराब



बोकारो। डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर अवैध शराब व्यापार के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त उत्पाद को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर निरीक्षक उत्पाद सदर के पर्यवेक्षण में चतरोचट्टी थाना अन्तर्गत चिंद्री गांव में जागो साव छोटन साव राजेंद्र साव के घर पर छापेमारी की गई। विधिवत तलाशी के क्रम में घर से भारी मात्रा में विदेशी शराब खाली बोतल लेबल एवं ढक्कन बरामद हुआ। मौके से टीम ने विदेशी शराब 298 लीटर खाली बोतल 1500 पीस ढ़क्कन 1100 पीस एवं लेबल 500 पीस को जब्त किया है। इस बावत संबंधित अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी प्रतिनियुक्त गृहरक्षक आदि शामिल थे।

### गोड्डा : जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करना हमारा लक्ष्य : पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक



गोड्डा। सुंदरपहाड़ी थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक मधुसुदन मोदक ने मंगलवार को थाना क्षेत्र में आसपास के गांवों का भ्रमण किया। इस दरम्यान थाना प्रभारी मोदक ने कई गांव के ग्रामीणों से बातचीत की तथा ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कहा कि पुलिस से डरे नहीं, बल्कि सहयोग करे। पुलिस आपका दोस्त है तथा पुलिस आपकी सुरक्षा में हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करना हमारा लक्ष्य है। थाना प्रभारी मोदक ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की घटना व दुर्घटनाओ की जानकारी पुलिस को तुरंत दें, ताकि पुलिस समय पर कार्रवाई कर सकें। उन्होंने कहा कि गाँव मे आप आपस में भाईचारा बनाकर रखें। आपस मे विवाद न करें। किसी भी विवाद की सूचना पुलिस को अवश्य दें। इस दौरान उन्होंने छोटे बच्चो के बीच चॉक्लेट भी वितरण किये। थाना प्रभारी मोदक के साथ पुलिस अवर निरीक्षक साईंबा मुर्मु एवं अन्य पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### चादरपोशी के साथ खेतको में उर्स का हुआ समापन



बेरमो /खेतको। पेटवार प्रखंड के खेतको में सूफी ब सफा हाफिज गुलाम मोहिद्दीन चिश्ती का सालाना उर्स मंगलवार को चादर पोशी के साथ समापन हो गया। मौके पर अकीदतमंदो ने सूफी ब सफा हाफिज गुलाम मोहिद्दीन चिश्ती की मजार पर चादर पोशी की। भीड़ मजार शरीफ में जमा ना हो इसको लेकर सुबह से ही चादर पोसी की जा रही थी जिसमें स्थनीय लोगो ने ही भाग लिए। स्थानीय उर्स कमेटी के सदस्य मोहम्मद इस्लाम अंसारी ने बताया कि फज्र के नमाज के बाद कुरान की तिलावत की जा रही थी।भीड़ के मद्देनजर हिदायत दिया की मजार शरीफ में भिड़ ना लगाएं और एक-एक करके चादर पोशी करें। वहीं खेतको के मोजाबर व खादिम शाकिर साईं ने जियारीन को सिरनी फातिहा व चादर पोसी मजार पर कर रहे थे। जो भी जियारीन जा रहे थे वह अपने प्रखंड राज्य व देश की हिंदू मुस्लिम भाई चारा बना रहे इस की दुआ कर रहे थे। जिससे देश में अमन चैन हो सके। मौके पर पूर्व मुखिया सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष शब्बीर अंसारी, तनविरुल कमर, मुख्तार अंसारी, अख्तर अंसारी, हाफिज मुजफर हुसैन, अनायत हुसैन, शब्बीर अंसारी, फिरोज अंसारी, फकीर मोहम्मद आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में धूम धाम से मनाया गया वीर कुंवर सिंह जयंती



बेरमो। मंगलवार को अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो के वंदना सभा में वीर कुंवर सिंह जयंती मनाई गई।जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य एवं सभी आचार्य दीदी जी के द्वारा वीर कुंवर सिंह के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्पार्चन कर किया गया। अतिथि का परिचय प्रधानाचार्य के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं भूमिका आचार्य रवि कुमार के द्वारा दिया गया। जिसमे उन्होंने बताया की वीर कुंवर सिंह भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के पुरोधा थे। वे बिहार के जगदीशपुर के एक शाही राजपूत परिवार में हुआ था। 80 वर्ष के उम्र में उन्होंने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया के कमान तहत सैनिकों के खिलाफ सशस्त्र सैनिकों के एक चुनींदा दल का नेतृत्व किया था। वे बिहार में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई के मुख्य आयोजक थे। प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने कहा की वीर कुंवर सिंह हमारे क्षेत्र के महान वीरों में से एक थे।हमे आज के दिन उनके वीरता और साहस को नमन करते हुए। पूरे अनुशासन से विद्यालय की गतिविधि में सहभागी बनने का प्रयास करना चाहिए। आचार्या भगवंती नोनियां ने भी वीर कुंवर सिंह के सिद्धांतों और बलिदानो के बारे में बताया। साथ ही साथ भैया बहनों के द्वारा भी द्वारा भी उनके जीवनी को कविता एवं गीतों के माध्यम से स्पष्ट करने का काम किया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य नवल किशोर सिंह के द्वारा उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मौके पर प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा एवं सभी आचार्य दीदी जी समेत सभी भैया बहन, कर्मचारी बंधु भगिनी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन मे प्याऊ सेंटर का हुआ शुभारंभ



बेरमो। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन बेरमो शाखा अपने समाज में सेवा धर्म को लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर फुसरो ओवरब्रिज के समीप अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन बेरमो द्वारा ठंडे पानी का एक प्याऊ लगाया गया है। मौके पर समिति अध्यक्ष हिमांशी अग्रवाल ने कहा कि अपना मानव धर्म का निर्वाहन किया गया है। इसका उद्देश्य इस चिलचिलाती गर्मी में सब्जी वालों, दुकानदारों एवं राहगीरों को थोड़ी राहत मिल सके। कहा कि भूखे को खाना खिलाना, प्यासे को पानी पिलाना, हमारा परम धर्म है। इस कहावत को चरितार्थ करते हुए अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन बेरमो के द्वारा आते जाते राहगीर अपनी प्यास को बुझा सके। उन्होंने कहा कि प्यासे को पानी पिलाकर हमारे मन को सुकून मिलता है। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के उपाध्यक्ष संतोष पेड़ीवाल सह सचिव कोमल अग्रवाल व अदिति खेमका ने कहा कि इस समिति से जुड़ी महिलाओं ने समाज हित में कई कार्य किए है। इस कारण बेरमो की मारवाड़ी महिला समिति का राष्ट्रीय स्तर पर नाम है। कहा कि समिति की ओर से रक्तदान शिविर लगाने से लेकर योगा शिविर, गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग करने से लेकर विभिन्न व्रत-त्योहार में भक्तों की सेवा करने का काम भी किया जाता रहा है। बताया कि समिति की ओर से नि:शुल्क होमियोपैथिक इलाज में सहयोग से लेकर जनसेवा के अन्य कई कार्य किए गए हैं। इस अवसर पर दीपिका अग्रवाल, आशा अग्रवाल ,लक्ष्मी खेमका, सीमा गोयल, पिंकी अग्रवाल, उमा राठी, मनीषा पेडिवाल आदि उपस्थित थे।

### बीजीएच में मनाया गया परिवार कल्याण दिवस



बोकारो। बीजीएच के स्त्री रोग और प्रसूति विभाग परिसर में डॉ वर्षा घाणेकर की देखरेख में आयोजित परिवार कल्याण दिवस में डॉ वर्षा ने कहा कि प्रत्येक माह परिवार कल्याण दिवस का आयोजन किया जाएगा जिससे अधिकाधिक लोग इस कार्यक्रम से लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम में परिवार नियोजन प्रभारी डॉ जया अग्रवाल के द्वारा परिवार नियोजन के सभी संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन स्त्री रोग और प्रसूति विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अनिमा केरकेट्टा ने किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं सुखमय जीवन के लिए प्रत्येक परिवार में परिवार नियोजन आवश्यक है क्योंकि सीमित परिवार में महिलाएं और बच्चों का लालन पालन करना आसान होता है।

### अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, हत्या की आशंका

बोकारो। बोकारो पुलिस ने क्षत विक्षत स्थिति में एक अज्ञात व्यक्ति का शव सेक्टर 5 पेट्रोल पंप के पीछे जंगल झाड़ियों से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सेक्टर 4 थाना के थाना प्रभारी आरएन राणा के अनुसार शव देखने से प्रतीत होता है कि उसकी हत्या कुछ दिन पूर्व की गई होगी एवं शव को यहां छुपा दिया गया होगा। पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है।

# अगर हेमंत सोरेन भाजपा के वाशिंग मशीन में धुलने को तैयार हो जाते तो आज जेल में नहीं होते : दीपिका पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता

### निशिकांत को हराने के लिए और प्रदीप यादव के समर्थन में और मेहनत करेंगी



**दुमका।** अगर हेमंत सोरेन भाजपा के वाशिंग मशीन में धुलने को तैयार हो जाते तो आज झारखंड में भाजपा के साथ मिलकर उनकी सरकार बनी होती और किसी भी मामले में उन पर किसी तरह की कार्रवाही नहीं होती। उक्त बातें लोकसभा चुनाव का टिकट वापस होने के बाद सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के एक केस में पेषी पर दुमका पहुंची कांग्रेस महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा खुद भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। डबल इंजन की सरकार में क्या हुआ सभी जानते हैं। इसलिए भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बोलने का भाजपा को कोई नैतिक आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि आज हेमंत सोरेन जेल में इसलिए हैं, क्योंकि उन्होंने गठबंधन तोड़कर भाजपा के साथ जाना मंजूर नहीं किया। अगर हेमंत सोरेन भाजपा के वाशिंग मशीन में धुलने को तैयार हो जाते तो आज झारखंड में भाजपा के साथ मिलकर उनकी सरकार बनी होती और किसी भी मामले में उन पर किसी तरह की कार्रवाही नहीं होती। उन्होंने कहा कि तीन बार सांसद रहने के बावजूद निशिकांत ने विकास के लिए कोई कार्य नहीं किया। जिसे वो अपनी उपलब्धि बता रहे हैं, वह यूपीए पार्ट 2 सरकार की योजना है। निशिकांत के सांसद रहने के कारण सभी योजनाएं देर से धरातल पर उतरी। उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस के साथ है। रिकॉर्ड मतों से निशिकांत की हार होगी। टिकट वापसी और प्रदीप यादव को लोकसभा का टिकट मिलने के बावजूद उन्होंने कहा कि आज भी उनका लक्ष्य गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे को हराना है। उन्होंने कहा कि अपने लिए चुनाव लड़ने में जितना मेहनत करती, उससे कहीं ज्यादा मेहनत प्रदीप यादव के लिए करेंगी और गोड्डा लोकसभा सीट जीतकर राहुल गांधी की झोली में समर्पित करेंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के अंदर कोई भी गुटबाजी नहीं है। शुरू से ही गोड्डा लोकसभा के लिए पार्टी के अंदर तीन प्रबल दावेदार थे। प्रदीप यादव, फुरकान अंसारी के साथ वे भी एक दावेदार थी। पार्टी आलाकमान ने पहले ही यह फैसला ले लिया था कि पार्टी जिसे टिकट देगी सभी को उसे जिताने के लिए एक साथ मिलकर काम करेंगे और आज भी वे उसी स्टैंड पर कायम है। यहां बता दें कि दीपिका अकेली नहीं जिनको टिकट देकर वापस लिया गया हो। भाजपा ने भी दुमका के निवर्तमान सांसद सुनील सोरेन के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। पहले उनके नाम की घोषणा हुई, फिर बाद में टिकट झामुमो छोड़ भाजपा का दामन थामने वाली सीता सोरेन को दे दिया। इस घटना के बाद सुनील सोरेन पार्टी के कार्यक्रमों से दूरी बनाकर रखे हैं। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के दुमका आगमन पर आयोजित बैठक में वे भले ही नजर आए। जबकि दीपिका पांडेय सिंह टिकट कटने के बावजूद आज भी सक्रिय नजर आ रही है।

**दीपिका की अदालत में हुई पेशी**

सड़क जाम कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में एमपी-एमएलए विशेष अदालत में विधायक दीपिका की मंगलवार को पेशी हुई। विधायक की पेशी एसडीजेएम जितेंद्र राम के कोर्ट में हुई। लेकिन गवाह के उपस्थिति नहीं होने के कारण अगली तिथि 30 अप्रैल को निर्धारित हुई।

# बोकारो : जैन मिलन परिसर में रक्तदान शिविर हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** भारतीय रेडक्रॉस ब्लड बैंक सोसाइटी के सहयोग से जैन मिलन परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में 21 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि रक्तदान समाज एवं मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है। कार्यक्रम के संयोजक चंदन बांठिया ने कहा कि जरूरतमंद को अपना रक्त देकर उसका जीवन बचाना ईश्वर की आराधना के समान है और जो रक्त देते हैं वे जीवन की रक्षा करने वाले फरिश्ते के समान हैं। जैन मिलन के सचिव आलोक कुमार जैन ने कहा कि सामाजिक दायित्व के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आलोक ने कहा है कि जैन धर्म के अनुयायी मानव सेवा एवं कल्याणकारी कार्य आगे भी करते रहेंगे। मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ यू मोहंती ने कहा कि इंसानियत के लिए रक्तदान बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनय बैद अंकित जैन सिद्धार्थ चोरड़िया अंकित चोपड़ा अमृत लोढ़ा डॉ आकाश जैन विकास जैन सहित रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# चंद्रप्रकाश चौधरी ने गिरीडीह लोकसभा में आतंक फैलाने का काम किया : अनूप सिंह

### सेल कमिटी से 100/- प्रति ट्रक लेते है सांसद चौधरी






### पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडे को भाजपा ने हमेशा किनारा करने का कार्य किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** गिरीडीह लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं का महागठबंधन चुनावी जनसभा ढोरी 5 नंबर में महागठबंधन के कार्यकताओं के साथ हुई।

जनसभा में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने कहा कि बेरमो विधानसभा से महागठबंधन के प्रत्याशी मथुरा महतो को 150000 लाख वोट दिलाने का काम सभी कार्यकर्ता करेंगे। कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह ने कहा कि जब से सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी चुनाव जीते हैं बेरमो में आतंक का माहौल बना हुआ है। हर व्यापारी,डीओ होल्डर से 100/- प्रत्येक ट्रक लेने का काम कर रहे हैं जो कि इसके पहले कभी नहीं किया जाता था।

कहा कि पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडे को भाजपा ने हमेशा किनारा करने का कार्य किया है। मथुरा महतो ने कहा कि पिछले बार सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने टेकलाल महतो के बेटे जयप्रकाश भाई पटेल के दम पर चुनाव जीतने का कार्य किया था और जगन्नाथ बाबू को हराने का काम किया था, पर इस बार जयप्रकाश भाई पटेल ने उनकी जुमला बाजी को समझ लिया और पार्टी को छोड़कर महागठबंधन प्रत्याशी बनाकर हजारीबाग से चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार चंद्र प्रकाश चौधरी को सभी लोग मिलकर चुनाव हराकर रामगढ़ भेजने का काम करेंगे।

# बोकारो : पृथ्वी बचाओ संकल्प सभा में लोगों ने ली शपथ




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो के पर्यावरण मित्र वाटिका में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा आयोजित पृथ्वी बचाओ संकल्प सभा में संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने कहा कि वनों की अंधाधुंध कटाई पहाड़ों की हो रही लगातार तुड़वाई और नदियों का अतिक्रमण एवं प्रदूषित करने के कारण पर्यावरण न सिर्फ असंतुलित हो रहा है बल्कि पृथ्वी पर भी बढ़ते अनेक संकटों का यह कारण हो गया है। पर्यावरणीय संकट पृथ्वी पर असमय बदलते मौसम और ग्लोबल वार्मिंग का कारण बन रहा है। अगर हमें पृथ्वी को सुरक्षित रखना है तो पर्यावरण को सुरक्षित रखना होगा जिसके लिए प्रकृति की सुरक्षा अत्यंत जरूरी है तभी हमारा जीवन भी सुरक्षित रहेगा। उपस्थित सभी लोगों ने इस अवसर पर पृथ्वी की रक्षा का संकल्प लिया। मौके पर रघुवर प्रसाद मृणाल चौबे लक्ष्मण शर्मा बबलू पांडेय वीरेंद्र चौबे ललित कुमार मनीष झा मिथिलेश शर्मा अभय कुमार गोलू विनोद साह मुहम्मद अनवर सफीरुल हक सहित कई पर्यावरण रक्षक मौजूद रहे।

# एमजी कॉलेज में बाल यौन शोषण पर दो दिवसीय वेबिनार संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**रानेश्वर।** मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 3 द्वारा आयोजित 2 दिवसीय ऑनलाइन वेबिनार का मंगलवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य उदय प्रसाद सिंह ने की। बेविनार में कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रूपम कुमारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का विषय प्रेवेंशन ऑफ सेक्सुअल हरासमेंट एक्ट 2013 के तहत साक्षी फाउंडेशन के तहत बाल यौन शोषण पर आयोजन किया गया है। जिसमें बाल यौवन शोषण पर विभिन्न तरह से चर्चा कर जागरूकता अभियान चलाया गया। भारती गोमसे ने बताया कि बाल यौवन शोषण के बारे में समुदाय में जागरूकता से बाल यौन शोषण को रोकना, बाल यौन शोषण व्यवहार, शारीरिक यौन और नुकसान की धमकी, हिंसा जो बच्चे के जन्नागों को निशाना बनाना आदि बताया गया। वर्ष 2012 का कानून जवाबदेही चुप रहना भी एक अपराध है। रूपम कुमारी ने आज के समय होने वाले अपराध पर सजग सतर्क रहकर बचने की सलाह दी। वेबिनार में राम्या निशाल, होस्ट गुड़िया दुबे आदि जुड़े। इस अवसर इकाई 1,2,3,4,5 के कार्यक्रम पदाधिकारी जुड़े थे।

# बाबा को फटकार

**सु**प्रीम कोर्ट ने योग गुरु बाबा रामदेव उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भ्रामक विज्ञापन मामले में एक बार फिर से फटकार लगाई है। दो दिनों के भीतर ऑन रिकॉर्ड माफीनामा जारी करने का आदेश दिया है। बाबा रामदेव और बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उन्होंने भ्रामक विज्ञापन मामले में अपनी ओर से हुई गलतियों के लिए अखबारों में बिना शर्त माफी मांगी है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने उनके वकील से अखबारों में प्रकाशित माफीनामे को दो दिनों के भीतर रिकॉर्ड में पेश करने को कहा। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पतंजलि आयुर्वेद से पूछा कि क्या आज सुबह अखबारों में उसकी माफी उसके पूरे पेज के विज्ञापन के पैमाने से मेल खाती है। दूसरी ओर बाबा रामदेव ने 67 अखबारों में माफीनामा प्रकाशित करवाया था। रामदेव और बालकृष्ण की ओर से पेश वकील ने पीठ से कहा कि उन्हें अपनी ओर से हुई गलतियों के लिए बिना शर्त माफी मांगते हुए अतिरिक्त विज्ञापन जारी करना होगा। यह आदेश सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने के लिए मिला था इससे पहले 16 अप्रैल को, सुप्रीम कोर्ट रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भ्रामक विज्ञापन मामले में सार्वजनिक माफी मांगने के लिए एक सप्ताह का समय दिया, लेकिन यह भी कहा कि वह अभी उन्हें इस चरण में राहत नहीं देने जा रहा है। शीर्ष अदालत 2022 में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें कोविड टीकाकरण अभियान और चिकित्सा की आधुनिक प्रणालियों को नीचा दिखाने का आरोप लगाया गया है। वहीं न्यायालय ने आईएमओ को भी अपने विज्ञापनों पर सावधान रहने को कहा है।

# बेहतर उछाल

**मै**न्युफैक्चरिंग और सर्विस दोनों सेक्टरों में मजबूती के दम पर अप्रैल में भारत की व्यावसायिक गतिविधियों का विस्तार जारी रहा। समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। यह रिपोर्ट एचएसबीसी होल्डिंग्स पीएलसी के एक फ्लैश सर्वे पर आधारित है। सर्विस पर्चेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स मार्च के 61.2 से बढ़कर अप्रैल में 61.7 हो गया, जबकि मैन्युफैक्चरिंग पर्चेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स 59.1 पर अपरिवर्तित रहा। इससे ओवरऑल इंडेक्स 62.2 पर पहुंच गया, जो जून 2010 के बाद सबसे ज्यादा है। इंडेक्स प्रारंभिक सर्वेक्षण परिणामों पर आधारित हैं और फाइनल ढटकडेटा अगले सप्ताह प्रकाशित किया जाएगा। 50 से ऊपर की रीडिंग पिछले महीने की तुलना में विस्तार का संकेत देती है, जबकि इससे नीचे की रीडिंग गतिविधि में संकुचन का संकेत देती है। एचएसबीसी की भारत की मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने एक बयान में कहा, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नए ऑर्डर बढ़ने से अप्रैल में सेवाओं की वृद्धि में तेजी आई। मैन्युफैक्चरिंग मार्जिन में भी सुधार देखा गया क्योंकि कंपनियां मजबूत मांग की स्थिति के कारण ग्राहकों पर ऊंची कीमतों का भार शिफ्ट करने में सक्षम थीं। मजबूत मांग के कारण अप्रैल में कुल मिलाकर भविष्य के कारोबारी आउटलुक में और सुधार हुआ। भारत की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 7 फीसदी से ज्यादा बढ़ने के लिए तैयार है, जिससे यह दुनिया में सबसे तेजी से विस्तार करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बन जाएगी। मजबूत वृद्धि ने केंद्रीय बैंक (फ्इक) को मूल्य स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करने का मौका भी दिया है। फ्इकइस महीने की शुरूआत में अपने सख्त नीतिगत रुख पर कायम रहा और लगातार सातवीं बैठक में बेंचमार्क दर को अपरिवर्तित रखा।

# अग्नि संस्कार


विचार-प्रवाह

**सुभाष काक**

**होम** यानी वैदिक अग्नि संस्कार जापान में धर्म के केंद्र में है। इसमें शामिल हैं मंत्र, मुद्रा और मंडल। वैदिक अग्नि अनुष्ठान में मुद्रा को लेकर कुछ निर्देश दिए गए हैं, जैसे कि आहुति देने वाले चमचे को शंख मुद्रा में पकड़ा जाना चाहिए। जब पुजारी कक्ष में प्रवेश करे तो वह अपनी दाईं हथेली को बाईं हथेली पर समकोण में रखकर हाथ बंद कर ले। एक और वैदिक संस्कार जो व्यापक रूप से प्रचलित है, वह है अभिषेक। दीक्षित लोगों को कमरे में प्रवेश से पहले एक पेय दिया जाता है। अंदर दीक्षित व्यक्ति अपना दाहिना पैर रखता है एक हाथी पर। यह गणेश या विनायक का प्रतिनिधित्व है। जापान में इसे कहते हैं कंगीतान। इसके बाद धूप को हाथों पर और माथे पर लगाया जाता है। पेय को ग्रहण कर लेते हैं।

इसके बाद अभ्यर्थी जाता है पहले कमरे में, जहां समय प्रतिज्ञा यानी गोपनीयता की प्रतिज्ञा होती है। पुजारी मंत्रोच्चारण करते हैं। अनुष्ठानों में दो मंडल का उपयोग होता है, गर्भधातु और वज्रधातु। अभ्यर्थी पहले दिन गर्भधातु से शुरू करते हैं और फिर अगले दिन वज्रधातु से। इसी तरह पुष्प, जल, शलाका और दूसरी कई प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद बनता है एक आचार्य। वह धार्मिक अनुष्ठान कर सकता है और किसी भी समय अपने कुल देवता को बुला सकता है। वह वस्तुतः एक जीवित देव बन गया है। देवों को कहा गया है तेनबू। इनकी संख्या बहुत अधिक है। यह इस पर निर्भर है कि आप गिनती कैसे करते हैं।दिशाओं के संरक्षक के रूप में देवों को अक्सर बारह के समूह में रखा जाता है। पहले हैं बोन देवता, जो ऊपर की दिशा की रक्षा करते हैं।

कार्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडिटर

## कामकाज की समीक्षा

**लोगों** को सचेत करने वाला था। पतंजलि आयुर्वेद द्वारा डायबिटीज, एड्स, कैंसर आदि का इलाज करने का आश्वासन लोगों को भ्रमित करने वाला है। इस प्रकार के भ्रामक विज्ञापन के खिलाफ आईएमए ने इसकी सुप्रीमकोर्ट में शिकायत भी की। असाध्य रोगों के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन रोकने के लिए कानून तो हैं लेकिन उन पर अमल नहीं हो पाता।

**– श्रीनिवास सिंह, रांची**


## मौज मस्ती का रुझान

**देश** में कामकाजी युवा पति-पत्नी संतान पैदा करने के बजाय घूमना फिरना, मौजमस्ती करना, कुत्ते-बिल्लियां पालकर जीवन व्यतीत करना बेहतर समझते हैं। संतान की परवरिश करना उनकी अपनी खुशियों में बाधा है।शिक्षित वर्ग का यह रुझान जन्म दर में कमी ला रहा है। परिवार में संतान का होना मां-बाप में सहयोग तथा खुशी की भावना पैदा करता है।

**–अनिल कुमार, हजारीबाग**

# मां पृथ्वी हमारी आवश्यकता पूरी करेगी, हवस नहीं





**- सुखी भारती**

> यूनेस्को की एक रिपोर्ट के अनुसार वायुमंडल में हर साल लगभग 2000 लाख टन सलफर डाइऑक्साइड, 1300 लाख टन नाइट्रोजन एवं अनेकों तरह के ऑक्साइड, 700 लाख टन के करीब कार्बन यौगिक एवं 2800 लाख टन राख की मात्र पहुंच रही है। यही नहीं कार्बन डाइऑक्साइड गैस की लगभग 2500 लाख टन से भी ज्यादा मात्र वायुमंडल को दूषित कर रही है। उद्योगिक इकाईयों द्वारा छोड़ें जा रहे रसायनिक पदार्थ भू जल को गंदा कर रहें हैं।

**पृथ्वी** हमारे सूर्य परिवार का बहुत ही महत्वपूर्ण ग्रह है। और इस ब्रह्माण्ड में केवल पृथ्वी ही ऐसा ग्रह है, जहाँ पर जीवन जीने की सारी अनुकूल प्रस्थितियां पाई जाती हैं। हमारे महापुरुषों ने इस धरा को माता का दर्जा इसलिए प्रदान किया क्योंकि यह भी एक माँ की भांति अनेकों कष्ट सहकर प्रत्येक जीव व बनस्पति को जीवन प्रदान करती है। खाने के लिए फसलें, फल, सब्जियां, में वे इत्यादि इस धरती मां की कोख से ही उपजते हैं। लेकिन यह घोर चिंता व चिंतन का विषय है कि आज मानव के लोभ की हवस ने पृथ्वी के ऊपर व नीचे वातावरण को जितना प्रदूषित किया है, यह मात्र आज के लिए शोचनीय नहीं है अपितु इसके द्वारा आने वाले कल के लिए भी गंभीर खतरे पैदा हो गए हैं।

आज जब इस प्रदुषित वातावरण में प्रत्येक मनुष्य, अपने अतीत की ओर झांककर देखता है तो बस यही कहता है कि पहले समय बहुत अच्छा था। साफ हवा बहती थी, साफ पानी था, कहीं कोई प्रदूषण नहीं, खाना स्वादिष्ट व बलकारक होता था। लोग कुदरत की गोद में, कुदरत से जुड़कर अपना जीवनयापन करते थे। लेकिन जैसे-जैसे समय आगे बढ़ता गया जंगलों की अंधाधुंध कटाई व विकसित देशों में बृहद स्तर पर बड़े उद्योग स्थापित किए गए। जिसके फलस्वरूप वातावरण को दोहरी मार सहनी पड़ी। जैसे-जैसे उद्योगिकीकरण बढ़ता गया, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी में प्रगति होती गई, वैसे-वैसे अनेकों कारक व कारण भी सामने आते गए। इन्हीं के द्वारा आधुनिक प्रदूषित वातावरण की स्थिति उत्पन्न हो गई। बढ़ती आबादी व उद्योगिकीकरण के कारण शोर, ऊष्मा, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, थल प्रदूषण इत्यादि सब ओर से ही धरती माँ को गंदगी मिली। यही नहीं प्रमाणु युग ने हमें घातक रेडियोएक्टिव प्रदूषक भी दिए जिन्होंने मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर संकट खड़े कर दिए हैं।

यूनेस्को की एक रिपोर्ट के अनुसार वायुमंडल में हर साल लगभग 2000 लाख टन सलफर डाइऑक्साइड, 1300 लाख टन नाइट्रोजन एवं अनेकों तरह के ऑक्साइड, 700 लाख टन के करीब कार्बन यौगिक एवं 2800 लाख टन राख की मात्र पहुँच रही है। यही नहीं कार्बन डाइऑक्साइड गैस की लगभग 2500 लाख टन से भी ज्यादा मात्र वायुमंडल को दूषित कर रही है। उद्योगिक इकाईयों द्वारा छोड़ें जा रहे रसायनिक पदार्थ जमीन के अंदर पहुंचकर भू-जल को गंदा कर रहे हैं। एवं इनसे विसर्जित होती गैसें हवा को प्रदूषित कर रही हैं। शहरी आबादी द्वारा बहाई जा रही गंदगी के फलस्वरूप नदियां, दरिया गंदे पोखरों का रूप धारण कर रहे हैं। और इनकी हालत दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। इनमें उत्तरी भारत की दो नदियां गंगा जमुना शामिल हैं। मनुष्य द्वारा प्राकृतिक साधनों की जा रही लूट की ताजा मिसाल है कि गंगा नदी के ग्लेशियर हर साल आधा मील पीछे खिसक रहे हैं। इसी प्रकार बाकी नदियों के उत्पति स्थानों पर भी ग्लेशियर दिन-ब-दिन पिघल रहे हैं।

हमें चेतना होगा कि वातावरण प्रदूषण एक ऐसा विषय है जो मनुष्य की उन सारी प्रक्रियाओं को दशार्ता है जो प्राकृति के लिए नुकसानदायक है। यह मनुष्य द्वारा पैदा किया गया अनचाहा बदलाव है। जो आज सभी सजीव प्रजातियों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इस प्रदूषण के प्रभाव से आज अनेकों ही प्रजातियां इस धरा से लुप्त हो गई हैं। दिन-ब-दिन बढ़ रहे ग्रीन हाऊस प्रभाव से धरती व सूर्य के बीच रक्षा परत का काम कर रही ओजोन परत में भी छेद बढ़ते जा रहे हैं। जिसके फलस्वरूप वातावरण को कई प्रकार के प्रदूषणों का सामना करना पड़ रहा है। खाने वाले पदार्थों में कीटनाशकों का जहर बढ़ने से नई पीढ़ी विभिन्न प्रकार की शारीरिक व मानसिक व्याधियों से ग्रसित हो रही है।

चाहे संसार भर के वातावरण प्रेमियों द्वारा जनमानस को वातावरणीय प्रदूषण के खतरों से अवगत करवाया जा रहा है फिर भी इस ओर उतनी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा जितनी गंभीरता से देने की आवश्यक्ता है। आज प्रकृति के जिन अनमोल उपहारों का प्रयोग हम कर रहे हैं, क्या कभी हमने सोचा है कि अगर हम इसी प्रकार निर्दयता से इनका दोहन करते रहे तो यह कितने समय तक बने रह सकेंगे? क्या हमारी आने वाली पीढ़ियां भी इस सुंदर कुदरत को ऐसा ही सुंदर देख पाएंगी? क्या हमने कभी सोचा है कि हमारी गलतियों से वातावरण में पैदा हो रही गर्मी एक दिन पूरी पृथ्वी के विनाश का कारण बन जाएगी? क्या आप जानते हैं कि हमारी पृथ्वी का औसतन तापमान 15-20 डिगरी है जो कि कुछ ही सालों में 2-3 डिग्री बढ़ गया है। तापमान की इसी बढ़ोतरी को ही ग्लोबल वार्मिंग कहा जाता है। इस छोटे से शब्द ने पूरी दुनिया को हिला के रख दिया है। जब दुनिया के किसी हिस्से में प्राकृतिक तबाही का तांडव होता है। संसार के किसी क्षेत्र में बाढ़ आ जाती है व कहीं सूखा पड़ जाता है। बढ़ रही गलोबल वार्मिंग से हमारे वैज्ञानिक भी चिंतित हैं।

निकोलस जो कि विश्व बैंक में अर्थ शास्त्री हैं। उन्होंने अपनी एक रिपोर्ट में चेतावनी दी कि संसार के लोगों लोगा की गतिविधियों में आई बदलाव के कारण जलवायु के बर्ताव में भी भिन्नता आई है। उन्होंने कहा कि गलोबल वार्मिंग को जल्दी से जल्दी कम करने की आवश्यकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार 2050 तक संसार की अर्थ व्यवस्था 6 ट्रिलीयन पौंड के बराबर कम हो जाएगी। और इसका कारण होगा हमारी गतिविधियों के कारण बदलता जलवायु। आपको जानकर हैरानी होगी कि बढ़े हुए तापमान से सारा हैबीटेट बदल जाएगा। एवं पूरा ईको सिस्टम खराब हो जाएगा। और इन सबके पीछे कारण सिर्फ एक ही है कि मनुष्य ने इस धरती माता का बेरहमी से दोहन कर इसे आज बेहद प्रदूषित स्थिति में ला कर खड़ा कर दिया है। मनुष्य को जल्द से जल्द जागना होगा कि प्रकृति मनुष्य की आवश्यकताओं को तो पूर्ण कर सकती है पर हवस को नहीं। अगर हम सचमुच जीना चाहते हैं व चाहते है कि हमारी आने वाली पुश्तें भी इस धरा पर जन्म ले सकें, तो हमें अपनी बीमार व गंदगी से भर चुकी ह्यमाँ धरती की सेहत की ओर ध्यान देना होगा। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर इस धरा को फिर से शस्य शयामला बनाना होगा।

खास बात

## धार्मिक स्थल बने पर्यटन की पहली पसंद

मेकमाईट्रिप इंडिया ट्रैवल ट्रेंड्स रिपोर्टह्न में उसके मंच के 10 करोड़ से अधिक सक्रिय उपयोगकताओं से प्राप्त जानकारी और उनकी अन्य जिज्ञासाओं पर गौर करने के बाद यह बात सामने आई है। इससे पता चला कि 2019 के बाद से एक वर्ष में तीन से अधिक यात्राएं करने वाले लोगों की संख्या में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार, आध्यात्मिक यात्राओं में बढ़ती रुचि इसकी मुख्य वजह रही। आध्यात्मिक पर्यटन संबंधी जानकारी हासिल करने की गतिविधि में 2021 की तुलना में 2023 में 97 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। इसमें कहा गया, छोटे तथा मझोले शहरों में धार्मिक महत्व वाले स्थलों की जानकारी हासिल करने के मामलों वृद्धि देखी जा रही है।

अयोध्या में 2022 की तुलना में 2023 में 58.5 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है। इसी तरह उज्जैन और बद्रीनाथ को लेकर की गई खोज (सर्च) में क्रमशः 359 प्रतिशत और 343 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

रिपोर्ट में पाया गया कि सप्ताहांत में घूमने वाले गंतव्यों में जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के बारे में 2022 की तुलना में 2023 में 131 प्रतिशत अधिक जानकारी बटोरी गई। ऊटी और मुन्नार जैसे हिल स्टेशन भी लोकप्रिय विकल्प हैं, खासकर देश के दक्षिणी हिस्से में।रिपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय यात्राओं की भी जानकारी दी गई। दुबई, बैंकॉक और सिंगापुर शीर्ष तीन सबसे अधिक खोजे गए गंतव्य बने हुए हैं, जबकि लंबी दूरी की यात्रा के लिए लोगों ने सबसे अधिक लंदन, टोरंटो और न्यूयॉर्क में रुचि दिखाई। इसमें कहा गया, हांगकांग, अल्माटी (कजाकिस्तान), पारो (भूटान), बाकू (अजरबैजान), डा नांग (वियतनाम), त्बिलिसी (जॉर्जिया) जैसे गंतव्यों के बारे में 2023 में लोगों की रुचि उल्लेखनीय रूप से बढ़ी। लीक से हटकर स्थानों में रुचि बढ़ रही है।

इसके अलावा, पारिवारिक यात्रा की बुकिंग तेजी से बढ़ रही है। इसमें 2022 की तुलना में 2023 में 64 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसी अवधि में एकल यात्रा की बुकिंग में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

**मैं** समस्त मतदाताओं से निवेदन करता हूँ कि वे 2047 में विकसित भारत के निर्माण व तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए वोट करें।
वन्दे मातरम - जय सिया राम

**– गौरव बल्लव, भाजपा**

आपके ट्वीट

**खूंटी** में कांग्रेस/इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी श्री कालीचरण सिंह मुंडा के नामांकन कार्यक्रम के दौरान धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी के पोते सुखराम मुंडा जी के साथ मंच साझा करने का सौभाग्य मिला।

**– चंपई सोरेन, सीएम**





**देशभर** के मेरे परिवारजनों को हनुमान जयंती की असीम शुभकामनाएं। पवनपुत्र का समर्पण भाव समस्त रामभक्तों के लिए सदैव प्रेरणाशक्ति बना रहेगा। जय बजरंगबली !

**– नरेन्द्र मोदी**

# ब्रॉड बैंड पर सही कदम बिना पिछड़ जायेंगे हम

**श्याम पोनप्पा**

आई टी

**सरकार** के पास जो स्पेक्ट्रम मौजूद है उसका इस्तेमाल तकनीकी विकास से जुड़े प्रयोगों तथा वैश्विक अनुप्रयोग के लिए नहीं करने देना वैसा ही है जैसे किसी व्यक्ति को आसपास मौजूद हवा का प्रयोग न करने दिया जाए।

हमारे देश में ब्रॉडबैंड का समुचित विस्तार नहीं होने के कारण आम लोगों की जिंदगी से जुड़े बुनियादी ढांचे का सही विकास और इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है, यह अपने आप में एक समस्या है। हमें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, उत्पादकता, वाणिज्य, उद्योग, सरकारी सेवाओं और मनोरंजन के क्षेत्र में इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। क्या सरकार इस बात से अवगत नहीं है? क्योंकि निश्चित रूप से सरकार इस बात में सक्षम है कि वह आम उपयोग के लिए स्पेक्ट्रम इस्तेमाल की राह निकाले। सरकार और अधिकारीगण भले ही अन्य कामों में व्यस्त हों लेकिन उन्हें इस क्षेत्र को प्राथमिकता देनी चाहिए।

ऐसी विचारधारा केवल सरकार तक सीमित नहीं है बल्कि प्रेस और मीडिया, राजनीति, नागरिक प्रशासन और यहां तक कि न्यायपालिका में भी कई लोग ऐसी ही सोच रखते हैं। निर्णय लेने वालों की अन्यमनस्कता तथा खुद को भविष्य में आने वाले संकट से बचाने की सोच में इस दौरान हालात ऐसे बन जाते हैं कि हमारी संचार संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कोई नवाचारी प्रयोग नहीं हो पाता। कई बार ऐसे सवाल भी सामने आते हैं कि हमें 5जी अथवा तेज इंटरनेट की क्या जरूरत है या फिर हमारे पास पहले ही पर्याप्त ब्रॉडबैंड है वगैरह। हम निष्क्रिय बुनियादी सहयोग के अभ्यस्त हो गए हैं और हमें अपने दैनिक जीवन में कमियों को स्वीकार करने की आदत हो गई है। फिर चाहे कॉल ड्रॉप हो, धीमा इंटरनेट हो या बिजली-पानी की आपूर्ति में समस्या हो। हमने इन सभी चीजों को स्वीकार कर लिया है जबकि हकीकत में ये हमारी उत्पादकता और प्रभाव पर गहरा असर डालने वाली बातें हैं। इस बीच हम 4जी स्पेक्ट्रम की एक और नीलामी में लगे हैं जबकि 5 जी के क्षेत्र में हम शेष विश्व से कोसों दूर नजर आ रहे हैं। अगर हमारे नीति निमार्ता और प्रशासक ग्रामीण ब्रॉडबैंड समेत हमारा संचार सुधारना चाहते हैं तो हमें शायद दुनिया के अन्य हिस्सों में इनके क्रियान्वयन से सबक लेना होगा। एक दिलचस्प उदाहरण अमेरिका के संघीय संचार आयोग (एफसीसी) का है। कम पहुंच वाले बाजारों में ब्रॉडबैंड सुविधा में सुधार करने के उद्देश्य से सन 2019 में एफसीसी ने ग्रामीण डिजिटल अवसर फंड (आरडीएफओ) पहल की शुरूआत की ताकि दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा जुटाए गए सार्वभौमिक सेवा दायित्व फंड का इस्तेमाल ग्रामीण इलाकों में उच्च गति वाला नेटवर्क कायम करने में किया जा सके। इसने पूर्ववर्ती कनेक्ट अमेरिका फंड कार्यक्रम का स्थान लिया जो विफल रहा था। सन 2020 में एफसीसी ने ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए विपरीत नीलामी आयोजित की और दूरदराज इलाकों में धीमी गति से सेवा देने को इजाजत दी। पहले चरण के लिए 9.2 अरब डॉलर यानी 67,000 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई जो अगले 10 वर्ष तक मासिक किस्त में दी जाएगी। परियोजना को समय पर पूरा करना होगा। भारत में ऐसे ही सार्वभौमिक सेवा दायित्व फंड में 55,000 करोड़ रुपये हैं।

कुल 400 से अधिक कंपनियों को नेटवर्क और सेवा प्रदान करने के लिए आरडीओएफ के अनुबंध मिले हैं। इनमें बिजली वितरण कंपनियां भी शामिल हैं। इनमें से कई ने फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क तैयार करने की योजना बनाई है। लेकिन सबसे बड़ी विजेता और 1.3 अरब डॉलर की बोली हासिल करने वाली एलटीएम ब्रॉडबैंड की योजना उच्चगति के बेतार का इस्तेमाल करने की भी है।

# परिणाम तय है इसलिए मतदाता उदासीन है क्या?

**सुरेन्द्र चतुर्वेदी**

चुनाव 2024

**लोकसभा** के पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान हो गया। सभी 102 सीटों में से ज्यादातर में मतदान के प्रतिशत में कमी आई है। इससे यह माना जा रहा है कि मतदाताओं में चुनाव के प्रति वह उत्साह और उमंग नहीं था, जिसकी उम्मीद राजनीतिक दल विशेष रूप से भाजपा लगाए बैठी थी । तो क्या भाजपा को इससे निराश होने की जरूरत है ? या कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों को इसमें से किसी अप्रत्याशित परिणाम की उम्मीद रखनी चाहिए ? दोनों ही प्रश्नों का एक ही जवाब है, नहीं।

जहां तक मतदाताओं में उल्लास या वोटिंग प्रतिशत गिरने का सवाल है, तो कोई भी निष्कर्ष निकालते समय हमें इस तथ्य को भी देखना होगा कि क्या किसी एक ही दल का मतदाता निष्क्रिय था ? या सभी मतदाताओं को पहले से ही चुनाव परिणामों का अंदेशा है, इसलिए चुनाव में उसका उत्साह नदारद था। टेलीविजन पर होने वाली बहस को छोड़ दें तो गांव-चौपाल में भी मतदान और प्रत्याशी को लेकर कोई उत्सुकता नजर नहीं आई ।

तो भारत जैसे देश में जहां चुनाव को उत्सव के रूप में मनाया जाता रहा है, वहां मतदाता की उदासीनता का कारण क्या हो सकता है ? यह याद रखे जाने की जरूरत है कि 2014 का चुनाव परिवर्तन के नारे के साथ लड़ा गया था। भारत की जनता मनमोहन सरकार की अक्षमता के खिलाफ अपना मन बना चुकी थी, और अबकी बार मोदी सरकार व अच्छे दिन के नारे पर उसने मतदान किया था। 2019 का चुनाव भी पाकिस्तान को सबक सिखाने की मोदी सरकार की क्षमता पर हुआ। यह ऐसा चुनाव था, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पीछे छूट गए थे और मतदाताओं ने मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए एकतरफा मतदान किया। लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। मतदाताओं में उस उत्साह की कमी साफ दिख रही है, जो पहले के दो चुनाव में देखी गई।

तो क्या यह मान लिया जाना चाहिए कि देश के मतदाता को प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा नहीं रहा या वह कथित इंडी अलांयस के नेताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकल्प के रूप में देख रहा है? बहुतांश लोगों को यह प्रश्न विचित्र लग सकता है लेकिन इस प्रश्न का जवाब ही भारत के जनमानस की वास्तविक अभिव्यक्ति है।

दरअसल, आएगा तो मोदी ही, यह नारा भाजपा के साथ-साथ विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं के मन में गहरे पैठ गया है। तो भाजपा कार्यकर्ता अपनी जीत देख निश्चिंत होकर चुनाव को आराम से लड़ रहे हैं, तो विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं को यह लगता है कि जब भाजपा ही जीत रही है और जनमानस भाजपा के साथ है तो चुनाव में आक्रामक होने का क्या फायदा ?

ऐसा भी नहीं है कि भाजपा समर्थक हिन्दू मतदाता ही मतदान करने नहीं निकला, भाजपा को वोट नहीं देने वाले मुस्लिम समाज में भी वोट देने के प्रति उदासीनता देखी गई है। मुस्लिम बहुल बूथों पर जहां रात के दस-दस बजे तक मतदान करने के लिए लाइनें लगी रहती थीं, इस बार ऐसे समाचार सुनने में नहीं आए। इस तथ्य पर भी विचार करना ही चाहिए कि बीते सालों में यह पहली बार है जब मतदान केन्द्रों पर तनातनी या लड़ाई-झगड़े के समाचार भी सुनने को नहीं मिले हैं। ऐसा तभी होता है जब पक्ष और विपक्ष चुनाव परिणाम के बारे में आश्वस्त होते हैं। हां, केवल पश्चिम बंगाल ही एक मात्र राज्य है जहां से ऐसे समाचार आए, तो वहां का मतदान प्रतिशत भी अन्य राज्यों के मुकाबले ज्यादा ही रहा।

इस बार के चुनाव से एक बात सिद्ध हो रही है कि न तो विश्व में भारत की रैंकिंग, विकास की गति, जीडीपी दर, आर्थिक प्रगति और विकसित भारत के संकल्प को मतदाता देख रहा है और न ही महंगाई और बेरोजगारी के विपक्षी एजेंडे को मतदाता ने स्वीकार किया है। भारत में विकास कभी चुनाव का मुद्दा नहीं रहा। भारत के चुनाव को सिर्फ जातीय सामंजस्य और राष्ट्रवाद ही दिशा देता है।

(लेखक, सेंटर फॉर मीडिया रिसर्च ऐंड डेवलपमेंट से संबद्ध हैं।)

स्पीड न्यूज

## पाकुड़ ने रामगढ़ को 7 विकेट से हराया




**रामगढ़।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का मैच मंगलवार को ग्राउंड न 2 सेल इफको क्रिकेट ग्राउंड में रामगढ़ बनाम पाकुड़ के बीच खेला गया। पाकुड़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया । निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में रामगढ़ ने 35 ओवर में 197 रन बनाया और आउट हो गई। रामगढ़ की ओर से देवेश गोयल ने 53 रन बनाये। अंतरिक्ष कुमार ने 41 रन और हर्षित कुमार ने 40 रन बनाए। पाकुड़ की ओर से गेंदबाज जफर अहमद ने 7 ओवर 27 रन देकर 3 विकेट और चिंटू सिंह 4 ओवर 6 रन देकर 3 विकेट लिया । लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकुड़ ने 34.3 ओवर में 3 विकेट खोकर 198 रन बनाकर मैच 7 विकेट से जीत लिया। पाकुड़ की ओर से बल्लेबाज सोबर शेख 88 रन एवम अर्जुन गोशवामी ने 50 रन बनाया। मैच के अंपायर मो उजैर तथा अजमल हुसैन थे। जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार एवं सुभम मेहता ने किया । मैच ऑब्जर्बर डलिया राव थे। मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय समेत कई लोग उपस्थित थे ।

## रामगढ़ में वृद्ध ने की आत्महत्या

**रामगढ़।** शहर के पारसोतिया में मंगलवार की सुबह एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। मामले की जानकारी रामगढ़ थाना पुलिस को दी गई। जिसके उपरांत पुलिस ने पारसोतिया पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । बताया जाता है कि शहर के पारसोतिया के रहने वाले लगभग 65 वर्षीय व्यक्ति मेघू महतो कुछ कारणों से परेशान थे। इसी कारण मंगलवार की सुबह उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । वहीं, मृतक के परिजनों ने ऐसी बात से इंकार किया है।

## यज्ञ में साक्षात् देवी- देवताओं का होता है आगमनः मनीष जायसवाल



**कुजू।** श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ बोंगाबार मंडाटांड में चौथे दिन सोमवार की रात्रि एनडीए के लोकसभा सांसद प्रत्याशी सह सदर विधायक मनीष जायसवाल यज्ञ स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने यज्ञशाला मंडप में माथा टेकर क्षेत्र के सुख - समृद्धि और अपने जीत की दुआएं मांगी। इस बीच यज्ञाचार्य मनोज पांडेय एवं उनके सहयोगी पंडितों ने उन्हें विधिवत पूजा - अर्चना कराते हुए रक्षा सूत्र बांधा। तत्पश्चात यज्ञ समिति ने प्रवचन मंच पर अंग वस्त्र एवं अपनी गांव की आस्था से जुड़े मंदिरों का प्रतीक चिन्ह देखकर स्वागत किया। मौके पर श्री जायसवाल ने कहा कि जहां भी यज्ञ का अनुष्ठान होता है, वहां साक्षात देवी - देवताओं का आगमन होता है। इसलिए यही वह जगह है जहां लोग अपने अंदर की बुराइयों को परित्याग कर नेकी के रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हैं। इससे पूर्व पंडितों ने यजमान बने चौधरी महतो, सुखदेव महतो, नारायण महतो, लक्ष्मण महतो, मक्खन महतो, प्रकाश महतो, रामजतन महतो, तरुण गिरी, अर्जुन प्रजापति, खुशलाल महतो, महेश कुशवाहा, धर्मनाथ महतो, इंदू करमाली, राजेंद्र महतो, लछु महतो, सुरेश महतो सह पत्नीक के हांथों विधिवत पूजा - अर्चना कराते हुए हनुमान लला की प्राण प्रतिष्ठा कराया। साथ ही कई अन्य धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराने के उपरांत यज्ञ स्थल परिसर में स्थापित किए गए देवी- देवताओं की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। वहीं बुधवार को लोकप्रिय गायिका शहनाज अख्तर के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मौके पर राजू चतुवेर्दी, मनोज गिरी, छोटन प्रजापति के अलावे समिति के राजू साव, विश्वामित्र महतो, तेज नारायण महतो, प्रेमलाल महतो, दिनेश्वर कुशवाहा, दीपक कुशवाहा, खेमन महतो, सुरेंद्र महतो, रामबचन महतो, हरिनाथ महतो, केदारनाथ मिश्रा, भुवनेश्वर महतो, लक्ष्मी नारायण पंडा, उत्तम पंडा, प्यारी लाल कुशवाहा, सूरज कुशवाहा, धनेश्वर महतो, दीनू महतो, विनोद प्रजापति, रामप्रवेश साव, नरेश ठाकुर, कौलेश्वर प्रजापति, बाबूलाल मुंडा, अशोक करमाली, संतोष करमाली समेत बड़ी संख्या में यज्ञ समिति के लोग उपस्थित थे।

## कुजू बस्ती में मना हनुमान जयंती



**कुजू।** हनुमान जयंती मंगलवार को कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना की गयी। जयंती के अवसर पर श्री श्री महावीर मंडल कुजू बस्ती में पंडित यमुना पांडेय द्वारा यजमान बने सागर कुमार को विधिवत पूजा अर्चना करा गया। वहीं संध्या बेला में स्थानीय महिला श्रद्धालुओं द्वारा भजन-कीर्तन किया गया। बाद में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं क्षेत्र के श्री श्री महावीर मंडल कुजू बस्ती, नया बाजार टांड़ हनुमान मंदिर, कुजू बड़ा मंदिर में स्थापित हनुमान की प्रतिमा, डटमा मोड़, श्री राम चौक के अलावे आरा, सारूबेड़ा, तोपा, ओरला, सांडी, दिगवार, बोंगावार, करमा, रतवे, छोटकी डूंडी, बड़की डूंडी में विधिवत पूजा अर्चना के साथ धूमधाम से हनुमान जयंती मनाया गया। मौके पर बिरजू प्रसाद, नरेश प्रसाद, अमर साहू, अभिषेक साहू लल्ला, ऋतिक साहू, श्रवण शाह, पवन साहू, संजम साहू, शेखर साहू, राहुल साहू, सुजल साहू, चंदन साहू सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

# बरही क्षत्रिय धर्मशाला में विजयोत्सव

## वीर कुंवर सिंह के जीवन से प्रेरणा लें युवा : राज सिंह चौहान



**बरही।** बरही के रेलवे न्यू कॉलोनी में क्षत्रिय धर्मशाला में वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव मनाया। बतौर मुख्य अतिथि क्षत्रिय महासभा के प्रमंडलीय युवा अध्यक्ष सह सद्भवना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान मौजूद थे। इस दौरान बाबू वीर कुंवर सिंह के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। राजसिंह चौहान ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह लंबे अरसे तक अपनी सेना के साथ अंग्रेजों से लड़ते रहे। इसी दौरान वो सेना के साथ बलिया के पास शिवपुरी घाट से रात्रि के समय नाव के सहारे गंगा नदी पार कर रहे थे, तभी अंग्रेजों ने अचानक उन पर हमला बोल दिया और अंधाधुन फायरिंग करने लगे। वीर कुंवर सिंह इस दौरान घायल हो गए और उनके बांह में गोली लगी, तब भी वह रुके नहीं।

अउन्होंने अपनी तलवार से बांह को काटकर नदी में प्रवाहित कर दिया और अंग्रेजी सेना को पराजित करके 23 अप्रैल, 1858 को अपने गांव जगदीशपुर के महल में वापस आए। तब उन्होंने जगदीशपुर के अपने किले पर फतह पाई थी और ब्रिटिश झंडे को उतारकर अपना झंडा फहराया था। यही वजह है कि 23 अप्रैल का दिन उनके विजयोत्सव के रूप में मनाया जाता है। मौके पर सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान के अलावा सेवानिवृत्त सहायक पुलिस अवर निरीक्षक कामेश्वर सिंह, पंसस जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतू ठाकुर, कैलाशपति सिंह, सत्येंद्र सिंह, मोती सिंह, चंदन सिंह, गुरुदेव सिंह, नकुलदेव राणा, संजय केशरी, अनुज प्रजापति, कमलेश कुमार, सत्यप्रकाश रवि, सुरेंद्र कुमार, शरद प्रभाकर, पूजा गुप्ता, अनिशा कुमारी, सुहाना पांडेय, शशि कुमारी, स्नेहा कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## हजारीबाग में मनायी गयी कुंवर सिंह की जयंती



**हजारीबाग।** सर्किट हाउस के समीप भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अमर सेनानी, बाबू कुंवर सिंह जी के जयंती पर समाजसेवी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि 80 वर्ष की उम्र में भी इस महायोद्धा ने अग्रेजों से लड़ाई लड़ी ये सभी लोगों को युगों युगों तक प्रेरित करता रहेगा। श्री सिंह ने बताया कि वीर कुँवर सिंह शिवपुर घाट से गंगा पार कर रहे थे कि डगलस की सेना ने उन्हें घेर लिया, बीच गंगा में उनकी बाँह में गोली लगी थी। गोली का जहर पूरे शरीर में फैल सकता था। इसे देखते हुए वीर कुँवर सिंह ने अपनी तलवार उठाई और अपना एक हाथ गंगा नदी में काटकर फेंक दिया। अंतिम लड़ाई में भी उनकी जीत हुई लेकिन उसके तीन दिन बाद वीर कुँवर सिंह संसार से हमेशा के लिए विदा हो गए, इसलिए वे आज भी हम सब के प्रेरणास्रोत हैं। मुन्ना सिंह के साथ इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी श्री जेपी भाई पटेल मौजूद रहें। मुख्य रूप से उपस्थित अशोक देव, बिनोद सिंह, भगवान सिंह, शत्रुघ्न सिंह, मिथलेश सिंह, अवधेश सिंह, सीडी सिंह, पंकज सिंह, दीपक सिंह, विकास सिंह, डॉ मिथलेश कुमार, शंकर सिंह, राजू सिंह, अनुपम सिन्हा, मनोज कुमार सरोज, गुड्डू सिंह, मनोज सिंह, प्रेम शंकर सिंह, वीरेंद्र सिंह, अजय सिंह, अर्जुन सिंह, शंभु सिंह, बबलू सिंह, आलोक सिंह, गोपाल सिंह, रवि सिंह, टुनटुन सिंह, शत्रुघ्न सिंह, आशीष सिंह, परमानंद सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, रौशन सिंह, रितेश सिंह, डॉ संजीव सिंह, अमित सिंह, बबलू सिंह, बंटी देव, सुनील सिंह, अशोक सिंह, राम सिंह, अनूप सिन्हा, नन्हे सिंह, शैलेंद्र सिंह, राजेश सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में वीर कुंवर सिंह जयंती पर कई कार्यक्रम




**रजरप्पा।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में वीर कुंवर सिंह जयंती पर कई कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पाजंलि के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भैया बहनों ने बड़े ही उत्साह के साथ वीर कुंवर सिंह की जीवनी, 1857 ई. की गौरव कथा, कविता पाठ, राष्ट्रभक्ति गीत, प्रेरक जीवन प्रसंग प्रस्तुत किया। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने वीर कुंवर सिंह को भारतीय स्वाधीनता संग्राम के पुरोधा, अतुलनीय पराक्रम एवं शौर्य का प्रतीत एक सच्चा राष्ट्रभक्त बताया। साथ ही उन्होंने वीर कुंवर सिंह के जीवन एवं प्रमुख रूप से 1857 ई. के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को प्रमुखता से याद किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्या गायत्री कुमारी ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य अक्षय कुमार सिंह, शुक्ला चौधरी, शेखर कुमार, इंद्रजीत सिंह, रेखा पाठक, राकेश सहाय आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## बैंक ऑफ इंडिया पतरातू में चोरी का प्रयास, एक गिरफ्तार

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू थाना क्षेत्र में स्थित बैंक आफ इंडिया शाखा में 15 अप्रैल की रात चोरी की प्रयास हुआ था। चोरों ने बैंक के खिड़की को तोड़कर प्रवेश किया था। इसको लेकर पतरातू थाना में प्राथमिकी की दर्ज की गई थी। पुलिस अधीक्षक ने एक टीम का गठन किया था । टीम ने बैंक के सीसीटीवी कैमरे को खंगाल अपराधियों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया। पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। वीरेंद्र साहू ने उक्त घटना में अपनी संलिपिता को स्वीकार कर लिया। पुलिस ने बैंक में प्रयुक्त लोहे का सबल को बरामद किया है।

# हंगरी से नेशनल टीम में क्रिकेट खेलता है भुरकुंडा का अभितेश

▸▸ **अंतरराष्ट्रीय सेवा में रोटरी इंटरनेशनल की भूमिका सराहनीय : प्रवीण शर्मा**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा निवासी सीसीएलकर्मी सह रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा 3250 के आरटीएन प्रवीण शर्मा ने रोटरी क्लब के कार्यों की सराहनीय करते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय सेवा में भी रोटरी इंटरनेशनल की सराहनीय भूमिका रहती है। उन्होंने बताया कि मेरा पुत्र अभितेश प्राशर जो कि हंगरी से नेशनल टीम में क्रिकेट खेलता है। खेलने के क्रम में उसके पैर में लिगामेन्ट की प्रोब्लम आई। जिसे लेकर मैं बहुत चिंतित हो गया। इसके बाद मैंने रोटरी क्लब ऑफ बुडापेस्ट सिटी (1911) की अध्यक्ष रोटेरियन विक्टोरिया वीटा ग्रिस्सुलर से संपर्क किया।

उन्होंने मेरी बात सुनकर मदद करने की बात कही। उन्होंने तत्काल डॉक्टर से संपर्क कर मुझे तथा मेरे बेटे को सूचना देकर इलाज की व्यवस्था कारवाई। साथ ही उन्होंने डॉक्टर का नंबर भी मुहया कराते हुए कई दिशा-निर्देश भी दिए। प्रवीण शर्मा ने कहा कि क्लब के बारे में मुझे आज एहसास हुआ कि यह कितना मददगार साबित हो सकता है। उन्होंने रोटरी इंटरनेशनल को धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं आज उनकी मदद से इतनी दूर बैठकर भी अपने बेटे की चिंता न करते हुए संतुष्ट हुआ हूं, यह सिर्फ रोटरी इंटरनेशनल की देन है। रोटेरियन श्री शर्मा ने क्लब की सराहना करते हुए कहा कि रोटरी की सेवा भावना देश ही नहीं विदेशों में भी अग्रणी भूमिका निभाता है।

## नाले में गिरी बाइक, तीन घायल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र अंतर्गत भुरकुंडा-पतरातू मेन रोड स्थित डीवीसी सब-स्टेशन के निकट मंगलवार को तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर नाले में गिर गया। दुर्घटना में बाइक पर सवार सौंदा डी निवासी 17 वर्षीय सोनू कुमार और भुरकुंडा टालीमान धौड़ा निवासी 18 वर्षीय दिलीप कुमार व 19 वर्षीय राहुल कुमार तीनों युवक घायल हो गये। स्थानीय लोगों मदद से तीनों युवकों को प्राथमिक उपचार के लिए सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा लाया गया। उपचार के बाद सोनू कुमार और दिलीप कुमार को घर भेज दिया गया। वहीं गंभीर रूप घायल राहुल कुमार को बेहतर इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार तीनों युवक बिना नंबर के हीरो एक्सट्रीम बाइक पर सवार होकर भुरकुंडा से सौंदा डी की ओर जा रहे थें। डीवीसी सब-स्टेशन के निकट तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरा। जिसमें तीनों युवक घायल हो गए। तीनों युवकों को प्राथमिक उपचार के लिए सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा लाया गया।

# श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति आज

**मंडप की परिक्रमा व भागवत कथा में उमड़ी भीड़, भक्ति जयकारों से गूंजा क्षेत्र**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** यज्ञ समिति शिवनगर कॉलोनी के तत्वावधान में रिवर साइड भुरकुंडा स्थित शिव नगर कॉलोनी बीटीटीआई में चल रहे पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा के चौथे दिन मंगलवार को यज्ञाचार्य द्वारा कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये।

इस दौरान वाराणसी खैरहकला के आचार्य सुशील कुमार भारद्वाज (पाठक बाबा) के देखरेख में वाराणसी बक्सर के आचार्य नरेन्द्र पंडित, रामजी पांडेय, शिवनगर रिभर साईड के सुभाष पांडेय व भुरकुंडा के निवास पांडेय द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास, अग्नि प्रवेश आदि अनुष्ठान संपन्न कराये गये। वहीं महायज्ञ के पांचवे दिन बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा के साथ यज्ञ की पूणार्हुति होगी। महायज्ञ की सफलता पर गुरूवार को भव्य भंडारा का आयोजन होगा। इधर यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। सैंकड़ो महिला-पुरूष व बच्चों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। पूजा में बतौर यजमान सुरेश महतो व कपूर देवी, शंभू ठाकुर व पिंकी देवी, अविनाश कुमार व रेश्मी देवी, महेश साव व सुनीता देवी और लाल मोहन तिवारी व तिलोतमा तिवारी शामिल हुए।

पूजा के दौरान ऊं नमः शिवाय, हर-हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। वहीं रात्रि में भागवत कथा का आयोजन हुआ। जिसमें कथा वाचक संतोष जी महाराज के अमृत वाणी की वर्षा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं महिला-पुरूषों ने डुबकी लगाई। महायज्ञ को संपन्न कराने में समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार, उपाध्यक्ष सूरज सिंह, सचिव हिमांशु कुमार ठाकुर, सह सचिव कुणाल सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, सह कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार यादव, अविनाश कुमार, शंभू ठाकुर, राजकुमार सिंह, शत्रुघ्न साहनी, बबलू पांडेय, आयुष कुमार, सुधांशु कुमार, मनोज कुमार पासवान, बादल पासवान, श्याम सिंह, किशन कुमार, दीपक कुमार, नागेंद्र पंडित, रंजीत मालाकार, रामजी ठाकुर, मनोज, रेशमी देवी, सानू देवी, किरण सिंह, सुनीता देवी, आशा देवी, माता देवी, रीता देवी, पिंकी देवी, शोभा पंडित, पार्वती देवी, शकुंतला देवी, सरस्वती देवी सहित कई श्रद्धालु जुटे हैं।

एक नजर में

## विष्णुगढ़ के जरमुने में रुद्र महायज्ञ शुरू



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ के जरमुने में मंगलवार को बाबा मेघनाथ धाम में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ शुरू हुआ। महायज्ञ को लेकर बाबा मेघनाथ धाम से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुरूआत यज्ञ मंडप से किया गया। कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए संतूरपी की खेडो नदी से कलश में जल भरकर गगनभेदी नारा लगाते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचे। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल थे। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि यह महायज्ञ पूरे पांच दिन तक चलेगा। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि महायज्ञ के आयोजन से लोगों में ज्ञान संस्कार और परिवार तथा समाज में शांति आती है।कलश यात्रा में मुख्य रूप से मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, बगोदर प्रमुख आशा राज, विष्णुगढ़ जिला परिषद शेख तैयब, बगोदर जिला परिषद सदस्य दुर्गेश साव, पूर्व जिला परिषद सदस्य यशोदा देवी, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, सुधीर सिंह, जलील अंसारी, महेंद्र यादव, हरि यादव, जितेंद्र यादव, भैरव यादव, राजेश यादव, सुधीर सिंह, आशीष बॉर्डर शामिल थे। कलश यात्रा में शामिल अतिथियों को आयोजकों ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

## चरही में मनी वीर कुवंर सिंह की जयंती

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही मंगलवार को चरही वीर कुंवर सिंह भवन में वीर कुंवर सिंह जयंती मनाई गई।इनके तस्वीर पर क्षत्रिय समाज के लोगों ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।मौके पर समाज के समाजसेवी उमेश कुमार सिंह ने वीर कुंवर सिंह के इतिहास पर चर्चा किया।साथ ही समाज के लोगों को इनके बारे में विस्तार से समझाने का काम किया।इन्होंने ने कहा कि इनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर समाज के लोग राज्य और देश हित में कार्य को करें।ताकि हमारा देश विकसित हो।और विश्व गुरु के रूप में जाना जाय।आगे कहा कि समाज के लोगों को एक सूत्र में बंधकर मजबुत करने की जरूरत है।ताकि क्षत्रिय समाज सशक्त हो सके।मौके पर उमेश कुमार सिंह,धीरेंद्र सिंह, पप्पू कुमार सिंह,आनंद कुमार सिंह, पप्पू सिंह,अनुज प्रताप सिंह,चंदन कुमार सिंह,विनय सिंह,प्रमोद सिंह राठौड़,अनिल सिंह,मनजीत सिंह, सुजीत सिंह,कुंदन सिंह,प्रशांत सिंह, विकास सिंह राठौड़,रोहित सिंह, सुभाष कुमार सिंह,गौतम कुमार सिंह सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

## दो अलग-अलग सड़क हादसो में कई घायल

**चरही।**थाना क्षेत्र के चरही-घाटो मोड़ के पास मंगलवार सुबह एनएच 33 पर एक हाइवा वाहन को मुड़ने के क्रम में 407 वाहन नंबर जेएच01बीपी/1822 ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया।जिस क्रम में चालक घायल हो गया।407 वाहन रांची से मीना बाजार के समान को लेकर हजारीबाग की ओर जा रहा था।इस वाहन के आगे चल रहे हाइवा वाहन चरही-घाटो मोड़ मूड रहा था। जिसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया।इस क्रम में पीछे चल रहे वाहन के चालक स्टेरिंग में दब गया।मौके पर मौजूद पुलिस ने फंसे हुए चालक को तत्काल बाहर निकालकर तत्काल इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले गई ।वहीं दूसरी घटना चरही के बोकारो पुल के पास घटी।एक मारुति कार अहले सुबह तेज रफ्तार में हजारीबाग से रामगढ़ की ओर जा रहा था।वाहन का संतुलन बिगड़ जाने के क्रम में पलट गई।उस पर सवार लोग घायल हो गए।पुलिस को सूचना मिलते ही घटना स्थल पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दी।

## राधा कृष्ण चेतना न्यास धर्मशाला में शादी संपन्न





**बरही।** धनबाद रोड कोनरा में बने राधा स्वामी चेतना न्यास धर्मशाला बरही में सोमवार को पहली शादी संपन्न हुई। शादी कार्यक्रम गौरियाकर्मा निवासी अमरेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। इस पहली शादी में झुमरा (हजारीबाग) निवासी अशोक यादव के पुत्र बतौर वर और घंघरी (बरकट्ठा) निवासी विनोद यादव की पुत्री ने वधू के रूप में एक दूसरे को वरमाला पहनाया। इस अवसर पर मुख्य न्यासकर्ता छट्ठू गोप सहित यादव समाज के कई वरिष्ठ लोग मौजूद थे। मुख्य न्यासकर्ता श्री गोप ने बताया कि धर्मशाला शादी व्याह या अन्य किसी भी कार्यक्रम के लिए उपर्युक्त है। जिसे कोई भी व्यक्ति निर्धारित शुल्क भुगतान कर संचालन समिति से ले सकता है। वर्तमान में सहदेव यादव, जुगल यादव, अशोक यादव आदि की अगुवाई में कार्यकारी संचालन समिति अपना दायित्व निभा रही है। धर्मशाला का कुल क्षेत्रफल लगभग 15000 वर्गफिट है। जिसमे लगभग सवा पांच हजार वर्गफिट में एक बड़ा हॉल, वर व वधू पक्ष के लिए एक एक कमरा व बाथरूम का निर्माण करवाया गया है। धर्मशाला के दस हजार वर्गफिट का हिस्सा पूरी तरह खाली है, जहां पंडाल इत्यादि बनाए जा सकते हैं। इसे हर एक दृष्टि से सुविधायुक्त बनाने का प्रयास किया गया है।

## रसोइया धमना में वारसी ने कांग्रेस गारंटी कार्ड बांटा

**बरही।** कांग्रेस पार्टी के गारंटी कार्ड को जनजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी मंगलवार को रसोइया धमना के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों से मिले और उन्हें पार्टी का गारंटी कार्ड भरकर सौंपा। इस दौरान प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि कांग्रेस के पांच न्याय 25 गारंटी कार्ड में युवा, न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय के तहत 25 गारंटी दी गई है। पार्टी के निर्देश पर प्रखण्ड के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचकर इसे पहुंचाने का प्रयास करूंगा। मौके पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी के साथ पंसस मो तैयब भी मौजूद रहे।

## परवरिश में पृथ्वी दिवस पर ड्रेस प्रतियोगिता



**कुजू।** कुंदरियाबांध स्थित परवरिश एजुकेयर स्कूल कुजू में छात्रों के बीच विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर अनेक प्रतियोगिताएं कराई गई। जहां प्रतियोगिता के माध्यम से पृथ्वी के संरक्षण का संदेश दिया गया। कक्षा पीजी से तीसरी कक्षा के छात्रों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें छात्रों ने अलग-अलग पोशाक पहनकर पृथ्वी और जल के संरक्षण संबंधी बातों को सरल शब्दों में समझाया। वहीं, चौथी और पांचवी कक्षा के छात्रों के बीच अंतरसदनीय स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता कराई गई। जबकि छठी से आठवीं कक्षा तक के छात्रों के बीच अंतरसदनीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें चारों सदनों के छात्रों ने पोस्टर के माध्यम से प्रदूषित पृथ्वी और उजड़ते वन को दशार्या। साथ ही, संरक्षित पृथ्वी की कल्पना करते हुए उसकी छवि प्रस्तुत की। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कक्षा एक के तल्हा सर्वर और अरनब सिंह ने प्रथम, अरहान राजा और सुकृति ओझा ने द्वितीय तथा वेदांत मुंडा और आराध्या सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने जयनगर प्रखंड का किया दौरा, कहा

# क्लस्टर प्वाइंट एवं मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं का व्यवस्था रखें

## सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ की बैठक, दिये कई दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज जयनगर प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड सभागार में सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक की। वहीं उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को उनके कार्य व दायित्व की जानकारी दी एवं मतदान केंद्रों के रूट चार्ट और नजरी नक्शा की जानकारी ली। वहीं उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें, जहां शौचालय निर्माण करना है या चापाकल मरम्मती करना है, वहां यथाशीघ्र कार्य को पूरा करें।




वहीं उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं और 80 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं को होम वोटिंग करने से संबंधित आकलन की जानकारी ली। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली एवं कहा कि मतदान केंद्रों पर सारी मूलभूत सुविधाओं सुदृढ़ रखें, बूथ अवेयरनेस ग्रुप के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

वहीं उन्होंने सभी बीडीओ को मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए सभी मतदान कर्मियों को बेहतर प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगे।

### क्लस्टर, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम और मतदान केंद्रों का निरीक्षण

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा जयनगर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्लस्टर और इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम व विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने कहा कि क्लस्टर की साफ-सफाई सुनिश्चित करें और मूलभूत सुविधाएं यथा पानी, बिजली, शौचालय सुनिश्चित रखें। मौके पर डीटीओ विजय कुमार सोनी, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजुर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, डीएसपी पुरूषोतम कुमार सिंह, बीडीओ सह सीओ जयनगर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, बीएलओ व सुपरवाइजर आदि मौजूद थे।

## अवैध महुआ शराब के विरुद्ध चला अभियान

### 1100 किलो ग्राम जावा महुआ तथा शराब बनाने का उपकरण को किया गया विनिष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निदेश के आलोक में प्रखंड में अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान थाना प्रभारी विजय गुप्ता के नेतृत्व में मंगलवार को प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत कोठियार के नावाडीह जंगल में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान जंगल में अवैध रूप से संचालित महुआ शराब की भठ्ठी को ध्वस्त किया गया, साथ ही 1100 किलो ग्राम जावा महुआ को विनिष्ट किया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी विजय गुप्ता, हवलदार चार्लीस किस्कु, पवन कुमार, भूषण सिंह, चौकीदार बुधन राय आदि शामिल थे।



## भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के नामांकन की तैयारी जोरों पर, कान्हाचट्टी में हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के नामांकन की तैयारियों को लेकर भाजपा मंडल कान्हाचट्टी की बैठक सायल बगीचा के महावीर परिसर में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कान्हाचट्टी के प्रभारी विनोद सिंह, प्रभु नाथ सिंह, सतीश सिंह, कान्हा चट्टी जिला परिषद सदस्य एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। बैठक में 26 अप्रैल को लोकसभा के लोकप्रिय भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के नामांकन में कान्हा चट्टी मंडल से हजारों की संख्या में बाजे-गाजे के साथ अपने प्रत्याशी के नामांकन कार्यक्रम में अपनी अमिट छाप छोड़ने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम में निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह, राम रंजन साहू, अवधेश सिंह, महेंद्र सिंह, विकास सिंह, चंदन केसरी, शालिग्राम सिंह, उप प्रमुख सुमन सिंह, सच्चिदानंद सिंह, अवधेश सिंह गुजुन, विक्की सिंह, प्रवीण सिन्हा, पवन गुप्ता, बैजनाथ यादव, कामाख्या नारायण सिंह, संतोष वर्मा, अविनाश मिश्रा, राजेश दुबे, सुरेश सिंह, सुशील सिंह, शंकर सिंह, अमरेंद्र सिंह, संतनदांगीराजेंद्र सिंह, रामसेवक यादव, प्रमोद सिंह, अनिल सिंह, विभूति नाथ, राजकुमार सिंह, उमेश केसरी, पप्पू सिंह, संदीप सिंह, विनय सिंह, नागौसिंह, प्रिंस केसरी, मोहन उरांव, महेश दांगी, लखन सिंह, रतन सिंह, विजय सिंह, नरेश सिंह, कृष्णा सोनी, प्यारी प्रजापत, महेंद्र राणा, राजेंद्र सिंह नावाडीह, जयशंकर सिंह, दीपक वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।



## क्षत्रिय समाज ने बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव मनाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** बाबू वीर कुंवर सिंह का 166वां विजयोत्सव समिति झुमरीतिलैया के तत्वावधान में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिले के राजपूत समाज के अलावे अन्य समाज के लोग भी शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम स्थल पहुंच कर लोगों ने सर्वप्रथम बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा को विधि विधान से पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने बाबू वीर कुंवर सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके साहस व वीरता की गौरवमयी जीवनी के बारे में लोगों को बताया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में यूपीएससी के एग्जाम में 114वां स्थान हासिल किए सिद्धांत सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान नप के पूर्व अध्यक्ष उमेश सिंह, देवसिंगार सिंह व संजय सिंह ने सिद्धान सिंह को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर समानित किया। युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने सिद्धांत सिंह ने कहा कि शिक्षा अमूल धरोहर है। शिक्षा के बलबूते ही समाज और राष्ट्र का विकास संभव है। शिक्षित होकर ही हम समाज को सही दिशा दे सकते हैं। उन्होंने उपस्थित युवाओं को शिक्षित होने की सलाह दी। वहीं अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह 1857 क्रांति के महानायक थे। हमलोग आजाद भारत में चैन की सांस ले रहे हैं तो इसकी वजह बाबू वीर कुंवर सिंह है। ऐसे नायकों को पूरे देश से सम्मान मिलना जरूरी है। देश दुनिया के लोग भी जानें। हमारे कार्यक्रम का उद्देश्य यही है कि देश-विदेश में बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रसिद्धि फैले। महासचिव राहुल सिंह ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह ने 80 वर्ष की उम्र में मरते दम तक अंग्रेजों से लड़ाई लड़ते रहे। 1857 में उन्होंने आजादी की लड़ाई का शंखनाद किया और पूरे बिहार, उत्तर प्रदेश में अंग्रेजों को परास्त किया।



## कोयला चोरी मामले में दो गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चन्दवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पिपराडीह रेलवे स्टेशन में मंगलवार को हजारीबाग टाउन आरपीएफ टीम ने छापेमारी कर स्टीम कोयला लोड टेम्पु जप्त किया है। मौके पर आरपीएफ की टीम ने चन्दवारा रेलवे ओवरब्रिज के समीप दर्जनों घर छापेमारी किया। जिसमें 18 वर्षीय नितेश कुमार व 15 वर्षीय मुकेश कुमार दोनों ग्राम घोरवाटांड थाना चन्दवारा निवासी को गिरफ्तार किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हजारीबाग से कोडरमा रेल खंड पिपराडीह होते हुए प्रत्येक दिन कोयला लोड ट्रेन का परिचालन होता है। वहीं पिपराडीह स्टेशन परिसर में कोडरमा के कई प्लांट का कोयला अनलोड किया जाता है। पिपराडीह स्टेशन के पहले ट्रेन की रफ्तार जैसे ही धीमा होती है, ग्रामीण कोयला लूटने दौड़ पढ़ते हैं। पूर्व में कोयला चोरी करने के दौरान हादसा भी हो चुका है और महिलाएं जेल भी जा चुकी है। वहीं मदनगुंडी-चंदवारा के बीच रेल खंड पर ग्रामीणों को कोयला लोड ट्रेन रुकने की भनक लगते ही लोग कोयला लूटने के लिए होड़ मचा देते हैं, यह सिलसिला लगातार चल रहा है। जिससे प्रतीक होता है कि रेलवे के कर्मचारी की लापरवाही से कोयला चोरी की जाती है। वहीं सब इंस्पेक्टर रंजय कुमार ने कहा कि कोयला चोरी को लेकर घरों में छापेमारी की जा रही है, कई लोगों का नाम आया है जांच पड़ताल कर मामला दर्ज किया जाएगा। मौके पर एएसआई डी तिर्की, रामावतार सिंह, विनय दुबे समेत कई आरपीएफ के जवान मौजूद थे।

## प्रखंड मुख्यालय में लंबे जाम से राहगीर परेशान

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय में इन दिनों लोग लंबे जाम से परेशान हैं। यह समस्या प्रतिदिन जयनगर थाना चौक से महाराणा प्रताप चौक और पेठियाबागी चौक पर देखी जा रही है। यहां लंबी दूरी तय कर आने वाले राहगीर को घंटों जाम में फंसना पड़ता है। कई बार जाम की जहमत स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को भी झेलनी पड़ती है। यह हाल कोडरमा-कोआर मुख्य पथ का है। थाना चौक से महाराणा प्रताप चौक और ब्लाक रोड में सड़क की चौड़ाई अत्यंत कम है। अगर दोनों ओर से वाहन पहुंच गया तो जाम लगना तय हो जाता है। हालांकि सड़क के निमार्णाधीन को लेकर सड़क की चौड़ाई 40 फीट बढ़ानी है, लेकिन मंथर गति से हो रहे सड़क निर्माण कार्य अतिक्रमण हटाने में बाधा बन रही है। अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार मापी किया जा चुका है, परंतु अधिकारियों की लापरवाही की वजह से सड़क की चौड़ाई नहीं बढ़ सकी है। जाम से हर दिन परेशान यहां के लोग इससे निजात पाना चाहते हैं। वहीं इस जाम की समस्या को लेरक ग्रामीणों ने बाईपास होने से इस समस्या हल होने की बात कही है। वहीं पूर्व जिप सदस्य पवन सिंह, निसार खान, सुधीर साहू, अनिल साहू, सुरेंद्र मोदी समेत कई ग्रामीणों ने सरकार से जल्द से जल्द बाईपास बनाने की मांग की है।

## मॉडल बनाओ प्रतियोगिता में ग्रिजली विद्यालय ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल कोडरमा में आयोजित मॉडल बनाओ प्रतियोगिता में ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। इस मॉडल बनाओ प्रतियोगिता में जिले के 21 हाई स्कूल के 86 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। ग्रिजली विद्यालय के छात्र अमन वर्मा, रीत भदानी, अनुष्का भदानी, आयुष कुमार अपने शिक्षक दीपक पांडेय के साथ इस प्रतियोगिता में शामिल हुए और प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज शामिल हुई। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरुकता संबंधी मॉडल बनाया गया। वहीं मुख्य अतिथि ने विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इसके अतिरिक्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विद्यालय में छात्रों के द्वारा विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को आगामी लोकसभा चुनाव में वोट देने के लिए भी निमंत्रण पत्र दिया गया और वोट करने की अपील की गयी। ग्रिजली विद्यालय के छात्रों की इस शानदार सफलता पर विद्यालय के निदेशक द्वय मनीष कपसिमे, अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ, प्राचार्या अंजना कुमारी, अशरफ खान, विजय सिंह, जीतेन्द्र चौधरी, बुद्ध देब नस्कर, अनुराग सिंह, तुषार रॉय चौधरी, प्रीति जगनानी, सुधांशु कुमार, पंकज उपाध्याय, सुनील कुमार साव सहित पुरे विद्यालय परिवार ने सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना से दो युवक की मौत

**टंडवा।** प्रखंड मुख्यालय के समीप दुंदुवा में एक भीषण सड़क दुर्घटना में राय निवासी 25 वर्षीय संदीप कुमार और केरेडारी के पगार निवासी 27 वर्षीय छोटे कुमार की मौत हो गई। दोनों मोटरसाइकिल से जा रहे थे तभी वे प्रखंड मुख्यालय के दुंदुवा समीप विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रक की चपेट में आ गए। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को तुरंत टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। जहाँ इलाज के दौरान दोनों युवकों की दुखद रूप से मृत्यु हो गई। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने सड़क जाम कर दिया।

### महागठबंधन से लड़ने के लिए अरुण सिंह सबसे प्रभावी उम्मीदवार

**चतरा।** चतरा लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह स्थानीयता और मोदी की गारंटी को लेकर जनसंपर्क अभियान में लगे हैं। इंडिया एलायंस के उम्मीदवार के तौर पर कांग्रेस ने डाल्टेनगंज निवासी केएन त्रिपाठी को घोषित किया है, लेकिन स्थानीय उम्मीदवार की मांग अभी भी जारी है। लोगों की नजर अरुण सिंह और प्रेम सिंह पर है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि चतरा में भाजपा से लड़ने के लिए अरुण सिंह सबसे प्रभावी हो सकते हैं, ताकि चुनाव एकतरफा न हो। चतरा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव जीतने के लिए जिस उम्मीदवार को तीन बड़ी आबादी वाली जातियों का समर्थन मिलेगा, उसके जीतने की प्रबल संभावना है। चतरा की जनता अपने अधिकारों के प्रति पहले से अधिक जागरूक हो गई है। स्थानीय उम्मीदवार की मांग और चतरा की जनता के मूड को समझने के लिए भाजपा ने देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को चतरा भेजा था। मंत्री राजनाथ सिंह के दौरे के बाद ही भाजपा ने चतरा के लोकप्रिय नेता कालीचरण को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा खेमे से ही नहीं, एनडीए और चतरा लोकसभा क्षेत्र में कहीं से भी कालीचरण सिंह को लेकर असहमति के स्वर नहीं सुनाई दिए हैं। वहीं इंडिया अलायंस की ओर से घोषित कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ सहमति और असहमति को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई।

### बलबल में हनुमान जयंती पर भाजपा ने मनाई जयंती

**गिद्धौर।** चतरा हजारीबाग मुख्य बॉर्डर स्थित बलबल में भारतीय जनता पार्टी गिद्धौर मंडल द्वारा हनुमान जयंती के अवसर पर बलबल स्थित बागेश्वरी मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा पाठ कर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चतरा लोकसभा के प्रत्याशी आदरणीय कालीचरण सिंह को रिकॉर्ड मतों के साथ विजय प्राप्त होने की कामना की गई। तत्पश्चात होटल में द्वारी पंचायत के कार्यकताओं के साथ 26 अप्रैल को नामांकन की तैयारी को लेकर चर्चा करते हुए कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी चतरा जिला के सम्मानित अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, गिद्धौर भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, अशोक गुप्ता, ओबीसी मोर्चा जिला प्रभारी बिंदेश्वरी यादव, प्रेमचंद यादव, शशि गुप्ता समेत कई स्थानीय कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## एक नजर में

### हनुमान जयंती महोत्सव संपन्न

**कोडरमा।** दो दिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव मंडल का 43वां वार्षिक उत्सव मंगलवार को हवन व भव्य गजरा अर्पण के साथ संपन्न हुआ। मौके पर आयोजित सवा 24 घंटे का संगीतमय भजनों कार्यक्रम में श्रद्धालु घंटो झूम उठे। वहीं अड्डी बांग्ला रोड स्थित केदारनाथ रामगोपाल फैक्ट्री में आयोजित महोत्सव कार्यक्रम में सवामणि प्रसाद के अलावा विविध कार्यक्रम हुए। वहीं महोत्सव कार्यक्रम में धनबाद से आए भजन गायक दीपक अरोड़ा व पटना से आए अभिषेक सिंगल व स्थानीय भजन गायक नवीन पांडेया, राकेश राजपूत, सत्येंद्र सिन्हा, विनोद चौरसिया, राकेश काप्सीमें, मुन्ना भदानी, सुमन सोनकर आदि के द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीत मौजूद श्रद्धालु भक्तों को झुमने पर मजबूर कर दिया। समापन समारोह में बतौर अतिथि अभिषेक पांडे ने कहा कि हनुमान जी त्यागवा तपस्या की मूर्ति थे जो भक्ति दिव्यता व समानता का परिचय दिया था। हनुमान की भक्ति से हमें सीखने की जरूरत है। मौके पर मंडल की ओर से आए हुए अतिथियों व भजन गायको को प्रतिक शिंदे का सम्मानित किया गया। मौके पर नवीन सिन्हा, विक्की केसरी, विमल मोदी, मधुसूदन दारूका, अनिल अग्रवाल, अरविंद चौधरी, बबलू पांडेय, गौतम पांडेय, नितिन मिश्रा, अनूप मोदी, अनिल मिश्रा सहित मंडल के सभी सदस्य मौजूद थे।

### झूठों की जमात को कोडरमा में मिलेगा करारा जवाब: रमेश

**कोडरमा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व झारखण्ड प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य रमेश सिंह ने कहा कि कोडरमा में इन दिनों झूठ बोलने वालों की जमात सक्रिय हो गयी है, जो तथ्यहीन बातों के आधार पर कीचड़ उछालने में व्यस्त है, मगर इन अराजकतावादियों को याद रखना चाहिए कि कीचड़ में ही कमल खिलता है और इस बार कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के घर घर में एक एक ईवीएम में कमल खिलने से कोई रोक नहीं सकता। वहीं रमेश सिंह ने कहा कि घमंडीया गठबंधन और अराजक भाकपा माले के लोग आईना देखने के आदी नहीं, वरना उन्हें खुद अपना कलुषित चेहरा देखकर शर्म आ जाती। बिहार-झारखण्ड के जेल में बंद सबसे बड़े घोषित बालू चोर के घर में बैठकर वे जनता को बालू की हो रही किल्लत पर बेशर्मी से बयान जारी करते हैं। सत्ता के संरक्षण में ढिबरा का काला कारोबार करनेवाली और ढिबरा चुन-बीछकर दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करनेवालों के पेट पर लात मारनेवाली हेमंत-चंपाई सरकार की चरणवंदना करने वाले लोग ढिबरा के मसले पर जबरदस्ती सांसद और केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। अब एक नया शिगूफा लिथियम का फैलाया जा रहा है। अगर केंद्र सरकार ने लिथियम के नाम पर ढिबरा पर कोई रोक लगाई है तो यह बेशर्म साक्ष्य सामने क्यों नहीं लाते। हालांकि इनके इसी बयान से मूर्खों की इस जमात ने यह भी साबित कर दिया है कि इन्हें जनता के रोजी रोजगार की कितनी फिक्र है। कोडरमा की समझदार और जागरूक जनता ही इन्हें समझा देगी कि यदि वाकई यहां लिथियम का रिजर्व मिला तो रोजगार और कारोबार के लिहाज से वो ढिबरा से कई गुना ज्यादा कारगर होगा। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में एक ऑडियो वायरल हो रहा है, जिसमें भाकपा माले की ओर से एक प्रवासी मजदूर को आंख फोड़ने की धमकी दी जा रही है।

### डीसी रमेश घोलप का सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप ने सोमवार देर रात 12 बजे सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, डॉक्टरों और कर्मचारियों की उपस्थिति, मरीज वार्ड आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कुछ कर्मचारी अनुपस्थित थे और कुछ लापरवाह थे। उन्होंने अनुपस्थित और लापरवाह कर्मचारियों से कारण पूछा और उन्हें कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई की कमी पर भी नाराजगी जताई और आउटसोर्सिंग एजेंसी को फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिया कि अस्पताल में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और मरीजों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बढ़ते तापमान को देखते हुए अस्पताल में पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने आज निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया और प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत रेंडमाइज्ड ईवीएम को वेयर हाउस से प्रीपोल स्ट्रॉन्ग रूम चतरा कॉलेज चतरा में शिफ्ट कराने के लिए सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस खोला गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयर हाउस खोलकर उनमें सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम का रख-रखाव समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों की जाँच की और सभी मानक क्रियान्वित पाए गए। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से ईवीएम वीवीपैट के नोडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, कोषांग के कर्मी, कार्यालय कर्मी समेत अन्य उपस्थित थे।

### शत प्रतिशत मतदान को लेकर चला जागरूकता अभियान

**कुंदा (चतरा)।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रखंड प्रशासन द्वारा स्वीप (मतदाता जागरूकता) अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सिक्कीदाग पंचायत के सरजमातु गाँव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मनरेगा बीपीओ अजय सिन्हा ने मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी जानकारी देते हुए अधिक से अधिक मतदान करने की नैतिक जिम्मेदारी बताई। उन्होंने कहा कि यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरे। उन्होंने उपस्थित मतदाताओं को शपथ दिलाई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे और अपने घरों और आस-पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करेंगे। प्रबुद्धजनों से लोगों को अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 30 से 40 लोग उपस्थित थे।

## पृथ्वी दिवस पर सेक्रेड हार्ट स्कूल में बच्चों ने किया पौधरोपण

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर बच्चों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस मौके पर प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने बच्चों को पृथ्वी को बचाने में पेड़ पौधा के महत्व को बताया और कहा के धरती तब तक सुरक्षित रहेगी जब तक पृथ्वी पर पेड़ पौधे और हरियाली रहेंगे। उन्होंने समाज के हर वर्ग के लोगों से प्लांटेशन करने की अपील की। इस अवसर पर बच्चों के बीच पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विशाल कुमार, तृषा राही, विराट कुमार, प्रिंसी कुमारी, अवनि सिंह, अद्रिजा बिस्वास, अस्प्रित राज, अर्णव आनंद, आरोही दारुका और नैंसी राज अपने वर्ग में क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किये।

मौके पर कामिनी सहाय, स्वाति सिंह, प्रियंका कुमारी गुप्ता, स्वीटी सिन्हा, लवली कुमारी, रूबी कुमारी वर्मा, रेखा राणा, पूजा सलूजा, लता सिन्हा, सपना शर्मा, रंजीता कुमारी, जयप्रकाश सिंह, पायल सिंह समेत सभी शिक्षकेत्तर कर्मी एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।



# मतदान निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में होगा : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का पूरी तरह से पालन किया जाएगा और निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान होगा। अधिसूचना जारी होने के बाद से अब तक 16 हजार नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज किए गए हैं। जिले में अब तक 18 करोड़ 72 लाख रुपये का नशीला पदार्थ जब्त किया जा चुका है। पिछले लोकसभा चुनाव में चतरा लोकसभा का मतदान प्रतिशत राज्य के मतदान प्रतिशत से कम था, इसलिए इस बार जिले के 914 मतदान केंद्रों में से 350 मतदान केंद्रों को चिन्हित किया गया है, जिनमें मतदान प्रतिशत कम हुआ था। उन मतदान केंद्रों के मतदाताओं में रात्रि चौपाल आयोजित कर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। चतरा जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 350 में से 50 मतदान केंद्रों की विशेष निगरानी के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप और डीडीसी समेत अन्य पदाधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नए मतदाताओं के नाम जोड़ने में डीडीसी पवन कुमार मंडल समेत जिला, प्रखंड एवं बीएलओ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसके कारण झारखंड में चतरा जिला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों में शामिल है। धारा 107 के तहत अब तक 1461 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। मतदान को पूरी तरह से निष्पक्ष और भयमुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है और मतदाताओं से निर्भीक होकर अपने मतों का प्रयोग करने की अपील की है। मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए जिले के सभी 914 बूथों पर रात्रि चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। प्रेस कांफ्रेंस में चतरा एसडीओ सुरेंद्र उरांव, सिमरिया एसडीओ सन्नी राज और डीपीआरओ शकील अहमद भी मौजूद थे।



# देश बचाना है तो भाजपा को हटाकर इंडिया गठबंधन को लाना होगा : जोबा मांझी

■ सीएम चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, दीपक बिरुआ समेत वरिष्ठ नेता मौजूद

■ झारखंड की सभी 14 सीटों पर इंडी प्रत्याशी होंगे विजयी, भाजपा का नहीं खुलेगा खाता : चंपई सोरेन

**खबर मन्त्र टीम**

**चाईबासा/जमशेदपुर।** सिंहभूम संसदीय सीट के लिए इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी ने नामांकन दाखिल कर दिया है। जोबा मांझी ने अपराह्न 12:40 बजे जिला निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, दीपक बिरुआ समेत अन्य वरीय नेता उपस्थित रहे।

इंडिया गठबंधन उम्मीदवार के नामांकन से पहले कांग्रेस भवन से खूंटकटी तक रैली निकाली गई जो एक जनसभा में तब्दील हो गई। जन सभा को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जोबा मांझी,सांसद महुआ मांझी, मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक निरल पूर्ति, कांग्रेस विधायक सोनाराम सिंकु, झामुमो प्रदेश महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने संबोधित किया।

सिंहभूम लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी यह चुनाव साधारण नहीं है। यह हमारे प्रदेश के सम्मान का चुनाव है। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के सम्मान का चुनाव है। सीएम चंपाई सोरेन ने आपको बताया कि कैसे गठबंधन ने मजबूती से चुनावी जंग को पार किया है। ये चुनाव साधारण नहीं है ये हमारे अस्तित्व की रक्षा का चुनाव है। हमारे प्रदेश में जल, जंगल और जमीन की रक्षा के सवाल का चुनाव है। ये हमारे नेता हेमंत सोरेन के सम्मान का चुनाव है। हमारी लड़ाई जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए है। दिवंगत देवेंद्र मांझी ने आदिवासी और मूलवासी के हक और अधिकार की लड़ाई में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने झारखंड में आदिवासी हक और अधिकार की रक्षा के लिए दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के हक और अधिकार संविधान में निहित है। भाजपा संविधान ही खत्म करना चाहती है। उसे बचाना होगा। यदि बीजेपी फिर से सत्ता में आई तो जंगल से हमारा मालिकाना अधिकार खत्म कर देगी। ये आपके वोट से संभव होगा। आप 13 मई को अपने घरों से निकलें और जमकर वोट करें। इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीत दिलाएं। देश बचाना है तो इंडिया गठबंधन को मजबूत करना होगा। भाजपा को देश से हटाना होगा।

## जोबा मांझी ने किया नामांकन



जोबा मांझी को नामांकन दाखिल कराने ले जाते मंत्री बन्ना गुप्ता व अन्य।

# अवैध निर्माण को गिरा कर आइये तब सुनेंगे तहरीर: झारखंड हाईकोर्ट

›› जेएनएसी को झारखंड हाईकोर्ट ने दी कड़ी नसीहत

›› मामला जेएनएसी क्षेत्र में नक्शा विचलन करने का

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** मंगलवार को झारखंड उच्च न्यायालय में माननीय न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय और माननीय न्यायाधीश दीपक रौशन की पीठ में राकेश झा द्वारा दायर जनहित याचिका 2078 /2018 की माननीय उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई।

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा गठित अधिवक्ताओं के चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता आर एन सहाय ने माननीय अदालत के समक्ष कमीशन की दूसरी रपट सौंपी!

अक्षेष के अधिवक्ता ने माननीय अदालत को बताया कि अक्षेष ने 46 भवनों के सील किया है इस पर माननीय अदालत ने अक्षेष अधिवक्ता से पूछा सील नहीं कितने अवैध निर्माण तोड़े यह बताईये! माननीय अदालत ने आगे कहा कि पहले कुछ अवैध निमार्णों को गिरा कर आईये तब आपकी तहरीर देखी जायेगी!

पिटीशनर के अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव ने माननीय अदालत को फिर से याद दिलाया कि अक्षेष के अधिवक्ता गुमराह कर रहे हैं अक्षेष ने जिन 46 भवनों को 2011 में सील कर सीलिंग हटा ली थी उसी लिस्ट को 2024 की लिस्ट बनाकर हलफनामा दायर कर दिया है और एक भी अवैध निर्माण गिराया नहीं गया है।

माननीय अदालत ने कमीशन की रपट देखने के बाद अक्षेष के अधिवक्ता से कहा कि अदालत ने बेसमेंट में पार्किंग और कामर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने की बात सुनी है पर बेसमेंट में किचन भी बनाया गया है यह कभी नहीं सुना गया। माननीय अदालत सेंटर प्वाइंट होटल में हुए अवैध निर्माण का हवाला दे रही थी।

चूंकि कमीशन ने आज ही माननीय अदालत में अपनी रपट दायर की अतः माननीय अदालत ने कहा कि अदालत रपट को पूरा देखना चाहेगी अतः मेरिट पर इसकी सुनवाई के लिए 30.04.2024 की तारीख मुकर्रर की। याचिकाकर्ता के तरफ से अधिवक्त अखिलेश श्रीवास्तव, रोहित सिंहा और एम आई हसन ने सुनवाई में हिस्सा लिया!

## खूंटी में भाजपा के पक्ष में बह रहा जनसैलाब : काले

■ खूंटी लोकसभा सीट से आज अर्जुन मुण्डा ने किया नामांकन, लिया मां दुर्गा व भोले बाबा का आशीर्वाद



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा ने खूंटी लोकसभा सीट के लिये नामांकन किया। पार्टी कार्यकताओं ने बहुत ही दमदार उपस्थिति दिखाते हुए एक बड़े जन सैलाब के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस अवसर पर जमशेदपुर से भी सैकड़ों कार्यकर्ता व वरिष्ठ नेता खूंटी पहुंचे थे। इस अवसर पर पार्टी के कद्दावर नेता व पूर्व पार्टी प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले भी उपस्थित थे। काले ने कहा कि अर्जुन मुण्डा जी एक बेहतरीन राजनीतिज्ञ के अलावा एक बेहतरीन इंसान भी है जिसके कारण जनता उन्हें बेहद प्यार और स्नेह करती है और पूर्ण विश्वास है कि खूंटी की बेहद स्वेदनशील जनता इस बार भी पुनः उन्हें अपना प्यार और आशीर्वाद अवश्य प्रदान करेगी। आज पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति देशवासियों का अटूट विश्वास और श्रद्धा बना हुआ है।

## मां प्रेरणा है, मां मेरी शक्ति है : अर्जुन मुंडा

■ खूंटी में नामांकन से पूर्व अपनी बीमार मां से आशीर्वाद लिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने खूंटी लोकसभा क्षेत्र में नामांकन दाखिल करने की पूर्व संध्या पर जमशेदपुर पहुंचे और घोड़ाबांधा स्थित आवास पर जाकर अपनी मां सायरा मुंडा से जीत का आर्शीवाद लिया। इस अवसर पर मुंडा ने लिखा, मां प्रेरणा है, मां मेरी शक्ति है, मां मेरी ऊर्जा है, मां मेरी साहस है, हिम्मत है, ताकत है। जब भी उससे मिलता हूँ, सारी थकान दूर हो जाती है। प्यार से पुचकार कर जब वो पूछती हैं दिनभर ज्यादा काम था क्या? थक तो नहीं गया, कुछ खाया अर्जुन? चाहे, आप उम्र के किसी भी पड़ाव पर हों; अपनी संतान के लिए मां की ममता, उनका वात्सल्य, उनका निःस्वार्थ प्रेम, उनके जज्बात सदैव ममत्व से भरे होते हैं।

अर्जुन मुंडा ने बताया कि पिछले कुछ समय से मां बीमार हैं, इसलिए इस बार वह रांची आवास नहीं आ पाईं। नामांकन की पूर्व संध्या पर जमशेदपुर स्थित घर में मां से मिलकर आशीर्वाद लिया।



जमशेदपुर में अपनी बीमार मां से आशीर्वाद लेते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा।

# कोल्हान ने अंग्रेजों को पराजित किया अब भाजपा की बारी : कल्पना सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**चाईबासा।** केवल झारखंड ही नहीं बल्कि देश भर में चुनाव है। एक तरफ पूंजीपति की पार्टी है। दूसरी तरफ गरीब दलित आदिवासी और अल्पसंख्यक की पार्टी है। 2019 में पूर्ण बहुमत से हेमंत सोरेन की अगुवाई में सरकार बनी। इसके बाद से लगातार भाजपा सरकार गिराने का प्रयास करती रही। इस दौरान हेमंत सोरेन कल्याणकारी योजना बनाते रहे। आदिवासी मूलवासी कल्याण के लिए काम करते रहे। सरकारी पदों पर नियुक्ति का काम भी होता रहा। टीचर की बहाली हुई। बीजेपी ने षड्यंत्र करके हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया। अब भी साजिश कर रही है। संविधान को बदलने की कोशिश कर रही है। उसमें हमारे हक और अधिकार निहित हैं। उन्हें शिथिल करने का प्रयास हो रहा है। आज हेमंत जेल में हैं इसलिए मुझे आपके बीच आना पड़ा। मैं उनका संदेश आपके बीच लेकर आई हूं। ये सिंहभूम की धरती है। यहां की जनता शेर है। किसी के सामने नहीं झुकती है। कभी नहीं। आपकी ताकत न अंग्रेजों के सामने झुकी न अब तानाशाही सरकार के सामने झुकी है। भाजपा को उखाड़ फेंकना है जो आदिवासी मूलवासी का हक और अधिकार छीन लेना चाहती है। मणिपुर में क्या हुआ आपने देखा। आदिवासी की बात करते हैं लेकिन जब नरसंहार हुआ तो भाजपा नेता ने वहां पैर नहीं रखा। ये इनका आदिवासी प्रेम है।

## डीसी और एसएसपी पहुंचे एलबीएसएम कॉलेज

■ डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण, तैयारियों को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने बहरागोड़ा, घाटशिला एवं पोटका के पोलिंग पार्टी के डिस्पैच हेतु चिन्हित एलबीएसएम कॉलेज, करनडीह का निरीक्षण किया। सुगमता से पोलिंग पार्टी अपने अपने निर्वाचन क्षेत्रों में प्रस्थान करें इसको लेकर कॉलेज परिसर का मुआयना कर मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए स्ट्रॉंग रूम का निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को दिया गया। साथ ही परिसर में आवश्यकतानुसार बेरिकेडिंग को लेकर निदेशित किया गया।

# जमशेदपुर लोकसभा सीट पर नामांकन 29 अप्रैल से छह मई तक

■ डीसी अनन्य मित्तल ने नामाकंन के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर की बैठक

■ बेरिकेडिंग, मजिस्ट्रेट की तैनाती, पार्किंग, ड्रॉप गेट आदि, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल।

**जमशेदपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। जमशेदपुर लोकसभा सीट पर चुनाव के लिए 29 अप्रैल को नामांकन की अधिसूचना जारी होगी। नामाकंन के दौरान विधि व्यवस्था के संधारण के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल द्वारा प्रशासन एवं पुलिस के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में समाहरणालय परिसर एवं निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय में आवश्यक बेरिकेडिंग, मजिस्ट्रेट की तैनाती, पार्किंग, ड्रॉप गेट, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विदित हो कि 09-जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 29 अप्रैल से 06 मई तक नामाकंन की तिथि निर्धारित है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सुचारू रूप से नामांकन की प्रक्रिया के लिए निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन का शत प्रतिशत अनुपालन किया जाए। आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर लागू निषेधाज्ञा एवं आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशी समेत कुल पांच लोगों को निवार्ची कार्यालय में प्रवेश की अनुमति होगी। बैठक में एसएसपी किशोर कौशल, सिटी एसपी श्री मुकेश लुणायत, एडीएम (एसओआर) महेन्द्र कुमार, निदेशक एनईपी अजय साव, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी पारूल सिंह समेत डीएसपी, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज



### रूरल एसपी ऋषभ गर्ग का नक्सल प्रभावित इलाकों में अभियान

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण ऋषभ गर्ग ने सीआरपीएफ के साथ सुदूरवर्ती एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों उत्क्रर्मित मध्य विद्यालय ओपो (पटमदा थाना क्षेत्र) अन्तर्गत आने वाले कलस्टर से सारी एवं बटलूका पोलिंग स्टेशन लोकेशन में अभियान चलाया गया। आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर वहाँ के ग्रामीणों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़ चढ़ कर वोटिंग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं से रुरल एसपी ने न सिर्फ संवाद किया बल्कि उन्हें दुलारा भी।

### सीडीएस-2 फाइनल में कदमा के अविनाश कुमार को 56वां रैंक



**गम्हरिया।** यूपीएससी के सीडीएस 2 फाइनल परीक्षा के परिणाम में जमशेदपुर के कदमा निवासी रिजल्ट अविनाश कुमार ने परचम लहराया है। उसने उक्त परीक्षा में 56वां रैंक हासिल कर शहर का नाम रौशन किया है। अविनाश ने दसवीं तक की पढ़ाई राजेंद्र विद्यालय से की। उसके बाद इंटर की पढ़ाई डीएवी स्कूल बिष्टुपुर से की। इसके बाद वर्ष 2023 में दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज से दर्शनशास्त्र में स्नातक की पढ़ाई प्रथम श्रेणी से पूरी की। अविनाश के पिता कृष्ण कुमार सिंह एक निजी कंपनी में कर्मचारी हैं जबकि माता रेखा सिंह एक ब्यूटी पार्लर चलाती है। उन्होंने एक छोटे से गांव से निकलकर अपने बच्चों की परवरिश बेहतरीन तरीके से करने की चुनौती ली जिसे अविनाश ने पूरा कर दिखाया। अविनाश ने इस सफलता के पीछे अपने माता-पिता का सबसे महत्वपूर्ण योगदान बताया है। उसने कहा कि माता-पिता के प्रयासों और प्रोत्साहन के बिना वह यह सपना पूरा नहीं कर पाता।

### गोलमुरी फायरिंग के दो आरोपी गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** गोलमुरी थाना क्षेत्र में गज 16 अप्रैल को हुई फायरिंग की घटना का पुलिस पर पदार्फाश कर दिया है। इस घटना में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भी दिया है। यह जानकारी सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणावत ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। गिरफ्तार बदमाशों में गोविंदपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला सुमित यादव उर्फ मुडी व गोलमुरी थाना क्षेत्र तुला डूंगरी लाइन नंबर एक का निवासी विक्की सिंह शामिल है। इन दोनों युवकों के पास से पुलिस ने एक देशी पिस्तौल, एक मैगजीन और एक जिंदा गोली बरामद किया है। गिरफ्तार सुमित यादव का पहले से ही आपराधिक इतिहास रहा है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए शामिल टीम में सिटी डीएसपी सुधीर कुमार एएसआई संजय कुमार मालवीय एएसआई गौरव कुमार सिंह, एसएसआई राज रोशन और सशस्त्र बल शामिल थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक नजर में

### प्लान इंडिया-विश्व जन सेवा ट्रस्ट का मेडिकल कैंप




**जमशेदपुर।** प्लान इंडिया एवं विश्व जन सेवा ट्रस्ट की ओर से टाटा स्टील के एचएसएम गेट, बर्मा माइन्स में हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में जनरल चेकअप के साथ-साथ ड्राइवरों का एचआईवी जांच हुई। डॉक्टरों ने एचआईवी एड्स से बचने के उपाय बताये। चिकित्सा शिविर में 100 से ज्यादा मरीजों की जांच की गयी। शिविर में डॉ मनीष कुमार झा, डॉ श्याम नारायण सिंह कुशवाहा, प्लान इंडिया के मैनेजर कंचन कुमार, एचआईवी एड्स काउंसलर आनंद कुमार, एवं मनोज कुमार, हीरा लाल ने सहयोग किया।

### टाटा मोटर्स ट्रेनिंग सेंटर में मतदाता जागरूकता



**जमशेदपुर।** उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग श्री मनीष कुमार के निर्देशानुसार मैनेजमेंट ट्रेनिंग सेंटर, टेल्को में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान सभी से मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज है या नहीं इसकी जानकारी ली गयी। साथ ही कंपनी अंतर्गत कार्यरत सभी पदाधिकारी/ कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु अपील किया गया। मतदाता सूची में नाम के सत्यापन हेतु वोटर हेल्प लाइन एप, 1950 टोल फ्री नंबर की जानकारी दी गयी। साथ ही बीएलओ के माध्यम से भी फॉर्म 6 भरने की बात कही गयी। बताया गया कि 26 अप्रैल फॉर्म 6 भरने की अंतिम तिथि है ऐसे में अपने सगे संबंधियों, आस पड़ोस के ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करते हुए मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएं। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सभी के द्वारा मतदान करने का शपथ लिया गया तथा मतदान तिथि के संबंध में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बाइक एवं कार में स्टीकर लगाया गया।

### पति शहीद देवेंद्र माझी को श्रद्धांजलि अर्पित कर नामांकन के लिए पहुंचीं जोबा मांझी



**चक्रधरपुर।** इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार जोबा माझी सिंहभूम लोकसभा सीट से आज नामांकन दाखिल करने से पहले अपने चक्रधरपुर आवास परिसर में अपने दिवंगत पति देवेन्द्र नाथ माझी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने उनकी समाधि स्थल पहुंची। यहां जोबा माझी के समर्थकों ने उनके समर्थन में नारेबाजी की। उसके बाद जोबा का काफिला चाईबासा के लिए रवाना हो गयी।

### जमशेदपुर में मानसिक तौर पर हार मान चुका है विपक्ष का इंडी गठबंधन : अनिल मोदी



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के चुनावी रण में भाजपा द्वारा विद्युत वरण महतो के रूप में अपना उम्मीदवार घोषित किये डेढ़ माह से ज्यादा हो चुके है।जमशेदपुर में लोकसभा चुनाव की तिथि भी नजदीक आ रही है। परंतु इंडि गठबंधन की ओर से किसी प्रत्याशी का नाम अभी तक घोषित नहीं हुआ है। इस पर तंज करते हुए भाजपा के जिला महामंत्री अनिल मोदी ने कहा है कि झारखंड में विपक्ष मुद्दा विहीन एवं जमशेदपुर में विपक्ष प्रत्याशी विहीन दिख रहा है। इतने दिन बीत जाने के बाद भी प्रत्याशी की घोषणा नहीं होने से विपक्ष का सांगठनिक खोखलापन उजागर हो चुका है। साफ दिख रहा है कि उनके पास ऐसा कोई प्रत्याशी नहीं जो भाजपा प्रत्याशी विद्युत महतो को टक्कर दे सके। अधिकतर नेता भाजपा से सीधे लड़ने से बच रहे है। मोदी के नाम और विद्युत के काम की लोकप्रियता लोगो के सर चढ़ कर बोल रही है। दरअसल प्रदेश के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन खुद विगत लोकसभा चुनाव में विद्युत महतो से मात खा चुके हैं। जमशेदपुर की जनता भी स्थितियों को समझ रही है और लगातार तीसरी बार विद्युत महतो को सांसद बनानें का मानस बना चुकी है। विपक्ष के कार्यकर्ता जमशेदपुर सीट पर मानसिक रूप से अपनीं हार स्वीकार कर चुके है।

### शौर्य दिवस के रूप में मना वीर कुंवर विजयोत्सव



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री समरेश सिंह के नेतृत्व में आज सुबह 11.30 बजे जुगसलाई में बाबू वीर कुंवर सिंह चौक स्थित उनके अदामकद प्रतिमा पर मलायार्पण कर एवं राहगीरों के बीच फल एवं ग्लूखोज पैकेट का वितरण कर बाबू वीर कुंवर सिंह के 166 वां विजयातोस्व को धूमधाम से मनाया गया। मौके पर लोगों को सम्बोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष देवांशु शेखर सिंह ने कहा की बाबू वीर कुंवर सिंह 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के अद्वितीय योद्धा थे। 80 वर्ष के उम्र के आखिरी पड़ाव में भी उन्होंने दानापुर से आजमगढ़ तक किस प्रकार अंग्रेजो को मार भगाया ये इतिहास के पन्नो पर स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है आज भी उनकी वीरता को याद कर रोंगटे खड़े हो जाते है। आज के युवा पीढ़ी को उनके जीवन शैली से प्रेरणा लेते हुए हमेशा संघर्ष के पथ पर चलनी चाहिए एवं मातृभूमि, धर्म एवं न्याय के लिए हमेशा सर्वोवश्व न्योछावर करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष महेश सिंह, पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह, महानगर अध्यक्ष देवांशु शेखर, सरायकेला जिलाध्यक्ष रवि शंकर सिंह, अमरेश सिंह,विनय सिंह श्रीकांत सिंह, संतोष सिंह, सौरभ सिंह, प्रीतम सिंह, पुरषोत्तम सिंह, मोनू सिंह, रौनक सिसोदिया, शुभम सिंह, पवन सिंह, अनिल सिंह, बलदेव सिंह, अभिमन्यु सिंह, हरिओम सिंह, सुधीर सिंह, जय प्रकाश सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष श्रीकांत सिंह ने किया।

## स्पीड न्यूज

### 19 डीलरों से मांगा गया स्पष्टीकरण

**पाटन पलामू।** आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार ने पाटन के 19 पीडीएस डीलरों के विरुद्ध पत्र जारी किया है। उन्होंने समीक्षात्मक बैठक में प्रखंड के अधीन सभी डीलरों को मार्च 2024 का वितरण 95 प्रतिशत करने का निर्देश दिया था किंतु पाटन के 19 डीलरों ने समय सीमा में राशन नहीं बांटा। वितरण कार्य में रूचि नहीं रखने तथा वितरण प्रतिशत नहीं बढ़ाने पर पाटन के 19 डीलरों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### एक शिक्षा सबों का अधिकार को लेकर पदयात्रा का समापन



**मेदिनीनगर।** एक शिक्षा सबो का अधिकार के साथ दो दिवसीय पदयात्रा का समापन किया गया। यह यात्रा पूर्ण रूप से गैर राजनीतिक रही और आम नागरिकों की समस्या को देखते हुए पलामू के समाजसेवियों द्वारा 47 किलोमीटर की पदयात्रा मेदिनीनगर में उपायुक्त पलामू कार्यालय में कई बिंदुओं के साथ मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में कक्षा के अनुसार आवश्यक पुस्तको का चयन एवं मूल्य निर्धारण सीमित किया जाए। यह सभी दुकानों पर आसानी से उपलब्ध हो सकें। विद्यालय में 95 प्रतिशत एनसीईआरटी किताबें लागू हो। बेहतर शिक्षा सुविधा के लिए पुस्तकों का चयन सरकार से चयनित पब्लिशर्स का हो। यात्रा में कमलेश कुमार सिंह, मजदूर नेता राकेश सिंह, विवेक सिंह उर्फ लड्डू,बबलू चावला, धनन्जय राय, नागेंद्र गुप्ता, बिट्टू खान, शशिकांत तिवारी, मनोहर लाली, रिंकू सिंह भी थे।

### पलामू जिला से बिस्कोमान का चुनाव निर्विरोध जीते प्रफुल सिंह



**मेदिनीनगर।** बिस्कोमान (बिहार-झारखंड) की विशेष आमसभा का निदेशक पार्षद के प्रतिनिधि निर्वाचन के लिए सोमवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया गया। डालटनगंज सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक परिसर स्थित बिस्कोमान भवन में बिस्कोमान के जिला मतदान पदाधिकारी सह निर्वाचन प्रभारी विवेक कुमार सिंह के समक्ष प्रफुल सिंह ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। प्रफुल के खिलाफ किसी ने नामांकन नहीं भरा इसलिए उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। प्रफुल हुसैनाबाद के पिपरा प्रखंड के मूल निवासी हैं। वर्तमान में प्रफुल भूमि विकास बैंक (बिहार-झारखंड), बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (बिहार-झारखंड) में निदेशक पद पर कार्यरत हैं। यूरिया बिक्री केंद्र पर पर्यवेक्षक के द्वारा लगातार निरीक्षण कराया जायेगा। स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर, प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन हो। बिस्कोमान केंद्र स्टॉक बोर्ड पर रेट अंकित होना चाहिए। प्रफुल अविभाजित बिहार के सम्मानित सहकारी नेता और पूर्व मंत्री स्व अवधेश सिंह के बेटे हैं।

### बिना हेलमेट के पकड़े जाने पर काटा जायेगा चालान : समाल अहमद



**मेदिनीनगर।** जिला के एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में पुलिस ने छह चौक के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने चालकों को रोककर कई बाइक की कागजातों की सघनता से जांच की। जांच के दौरान कई लोगों के पास बिना कागजात, बिना हेलमेट के वाहन पाये गये। पुलिस ने ऐसे 19 बाइक को जब्त कर थाना भेज दिया है। सभी चालकों को चालान काटा गया। चालक फाइन भरकर अपने वाहन को छुडाये। मंगलवार को छह मुहान चौक पर बाइक व चार पहिया वाहनों की जांच की गयी। उन्होंने अभिभावकों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को बाइक चलाने के लिए नहीं दें। आये दिन कम उम्र के बच्चे दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग अपने बाइक का कागजात साथ लेकर चलें। सुरक्षित सफर करने के लिए हेलमेट जरूर पहनें। चेकिंग अभियान में ट्रैफिक प्रभारी के अलावे कई पुलिस जवान शामिल थे।

### पानी पिलायें, बहायें नहीं : अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के पहल पर पनशाला खोलने का सिलसिला लगातार जारी है। इस पहल के क्रम में एक कदम आगे बढ़ते हुए चैनपुर स्थित गुरुकुल विद्या निकेतन विद्यालय द्वारा पनशाला खोला गया। पनशाला का उदघाटन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा, अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव सचिव दिव्येन्दू गुप्ता कोषाध्यक्ष आनंद कुमार एवं विद्यालय के निदेशक सिकंदर आजम द्वारा राहगीरों को पानी पिलाकर तथा अल्पाहार देकर किया गया। मौके पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि इस तपिश गर्मी में पनशाला का खुलना एक बड़ी बात है। पानी पिलाएं मगर पानी बहाए नहीं, संस्थान के पास पनशाला व घर के पास उजाला अवश्य होनी चाहिए। मौके पर अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव सह शांतिकुलम आवासीय विद्यालय के एकेडमिक को-ऑर्डिनेटर दिव्येन्दू गुप्ता, मीडिया प्रभारी सह कार्यालय सचिव सतीश अग्रवाल, विद्यालय के प्रिंसिपल अब्दुल हक, शिक्षिका जयंती सहाय, शोभा कुमारी भी थे।

### रैली निकाल कचहरी परिसर नामांकन करने पहुंचे भाकपा प्रत्याशी अभय

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के पलामू उम्मीदवार अभय भुइयां ने नामांकन परचा दाखिल किया। नामांकन से पहले पांकी रोड बुढ़वा शिव मंदिर से बाजे गाजे के साथ मांदर की थाप पर नारा लगाते हुए रैली निकाल कचहरी परिसर नामांकन करने भाकपा प्रत्याशी समर्थकों के साथ पहुंचे। नामांकन में राष्ट्रीय सचिव डॉ भालचंद कांगो, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, रांची कार्यालय सचिव अजय सिंह भी थे।



**भाकपा उम्मीदवार अभय ने किया नामांकन : मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा क्षेत्र के कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार अभय भुइयां ने नामांकन पत्र दाखिल किया।



**बसपा उम्मीदवार कामेश्वर ने दाखिल किया नामांकन परचा : मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा क्षेत्र के बसपा के उम्मीदवार पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने नामांकन पत्र दाखिल किया।



**डेमोक्रेटिक प्रत्याशी वृंदा ने किया नामांकन : मेदिनीनगर।** पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के प्रत्याशी वृंदा राम ने नामांकन परचा दाखिल किया। इसके पूर्व वे अपने समर्थकों के साथ कचहरी परिसर पहुंचे।

# अन्याय विरोधी व स्वतंत्रता प्रेमी थे बाबू वीर कुंवर सिंह : सुधा चौधरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह के जयंती अवसर पर बुधवार को पाटन मोड़ स्थित प्रतिमा पर पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह सहित दर्जनों लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हे याद किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह 1857 में छिड़े स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे। 80 वर्ष के उम्र में भी वे अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। वे अन्याय विरोधी और स्वतंत्रता प्रेमी थे। उन्होंने कहा कि वे दलित, गरीब, मजदूर, किसान सभी धर्म और जाति के लिए के विकास के लिए संघर्ष करते थे। ब्रिटिश इतिहासकार होम्स ने लिखा है कि उस बोले राजपूत ने ब्रिटिश सता के विरुद्ध अद्भुत वीरता के साथ लड़ाई लड़ी, अगर वे जवान होते तो 1857 में ही अंग्रेजों को भारत छोड़ना पड़ता। ऐसे महापुरुषों के जीवनी से आज के युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह ने कहा कि बाबू कुंवर सिंह की जयंती मनाना तभी सार्थक होगा जब हम उनके जीवनी को पढ़ें और उनके आदर्शों पर चलें। आज युवा को चिंतन करना होगा कि कौन सी ऐसी शक्ति उनमें था जो 80 वर्ष के उम्र में भी अंग्रेजों को पराजित किया।



बाबू कुंवर सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, महाराणा प्रताप सिंह व अन्य।

**ये भी थे उपस्थित :** मौके पर चिंटू मेहता, संजय सिंह, सुजीत सिंह, बबलू, रामनेह सिंह, जसवंत सिंह, ब्रजेश सिंह, राजीव रंजन, शिवाकांत तिवारी, प्रेम महतो, अरुण सिंह, विकास सिंह, धनंजय सिंह, अनिल सिंह, संतोष सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# तानाशाही के खिलाफ लड़ने को हमेशा प्रेरित करते हैं महानायक वीर कुंवर सिंह : अभिषेक

- राजपूत समाज ने बाबू वीर कुंवर सिंह को याद कर विजय दिवस मनाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में झामुमो नेता अभिषेक सिंह के नेतृत्व में वर्ष 1857 में हुए प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह का विजय दिवस मनाया गया। मौके पर श्री सिंह समेत कई गणमान्य लोगों ने वीर कुंवर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन झामुमो युवा मोर्चा के सचिव और वीर कुंवर सिंह जी के वंशज आशुतोष विनायक ने किया। बाबू वीर कुंवर सिंह जी ने अंग्रेजो के खिलाफ 15 साल तक तलवार उठाया था। उन्होंने बेहतरीन युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया और लगभग एक साल तक ब्रिटिश सेना को परेशान किया तथा अंत तक अजेय रहे। वह गुरिल्ला युद्ध कला के विशेषज्ञ थे। राजपूत समाज के हर घर में उनकी कहानियों और वीर रस के गाथा को आज भी जोशीले अंदाज से गाया जाता है।




महानायक वीर कुंवर सिंह की जयंती पर उन्हें नमन करते लोग।

**खास बातें :** श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा कि आज ही के दिन अस्सी साल के उम्र में उन्होंने अग्रेजों को हराया था, महानायक वीर कुंवर सिंह जी हम सबों को कभी नहीं झुकने और अत्याचारियों के खिलाफ अंतिम सांस तक लड़ते रहने की प्रेरणा देते हैं। आज भी समाज में तानाशाही बहुत तेजी से बढ़ा है, फिर से दिल्ली पर अंग्रेजों को आदर्श मानने वाला तानशाह बैठा है, आज फिर से जरूरत है। बाबू वीर कुंवर सिंह जी से प्रेरणा ले कर तानाशाह के खिलाफ लड़ने की। आशुतोष विनायक ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उज्जैन वंशी होने के नाते मुझे उन पर गर्व है और उनसे आज भी ताकत मिलती है। महायोद्धा ने अग्रेजों से लड़ाई लड़ी ये सभी लोगों को युगों युगों तक प्रेरित करते रहेगा। वीर कुंवर सिंह शिवपुर घाट से गंगा पार कर रहे थे कि डगलस की सेना ने उन्हें घेर लिया। बीच गंगा में उनकी बांह में गोली लगी थी।

# क्षेत्र भ्रमण कर भाजपा प्रत्याशी बीडी राम ने लोगों को दिया नामांकन में आने का न्योता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बी राम ने शहर भ्रमण करते हुए मुख्य बाजार में सभी दुकानदार भाइयों एवं व्यवसाईयों को कल नामांकन में आने का आमंत्रण दिया है। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि हां नामांकन आमसभा रैली में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह बीजेपी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं अन्य नेता मेदिनीनगर में हेलीकॉप्टर से पहुंच रहे हैं शिवाजी मैदान में आम सभा आमसभा का कार्यक्रम 11 बजे से शुरू हो जायेगा। रैली शिवाजी मैदान से 1 बजे निकलेगी जो छहमुहान चौक कचहरी चौक होते हुए नामांकन स्थल समाहारणालय परिसर तक पहुंचेगी। जहां प्रत्याशी राष्ट्रीय एवं प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के साथ नामांकन निर्देशन करेंगे।



## दुकानदारों-व्यवसायियों से की अपील

रैली को व्यवस्थित रूप देने के लिए प्रमुख कार्यकर्ता की टोली लगायी गयी है। बाजार भ्रमण के दौरान व्यवसाईयों ने प्रत्याशी के गले में माला डालकर स्वागत किया एवं पुष्प की वर्षा की और चुनाव में विजय होने का आशीर्वाद भी दिया। कार्यक्रम में श्याम नारायण दुबे परशुराम ओझा अमलेश दुबे मेयर अरुण शंकर उपमेयर मंगल सिंह विभाकर नारायण पांडे शिवकुमार मिश्र विजय ओझा छोटू सिंह प्रदीप सिंन्हा दुर्गा जौहरी संजय कुमार नंदलाल गुप्ता नवीन तिवारी रिंकू रंजन सिंह राजेश गुप्ता लड्डू खान गुड्डू खान रूप सिंह सीटू गुप्ता मंजू गुप्ता रेणुका पांडे सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। जारी-

### पाटन एमओ ने कई जनवितरण प्रणाली के दुकानों का किया निरीक्षण



**पाटन पलामू।** प्रखंड के आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार ने पाटन प्रखंड के पचकेड़िया डीलर सुदन बैठा, दिलीप सिंह, किशुनपुर पीडीएस डीलर, सत्या समुह किशुनपुर, डिलर गांगो देवी, पीडीएस डीलर सुरज मोची सहित दर्जनों दुकानों का औचक निरीक्षण किया। मौके पर एमओ संजय ने जांच क्रम में दुकान का स्टॉक वितरण का भौतिक सत्यापन किया तथा समय पर लाभुकों को राशन देने को कहा। वहीं पाटन एमओ ने कहा कि सरकार का महत्वाकांक्षी योजना साड़ी धोती दाल नमक सहीत अन्य वस्तुएं समय पर लाभुकों को मुहैया कराई जाय अन्यथा शिकायत मिलने पर कारवाई किए जायेंगे । उन्होंने बताया कि लाभुकों को समय पर सभी सरकार की चल रही योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए लगातार दुकानों की जांच की जा रही है।

### पेयजल समस्या का होगा त्वरित समाधान

**छतरपुर।** नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विश्वजीत महतो के निर्देश में भीषण गर्मी को देख बंद पड़े सभी शीतल पेयजल उपकरण को चालू करवाया गया। श्री महतो ने बताया कि विभागीय सचिव के निर्देशानुसार तथा बढ़ती भीषण गर्मी व स्थानीय लोगों की मांग पर यह कदम उठाया गया। छतरपुर में हर वर्ष होने वाले पानी के किल्लत से नकारा नहीं जा सकता। इसे ध्यान में रख हर दिन चापाकल की मरम्मत की जा रही है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि पेयजल से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किये गये हैं। नगर वासियों को इस संबंध में कोई भी परेशानी हो तो उसे हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दे सकते हैं उसपर त्वरित कार्य किया जायेगा। वहीं नगर प्रबंधक मुर्तजा अंसारी ने बताया कि नगर वासियों के लिए पानी की समस्या का हल निकालना नगर प्रशासन की पहली प्राथमिकताओं में से एक है। पेयजल से संबंधित समस्याओं को जारी किए गए हेल्प लाइन नंबर पर शिकायत दे सकते हैं या मुझे भी फोन कर इसकी जानकारी दे सकते हैं। व्यवस्थाओं के अनुरूप उसपर त्वरित कार्य किया जायेगा।

# छतरपुर : जाम में एंबुलेंस को भी नहीं मिलता निकलने का रास्ता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर, पलामू।** छतरपुर शहर में आये दिन लापरवाह चालकों के वाहन परिचालन से सड़क जाम रह रहा है। मंगलवार को शाम में जपला मोड़ वर्तमान में भारत माता चौक पर जाम लगने से वाहनों की लंबी कतार लग गयी, जिसमें एंबुलेंस लगातार सायरन बजा कर निकलने का प्रयास करता रहा, लेकिन किसी ने नहीं सुनी समाजिक कार्यकर्ता और प्रेस के प्रतिनिधि के नजर पड़ा तो किसी तरह एंबुलेंस को पार करा कर मेदिनीनगर भेजवाया। वहीं महावीर चौक से प्रसिद्ध सरायडीह मोड़ भी जाम रहा। हालांकि उक्त सड़क में छोटी वाहनों के चालकों की मनमानी से नित्य दिन सड़क जाम रह रहा है, जबकि नगर प्रशासन के द्वारा कई जाम से निजात के लिए कई बार सड़क से अतिक्रमण मुक्त कराया गया लेकिन पुनः सभी लोग उक्त स्थान पर अतिक्रमण करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

# लेस्लीगंज की पुलिस ने अफीम के साथ दो युवकों को किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के भकासी मध्य विद्यालय के पास सुनसान जगह से लेस्लीगंज पुलिस ने छापेमारी कर दो युवकों को अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों में ग्राम डबरा लेस्लीगंज के आशीष कुमार रंजन पिता अवधेश यादव व अविनाश यादव पिता नरधेश्वर यादव शामिल है। जानकारी देते हुए लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज कुमार ने कहा कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि 22 अप्रैल को मध्य विद्यालय भकासी के पास दो व्यक्ति अफीम बेचने के लिए खड़ा हैं। एसपी व एसडीपीओ से दूरभाष से वार्ता किया गया। जिसमें एसपी व एसडीपीओ के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस सूचना का सत्यापन करने मवि भकासी पहुंची। छापेमारी अभियान के दौरान वहां खड़े दो युवकों की तलाशी ली। आशीष के पास से काला पोलोथिन सहित 120 ग्राम अफीम, अविनाश के पास से काला पोलोथिन सहित 110 ग्राम अफीम पाया गया। पुलिस ने स्पेंडर प्लस बाइक जेएच 03 एस 1790 को भी जब्त कर लिया है। छापेमारी अभियान में लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजु कुमार गुप्ता, पुअनि मनेश पासवान, सअनि अजय कुमार, आरक्षी विनोद उरांव, शक्ति कुमार सिंह, सिन्टू लाल यादव, प्रेम कुमार सोनी, गृहरक्षक हयूम खान शामिल थे।

### एनडीए कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न, बीडी राम को भारी मतों से जिताने का संकल्प



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में सांसद प्रत्याशी बीडी राम के अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आजसू पार्टी के कार्यकर्ता व लोजपा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार दुबे मौजूद थे। आजसू पार्टी के लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि हम सब मिलकर एन डी ए प्रत्याशी बीडी राम को कीर्तिमान मतों से जिताने मे कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कहा कि 24 अप्रैल को नामांकन में पलामू गढवा जिला से काफी संख्या में कार्यकर्ता शिवाजी मैदान मेदिनीनगर में शामिल होंगे। बैठक में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव बिकेश शुक्ला, बबलू गुप्ता, बिजय मेहता, तुलसी शुक्ला, भाजपा के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, आशीष सिन्हा, धर्मदेव यादव व लोजपा के जिलाध्यक्ष मनोज दुबे मौजूद थे।

# विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का पलामू सिविल सर्जन ने किया निरीक्षण

- लोकसभा चुनाव को लेकर चिकित्सा पदाधिकारी को दिये कई निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर पलामू।** पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान सिविल सर्जन ने लोक सभा चुनाव को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार को कई दिशा निर्देश दिये। बताया कि 09 मई तक बिश्रामपुर सीएचसी में 10 बेड सहित सभी जरूरतमंद के लिए दवा, रहने की सुविधा, ऑक्सीजन की सुविधा, एंबुलेंस सहित सभी जरूरी सुविधाएं को दुरुस्त कराने की बात कही। इसके साथ ही सभी निजी अस्पताल में चुनाव को लेकर सुविधा से लैश रखने को कहा। श्री सिंह ने आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज कराने वाले सभी रोगियों से मिल कुशलक्षेम जाना। साथ ही सफाई व्यवस्था, ओपीडी में मरीजों की संख्या और सुविधा, प्रसव कक्ष, एमटीसी, रक्त जांच, टीकाकरण का हाल जाना।

## चिकित्सा पदाधिकारी कक्ष और गार्ड भवन का किया उद्घाटन




बिश्रामपुर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कक्ष और गार्ड भवन का उदघाटन पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश सिंह, डॉ लिली स्टेला पूर्ति, डॉ मनोज थामस, डॉ एम एम प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार ने कहा कि अस्पताल परिसर में बेवजह कोई भी गाड़ी नहीं लगेगी। डियूटी पर तैनात गार्ड को गाड़ी चालक को अस्पताल परिसर में आने के लिए गाड़ी नंबर, आने का उद्धेश्य, कितना समय में अंदर गाड़ी आया। सहित कई अहम रिपोर्ट लिखवाना होगा, ताकि अस्पताल की सुरक्षा और जानकारी मिल सके। मौके पर बिपीयम पंकज पाण्डेय, बैम पंकज सिंह, इस्लाम खलीफा, विनोद तिवारी, मिथलेश द्धुबे, रवि कुमार, पंकज कुमार, संतोष कुमार, अनिल पांडेय, राजन कुमार, राजेंद्र सोनी, गौतम कुमार, आदित्य पाल, अरविंद पाल, प्रभु कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## हाशिम शाहदाता के मजार पर हुई दो दिवसीय कव्वाली

# उर्स पर चादर पोशी के लिए अकीदतमंदों का लगा हुजूम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के शाहपुर स्थित हाशिम शाहदाता का सालाना उर्स मंगलवार से शुरू हो गया है। उर्स के मौके पर कव्वाली का आयोजन किया गया है। मजार कमिटी के सदर जनाब इफ्तेखार अंसारी की सदारत में अहले सुबह गुसुलखानी चादरपोशी कर फातेहा पढ़ी गयी। कमेटी के सरपरस्त रुस्तम अल्तमश ने बताया कि हाशिम शाह के दरबार में जो भी आता है खाली नहीं जाता। बाबा सबकी मुरादें पुरी करते है यहां सभी जाति और धर्म के लोग अकीदत के साथ आते हैं। इस बार कर्नाटक के मशहूर कव्वाल आसिफ मुराद रजा और मुंबई के जाने-माने कव्वाल सलीम रजा तशरीफ ला रहे हैं। कव्वाली में दोनों के बीच घमासान मुकाबला होगा। मालूम हो कि सालाना उर्स में पलामू जिला के अलावे दूसरे राज्य के भी लोग शामिल होते हैं। कव्वाली सुनने काफी संख्या में लोग जुटते हैं।



कव्वाली के मौके पर सजी मजार।

# आक्रोशित ग्रामीणों ने किया मतौली खपरो मार्ग को एक घंटे तक जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के रमकंडा प्रखंड में पथ निर्माण विभाग की ओर से करीब 65 करोड़ की लागत से बन रहे रंका-रमकंडा सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य में पानी नहीं पटने से इन दिनों धूल उड़ रही है। इससे सड़क किनारे बसे घरों सहित राहगीरों को परेशानी हो रही है। संवेदक की ओर से बरती जा रही लापरवाही से आक्रोशित होकर रंका के मतौली-खपरो के ग्रामीणों ने एक घंटे तक सड़क जाम कर दिया। इस दौरान निर्माण कार्य से जुड़े वाहन सहित दोनों ओर से अन्य वाहनों की लंबी कतार लग गयी। हालांकि घंटे भर बाद निर्माण कार्य से जुड़े मुंशी की ओर से सड़क में तत्काल पानी पटाने (क्यूंरिंग) का आश्वाशन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटा दिया। ग्रामीण यासीन अंसारी, सहित अन्य ने बताया कि सड़क निर्माण में पानी नहीं पटने से धूल उड़ रही है। धूल इतनी उड़ रही है कि घर में भोजन करते समय उनके थाली में धूल जमा हो जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इन्हीं समस्याओं को लेकर जब सड़क जाम कर निर्माण कार्य से जुड़े वाहनों सहित अन्य वाहनों को जब रोका गया तो संवेदक की ओर से आनन फानन में सड़क में पटवन कराना शुरू कर दिया गया, लेकिन दूसरे दिन से ही निर्माणाधीन सड़क में पानी पटाना बंद कर दिया गया।


सड़क पर खड़ी वाहन।

# युवा भक्तों ने किया हनुमान चालीसा का 1221 सस्वर पाठ



▸▸ सनातन संस्कृति के लिए 111 श्रद्धालुओं ने 11-11 बार हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रंका।** बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के आह्वान पर रंका के उत्साही भक्तों ने रघुनाथ अखाड़ा स्थित बजरंग बली के प्रतिमा के समक्ष 1221 हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया। मौके पर महंत बलराम पाण्डेय ने बताया कि रंका से भी कुछ लोग मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के सिद्धपीठ बागेश्वर धाम गये थे। वहां से पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री के आह्वान पर विश्व कल्याण एवं सनातन संस्कृति के लिए 111 श्रद्धालुओं ने 11-11 बार हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया। मौके पर विवेक चैधरी, हिमांशु रंजन, सोनू मधेशिया, अमरेन्द्र कुमार सहित अन्य भक्त उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### स्वास्थ्य केंद्रों पर मनाया गया परिवार नियोजन दिवस

**पूर्वी चंपारण।** जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ कर्मियों के द्वारा जागरुकता के साथ परिवार नियोजन दिवस मनाया गया। इस दौरान जिले के अनुमण्डलीय अस्पतालों के साथ ढाका, पकड़ीदयाल, बंजरिया, सुगौली, अरेराज समेत सभी प्रखंडों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जनसंख्या के रोकथाम के उपाय बताए गए। साथ ही महिला व पुरुषों के बीच परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों का वितरण किया गया। इस दौरान महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण सहित अन्य जानकारी भी दिये गये। डीसीएम नंदन झा ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों को अपनाना बेहद जरूरी है जो जागरुकता से ही सम्भव है। उन्होंने बताया की गर्भनिरोधक साधन के इस्तेमाल में नवविवाहितों और युवाओं को समझ के साथ स्थायी व अस्थायी साधनों को अपनाना होगा। पीएसआई के डीसी अमित कुमार ने बताया कि जिले में मिशन परिवार विकास अभियान के साथ ही आशा और आंगनबाड़ी सेविका के सहयोग से दंपती संपर्क पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है। जिसके तहत लोगों को सही उम्र में शादी एवं 2 साल के बाद पहला बच्चा, दो बच्चों में कम से कम 3 साल का अंतराल एवं प्रसव के बाद या गर्भपात के बाद परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों पर जोर देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ इच्छुक लाभार्थियों को कॉपर टी, गर्भनिरोधक सुई एमपीए (अंतर) एवं गर्भनिरोधक गोली, कंडोम की सेवा उपलब्ध कराने के साथ ही महिला बंध्याकरण व पुरुष नसबंदी के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## स्पीड न्यूज

### छोटे भाई के बारात जाने से पूर्व बड़े भाई की मौत

**धुरकी।** प्रखंड के घघरी में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को कुचल दिया। जिससे 30 वर्षीय राकेश यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर पर लदे बालू को डंप कर और ट्रैक्टर को छुपा कर भाग गया। जानकारी के अनुसार राकेश अपने मामा के घर शादी समारोह से अपने छोटे भाई संजय यादव के बारात जाने के लिए बाईक से अपने घर पुतुर लौट रहा था। इसी दौरान धुरकी-बिलासपुर मुख्य पथ पर घघरी गांव में एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के समीप सड़क दुर्घटना में राकेश की मौत हो गई। ज्ञात हो कि मृतक के छोटे भाई संजय यादव का 22 अप्रैल को बारात उत्तर प्रदेश के कराहिया गांव में जाना था। घटना से आक्रोशित लोगों ने धुरकी-बिलासपुर मार्ग पर शव के साथ मुआवजे की मांगो को लेकर सात घंटे सड़क जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार. धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार अपने दल बल के साथ पहुंचे। पुलिस इंस्पेक्टर और धुरकी थाना प्रभारी ने आक्रोशित ग्रामीणो को समझाया। बीडीओ सत्यम कुमार की ओर से भेजे गए बीपीओ प्रभास पांडेय ने परिजनों को सरकार की ओर से मिलने वाली हर सुविधा दिलवाने का आष्वासन दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस शव व दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

### पांच साल से फरार अभियुक्त गिरफ्तार



**धुरकी।** पुलिस ने धुरकी थाना कांड संख्या 48/20, धारा 366 के फरार चल रहे नामजद अभियुक्त डंडई थाना के ग्राम बैलिया निवासी गोरख पासवान के पुत्र शंकर पासवान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए धुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि पांच साल से फरार चल रहे अपहरण केस के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया गया है।

### पोल पर तार जोड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**गढ़वा।** जिले के रंका थाना क्षेत्र के घासेदाग गांव में बिजली के पोल पर तार जोड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में एक पक्ष के महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों में विगान सिंह का पुत्र सुदेश सिंह, उसकी पत्नी प्रमिला देवी, पुत्री लक्ष्मी कुमारी एवं प्रियंका कुमारी का नाम शामिल है। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में प्रमिला देवी ने बताया कि उसके घर का बिजली का तार पोल से टूटकर नीचे गिर गया था। जब उस तार को जोड़ने के लिए गये तो अमित सिंह उसे जोड़ने से मना कर रहा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में नोक झोक हो गई।

### अपराध की योजना बना रहे पांच अपराधी गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के जनता बाजार थाना क्षेत्र में अपराध की घटना को अंजाम देने की नीयत से खड़े पांच अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के सेंदुआरा पंचमंदिर के समीप नहर के किनारे कुछ अपराधी आपराधिक घटना को अंजाम देने की नीयत से खड़े थें।


### शपत पत्र

मैं कन्हैया प्रसाद पिता स्व. विष्णु प्रसाद गोंड़, उम्र करीब 70 वर्ष, ग्राम पिपरा कला (कचहरी रोड) पोस्ट,थाना तथा जिला गढ़वा, झारखंड नोटरी पब्लिक गढ़वा के समक्ष शपथ पत्र के माध्यम से घोषणा करता हूं कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में गलत नाम डॉ. कन्हैया सिंह गोंड (DR. KANHAIYA SINGH GOND) अंकित हो गया था। इसे विलोपित करते हुए मेरा सही नाम कन्हैया प्रसाद (KANHAIYA PRASAD) से जाना जाए एवं भविष्य में इसी नाम से व्यवहत किया जाए।


# वर्ल्ड टेबल टेनिस डे पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

▸▸ अर्णव, आयुषी, मयंक, इशिका एवं हर्षित बने चैंपियन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** वर्ल्ड टेबल टेनिस डे के अवसर पर गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में सामुदायिक भवन वन विभाग के परिसर में एक दिवसीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह प्रतियोगिता के संरक्षक अलख नाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष सुशील केशरी, अशोक कुमार दुबे, नगर परिषद के विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, जेपीएस सेंट्रल स्कूल के निदेशक चन्द्र भुषण सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

मौके पर खिलाड़ियो को संबोधित करते हुए अलख नाथ पांडेय ने कहा कि गढ़वा जिला में टेबल टेनिस के खिलाड़ी अच्छा कर रहे हैं, हम सबका लक्ष्य गढ़वा से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकाला है। अध्यक्ष ने कहा कि कम संसाधन में खिलाड़ी अपनी मेहनत के बदौलत जिस मुकाम तक पहुंचे हैं अगर उन्हें और बेहतर संसाधन उपलब्ध करा दिया जाए तो निश्चित ही यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में भी मेडल प्राप्त करेंगे। नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि जिस प्रकार की भी सहायता की आवश्यकता होगी सरकार आपके साथ है और जरूरी चीजों को उपलब्ध कराने में हमारी जब भी जरूरत हो आप कहें मैं आपके साथ हूं। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में अंडर 11 बालक वर्ग में अर्णव कुमार दुबे ने खेसारी लाल नंदन को 2-0 से, बालिका वर्ग में पलक ने नंदिनी को 2-0 से, अंडर 13 बालिका वर्ग में आयुषी कुमारी ने मानवी चैबे को 2-0 से, अन्डर 15 बालक वर्ग में मयंक राज ने अर्णव राज पांडेय को 2-0 से, अंडर 15 बालक वर्ग में रोशन कुमार गुप्ता ने अनिमेष मिश्रा को 2-1 से, अंडर 15 बालिका वर्ग में इशिका कुमारी ने सुहाना खान को 2-0 से, अंडर 17 बालक वर्ग में हर्षित कुमार पांडेय ने उज्जवल कुमार को 2-0 से, बालिका वर्ग में आयुषी कुमारी पांडेय ने अंजली कुमारी को 2-1 से हराकर किताब पर कब्जा जमाया। मौके पर बालिका उच्च विद्यालय के शिक्षक सुशील तिवारी, एनटीसीए के प्रधानाध्यापक अभय कुमार, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे ने एवं धन्यवाद ज्ञापन संघ के उपाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे ने किया।



विजेता प्रतिभागियों के साथ संघ के पदाधिकारीगण।

## भागलपुर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया रोड शो

खबर मन्त्र संवाददाता



**भागलपुर।** मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने भागलपुर में मंगलवार को एनडीए गठबंधन के जदयू अजय मंडल के पक्ष में निश्चय रथ पर सवार होकर रोड शो किया। रोड शो में मुख्यमंत्री के साथ जदयू प्रत्याशी अजय मंडल, गोपाल मंडल, बुलो मंडल साथ रहे। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री का एनडीए कार्यकताओं ने शहर के सभी चौक चौराहों पर फूल बरसा कर जोरदार स्वागत किया। शहर के हवाई अड्डा मैदान से मुख्यमंत्री का काफिला निकलने के साथ ही एनडीए कार्यकताओं और लोगों की भारी भीड़ मुख्यमंत्री के निश्चय बस के पीछे उमड़ पड़ी। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से विरोधी दल पर क्या असर पड़ता है, यह तो वक्त बताएगा लेकिन जिस तरह से लोगों की भीड़ मुख्यमंत्री के रोड शो में देखने को मिला इससे कहीं ना कहीं भागलपुर लोकसभा सीट से जेडीयू के प्रत्याशी अजय मंडल को सीधा लाभ मिलेगा।

## आजादी के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव मनाया गया



**सहरसा/मधेपुरा।** वेदव्यास महाविद्याल, मधेपुरा में वीर कुंवर सिंह विचार मंच के द्वारा आजादी के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह जी का विजयोत्स्व जयंती के रूप में मनाया गया। विचार मंच के संरक्षक सह समाजसेवी प्रमोद प्रभाकर ने कहा की सन 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही और महानायक थे। इनको 80 वर्ष की उम्र में भी लड़ने तथा विजय हासिल करने के लिए जाना जाता है। इस अवसर पर केडी यादव, निशांत यादव, सुधांशु यादव,रमेश कुमार शर्मा वार्ड सदस्य संघ जिलाध्यक्ष, मो. ईशा, इंदुभूषण कुमार, चंदन यादव, नवीन कुमार आदि उपस्थित थे।

## आपसी विवाद में युवक की पीट-पीट कर हत्या

**पूर्वी चंपारण।** जिले में दो पक्षो के आपसी विवाद में हुए मारपीट के दौरान एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना पिपरा थाना क्षेत्र के खैरीमल गांव के वार्ड नंबर 6 में हुई। घटना मृत युवक की पहचान खैरीमाल गांव के 30 वर्षीय मैनेजर मांझी के रूप में हुई है। मृतक के परिजन ने बताया कि मंगलवार को मामूली बात को लेकर मैनेजर मांझी और अखिलेश मांझी के बीच विवाद हो गया। देखते देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों के बीच मारपीट होने लगा।इसी दौरान अखिलेश मांझी, नागिया देवी, छठिया, धनवंती सहित अन्य लोगो ने एक साथ मिलकर मैनैजर मांझी को मारने लगे। स्थानीय ग्रामीण बीच बचाव करते तब तक मैनेजर मांझी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।वही घटना के बाद सभी आरोपी घर छोड़ कर फरार बताये जा रहे है। पिपरा के प्रभारी थानाध्यक्ष सीता ने बताया कि सूचना मिली कि आपसी विवाद में एक युवक की मौत की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अभिरक्षा मे लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया गया। मृतक के परिजन ने कोई आवेदन नहीं दिया है। घटना को लेकर छानबीन की जा रही है।

## सीएम ने राजद पर साधा निशाना, कहा-इन लोगों को इतना मौका मिला लेकिन कोई काम नहीं किए

खबर मन्त्र संवाददाता

**किशनगंज।** सीएम नीतीश कुमार ने मुजाहिद आलम के समर्थन में मंगलवार को रैली की। इस दौरान उन्होंने बिना नाम लिए लालू परिवार पर निशाना साधा। सीएम ने लालू राज की याद दिलाते हुए कहा कि उनलोगों को बहुत मौका मिला लेकिन कोई काम नहीं किया। हमने कई बार मौका दिया लेकिन ये लोग काम नहीं कर रहे थे तो हम 1994 में अलग हो गए। 2005 में हम पूरी तरह से भाजपा के साथ आ गए। उसके बाद भी हमने कई बार मौका देने का काम किया लेकिन ये लोग कुछ नहीं करते थे। सीएम नीतीश कुमार ने जंगलराज की ओर इशारा करते हुए कहा कि 2005 के पहले क्या हाल था ? उससे पहले कोई घर से नहीं निकलता था। हिंदू-मुस्लिम के बीच झगड़ा होता था। उन्होंने कहा कि ये लोग (राजद) मुस्लिम का वोट लेंगे। ये लोग हिन्दू मुस्लिम के बीच झगड़ा क्यों खत्म नहीं किए थे। मेरी सरकार में कोई झगड़ा नहीं हुआ। शिक्षा को लेकर नीतीश कुमार ने कहा कि पहले कोई पढ़ाई नहीं होती थी। स्वास्थ्य की स्थिति खराब थी। इन लोगों को इतना मौका मिला लेकिन कोई काम नहीं किए। जब हमलोगों को मौका मिला तो शुरू से ही काम करना शुरू किए। उनको जब मौका दिए तो उन्होंने कोई काम नहीं किया। कई बार मौका दिए अंत में हम अलग हो गए। 2005 से पहले कोई घर से नहीं निकलता था। हिन्दू-मुस्लिम के बीच झगड़ा होता था उसे क्यों खत्म नहीं किया गया। लेकिन हम सरकार में आए तो सब कुछ ठीक किए। अब हिन्दू-मुस्लिम में कोई झगड़ा नहीं होता है। सीएम नीतीश कुमार ने किशनगंज के 67 फीसदी मुस्लिम बहुल इलाके में सभा को संबोधित किया। शेरशाहबादी समुदाय को जदयू के पक्ष में गोलबंद किया। बिहार में रोजगार के मुद्दा पर कहा कि हमने 2020 तक 8 लाख नौकरी दी। 2025 तक और दस लाख नौकरी देंगे जिसमे 4 लाख नौकरी दे चुके हैं और कांग्रेस पर परिवारवाद को लेकर निशाना साधते हुए कहा की दोनों ही पार्टियों में परिवार का कब्जा है।

# पटना साहिब से भाजपा उम्मीदवार रविशंकर को टक्कर देंगे अंशुल

एजेंसी

**पटना।** लोकसभा चुनाव-2024 में बिहार की 40 लोकसभा सीटों में चार सीटों पर बीते 19 अप्रैल को मतदान संपन्न हुआ, जिसमें 47 प्रतिशत मतदान हुआ। दूसरी ओर बची हुईं 36 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस ने सभी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। इनमें सबसे हॉट सीटों में एक पटना साहिब से कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा की पूर्व स्पीकर मीरा कुमार के बेटे डॉक्टर अंशुल अविजित को उम्मीदवार बनाया है। टिकट के ऐलान के बाद ये तय हो गया है कि पटना साहिब सीट से अब अंशुल का मुकाबला सीधे भाजपा उम्मीदवार रविशंकर से होगा। इस सीट से भाजपा ने रविशंकर प्रसाद को उम्मीदवार बनाया है। अंशुल भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री और दलित नेता जगजीवन राम के पोते भी हैं। अंशुल अविजित ने कैम्ब्रिज से डॉक्टरेट की पढ़ाई पूरी की है। इससे पहले कांग्रेस पार्टी ने इन्हें राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया था। पिछले लोकसभा चुनाव में रविशंकर प्रसाद इसी सीट से सांसद चुने गए थे। इस बार भी भाजपा ने इन्हें दोबारा चुनावी मैदान में उतारा है। इससे पहले कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए सात उम्मीदवारों की घोषणा की थी। इसमें पांच उम्मीदवार बिहार के ही थे।



### बिहार से कांग्रेस को मिली 6 सीटों का चुनावी गणित

● **कटिहार :** यहां से पूर्व केन्द्रीय मंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता तारिक अनवर मैदान में हैं। उन्होंने शरद पवार के साथ मिलकर अलग पार्टी एनसीपी भी बनाई थी लेकिन फिर एनसीपी छोड़ वापस कांग्रेस में आ गए थे। पिछली बार उन्हें कटिहार में जदयू के दुलाल चंद गोस्वामी ने हरा दिया था। इस बार जदयू ने फिर से दुलाल चंद गोस्वामी को टिकट दिया है। तारिक अनवर पांच बार सांसद रह चुके हैं। वे फिर से जीतते हैं तो राजनीति को क्रिकेट में उनका छक्का होगा। उनकी भिड़ंत जदयू के दुलालचंद गोस्वामी से है।

● **किशनगंज :** यहां से जदयू के उम्मीदवार मुजाहिद आलम हैं। यहां एआइएमआइएम के उम्मीदवार अख्तरुल ईमान भी मैदान में हैं। कांग्रेस ने यहां फिर से मो जावेद को टिकट दिया है। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में मो. जावेद ने ही महागठबंधन की प्रतिष्ठा बचाई थी। उन्होंने जदयू के सैयद महमूद अशरफ को हराया था।

● **भागलपुर :** यहां कांग्रेस के अजीत शर्मा के सामने जदयू से अजय मंडल मैदान में हैं। अजय मंडल ने पिछले लोकसभा चुनाव में आरजेडी के शैलेश कुमार को हराया था। कांग्रेस ओबीसी के इलाके में भूमिहार जाति के अजीत शर्मा को उतारकर सोशल इंजीनियरिंग का बड़ा प्रयोग कर रही है। शर्मा भागलपुर से विधायक हैं।

● **महाराजगंज :** यहां कांग्रेस आकाश प्रसाद सिंह के सामने भाजपा के जनार्दन सिंह सिग्रीवाल हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह पहले को खुद को दूसरी बार राज्य सभा भेजने में सफल हुए और उसके बाद अपने पुत्र आकाश को महाराजगंज से टिकट दिलाने में सफल हुए।

● **सासाराम :** यहां कांग्रेस के मनोज कुमार के सामने भाजपा के शिवेश राम हैं। यहां भाजपा ने सीटिंग एमपी छेदी पासवान का टिकट काट लिया। इसके बाद लगातार चर्चा रही की छेदी कांग्रेस की सदस्यता ले सकते हैं लेकिन कांग्रेस ने उन्हें पार्टी में शामिल नहीं किया और मनोज कुमार को टिकट दे दिया। मनोज कुमार वीआईपी से भी जुड़े रहे थे। उनकी मां यशोदा देवी जीवन भर कांग्रेस के साथ रही। मनोज पिछली बार लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर सासाराम से लड़ चुके हैं। रुलर डेवलपमेंट की पढ़ाई इग्नू से की है। सासाराम से पांच बार एमपी रहीं मीरा कुमार ने घोषणा की थी कि वे अब चुनाव नहीं लडेंग़ी। मीरा कुमार के पति कुशवाहा जाति से आते हैं। इसलिए उनके पुत्र सासाराम की सुरक्षित सीट से चुनाव नहीं लड़ सकते।

● **समस्तीपुर :** यहां का मुकाबला दिलचस्प हो गया है। जदयू नेता महेश्वर हजारी के पुत्र सनी हजारी को कांग्रेस ने टिकट दिया है।

## पेज एक का शेष

### भाजपा आदिवासी, दलित...

भाजपा ने ज्यादा समय तक शासन किया लेकिन आदिवासी मूलवासी का हित नहीं सोचा। जनजातीय भाषा का हित वह नहीं सोच सकती। हमने निजी कंपनी में 75 फीसदी आरक्षण दिया। भाजपा महंगाई की बात नहीं करती। रोजगार की बात नहीं करती। 8 लाख आदिवासी का पीएम आवास सूची में नाम था लेकिन उन्हें हटा दिया। 2022 से फंड देना बंद कर दिया। हमारी सरकार और पूर्व सीएम ने आबुआ आवास देने की घोषणा की। इससे पहले सीएम चंपाई सोरेन सिंहभूम संसदीय सीट के लिए इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी के नामांकन में दाखिला में शामिल हुए। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जोबा मांझी,सांसद महुआ मांझी, मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक सुखराम उरांव,विधायक निरल पूर्ति, कांग्रेस विधायक सोनाराम सिंकु, झामुमो प्रदेश महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य भी संबोधित किया । इस दौरान हजारों की संख्या में कड़ी धूप में भी इंडिया गठबंधन के समर्थन मौजूद थे। इस दौरान भाजपा छोड़कर अपने दर्जनों समर्थकों के साथ मोहम्मद बारीक झामुमो का दामन थामा। इस दौरान मंच पर झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी के नेता मौजूद थे।

### भ्रष्टाचार से कोई ...

**विभाजनकारी सोचवालों से सतर्क रहें :** जनसभा में रक्षा मंत्री ने जमकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस पर संपत्तियों का सर्वे कराकर एक खास वर्ग को देने की योजना का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता अपने स्वाभिमान से समझौता होने नहीं देगी। इंडी गठबंधन के नेता इडी और सीबीआइ को अपनी संपत्ति नहीं बताते, लेकिन देश के लोगों की संपत्ति का सर्वे कराने की बात कह रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों का बंटवारा होगा तो मुस्लिमों को प्राथमिकता दी जायेगी। यह उनकी विभाजनकारी सोच है। वहीं भाजपा पूरे देश के नागरिकों के विकास के लिए काम करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन में बने आयोग ने सिफारिश की थी कि ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण कोटे से 6 प्रतिशत मुसलमान और 2 प्रतिशत अन्य अल्पसंख्यकों को देना चाहिये। जामिया मिलिया और अलीगढ़ मुस्लिम विवि जैसे शिक्षण संस्थानों में आदिवासी और दलित समाज के लिये आरक्षण नहीं है।

### गुरुजी को राहत...

इसमें सत्तारूढ़ पार्टी के स्वामित्व वाली दो संपत्तियों की जांच करने के लिए सीबीआई को निर्देश दिया गया था। इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने आगे की सुनवाई के लिए 10 मई की तारीख तय की है। लोकपाल ने सीबीआई को झामुमो से संबंधित दो संपत्तियों की जांच करने का भी निर्देश दिया है। लोकपाल ने बीजेपी के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की पांच अगस्त 2020 की शिकायत का निपटारा करते हुए यह निर्देश पारित किया था। लोकपाल ने बीजेपी सांसद की शिकायत पर सीबीआई को झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन से जुड़ी कथित बेनामी संपत्तियों की छह महीने के भीतर जांच करने का निर्देश दिया है। झामुमो की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी ने कहा कि दोनों संपत्तियां राजनीतिक दल की हैं। शिबू सोरेन की नहीं। चार मार्च का आदेश लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम के तहत लोकपाल के अधिकार क्षेत्र से परे था। इस दौरान उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि कानून के तहत एक व्यक्ति के खिलाफ ही जांच शुरू की जा सकती है। किसी राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं की जा सकती है। ऐसे में लोकपाल का आदेश अधिनियम के दायरे से बाहर चला जाता है।

### डीएसई स्तर से...

प्रदीप कुमार दास यूएमएस काला द्वार से केबी हाई स्कूल हजारीबाग। अमरेंद्र सिंह एमएस हुपाद सदर से पीएस मटवारी हिंदी नगरपालिका हजारीबाग। पोशाली चक्रवर्ती चेडरा कन्या एमएस विष्णुगढ़ से पीएस केंदुआ कटकमदाग। जितेंद्र कुमार सिंह। चितरंजन कुमार दास यूएमएस डाढ़ा इचाक से बाल संप्रेषण गृह हजारीबाग।

**मूल स्कूल में लौटने का आदेश :** जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बाल संप्रेषण गृह हजारीबाग में पूर्व प्रतिनियोजित तीन शिक्षकों यथा मनोज कुमार, नवीन कुमार और जितेंद्र कुमार सिंह को हटाकर मूल विद्यालय लौटने का आदेश डीएसइ ने जारी किया। इसके बाद जितेंद्र कुमार सिंह को पुनः संप्रेक्षण गृह में प्रतिनियोजित कर दिया गया। साथ ही चितरंजन कुमार दास को भी वहां प्रतिनियोजित किया गया।

**डेपुटेशन पर लगी थी रोक :** बीते साल तत्कालीन शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने खबर मन्त्र से बात करते हुए तत्काल डेपुटेशन रद्द करने का आदेश दिया था। बाबजूद इसके दो-तीन शिक्षक मूल विद्यालय वापस नहीं लौटे। इस संवंध में डीएसई संतोष गुप्ता ने प्रतिनियोजित शिक्षकों को मूल विद्यालय में योगदान करने का आदेश दिया था। वापस नहीं लौटने पर भी वेतन कैसे निर्गत किया जा रहा है, यह जांच का विषय है। ऐसे में यदि जांच हुई तो डीएसई सहित कई बीइओ की परेशानी बढ़ सकती है।

### इंडी की एकता ...

रैली में गठबंधन के दो दल आपस में भिड़ गये। हमारी प्राथमिकता गरीब, युवा, महिला और किसानों का कल्याण है। उन्होंने कहा कि रामनामी समाज अपनी भक्ति, अपने भजन, श्रीराम के प्रति अपने समर्पण और प्रकृति प्रेम के लिए जाना जाता है। कहते हैं राम नामी के पूर्वजों ने डेढ़ सौ साल पहले भी बता दिया था कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी। मुझे मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का सौभाग्य मिला। पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ और झारखंड में कोयले की शक्ति है। दोनों प्रदेश में वन संपदा का भंडार है। आपने जबसे मुझे पीएम बनाया है तब से मेरे काम को देखा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ और उसके पड़ोसी राज्य झारखंड में नक्सली अब कम हो रहे हैं। मैं विश्वास दिलाता हूं छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को खत्म करके रहूंगा। वहीं कांग्रेस के राज में ही छत्तीसगढ़ में नक्सली गतिविधियां बढ़ती रही। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस कभी भी गरीब की पीड़ा नहीं समझती। सोने का चम्मच लेकर पैदा हुए लोग गरीब मां की पीड़ा कैसे समझेंगे। कांग्रेस को कभी चिंता नहीं हुई कि गरीब आदिवासी परिवार के पास इलाज के पैसे कहां से लायें।

## स्पीड न्यूज

### केजरीवाल व कविता की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति 2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को सात मई तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित काबेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आम आदनी पार्टी नेता श्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाने संबंधी आदेश पारित किया। सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से संबंधित मामलों की विशेष जज काबेरी बावेजा ने आबकारी नीति से संबंधित मामले की आरोपियों में शामिल भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता और एक अन्य आरोपी चनप्रीत सिंह की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ाने का आदेश दिया।

### भाजपा ने लद्दाख से ताशी को दिया टिकट

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लद्दाख की लोकसभा सीट पर नया चेहरा उतारा है। पार्टी की मंगलवार को यहां जारी 14वीं सूची में लद्दाख में श्री ताशी ग्यालसन को उम्मीदवार घोषित किया गया है। 2019 में इस सीट पर भाजपा के जामयांग सेरिंग नामग्याल को जीत हासिल हुई थी।

### लाहौर में भारतीय सिख तीर्थयात्री का निधन

**लाहौर।** भारत से पाकिस्तान आये एक सिख तीर्थयात्री की सोमवार को दिल का दौरा पड़ने के कारण निधन हो गया। एक पाकिस्तानी अधिकारी ने यह जानकारी दी। इवैकुई ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने बताया कि पटियाला निवासी सरदार जांगीर सिंह (67) की सोमवार को दिल का दौर पड़ने के बाद मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को वाघा सीमा पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को सौंप दिया गया। बैसाखी उत्सव में भाग लेने के लिए 13 अप्रैल को वाघा सीमा के जरिये यहां पहुंचे लगभग 2,400 भारतीय सिख तीर्थयात्री सोमवार को स्वदेश रवाना हो गए हैं।

### अमेरिका में सड़क हादसा भारत के दो छात्रों की मौत

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के एरिजोना में लेक प्लेजेंट के पास दो कारों की सीधी टक्कर में दो भारतीय छात्रों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस के अनुसार मृतकों में भारतीय मूल के निवासी निवेश मुक्का (19) और गौतम पारसी (19) अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के तौर पर पंजीकृत थे। यह हादसा स्टेट रूट- 74 के उत्तर में कैसल हॉट स्प्रिंग्स रोड पर 20 अप्रैल को शाम करीब छह बजकर 18 मिनट पर हुआ। यह पता लगाया जा रहा है कि कारों में टक्कर कैसे हुई। पुलिस ने बताया कि हादसे में दोनों कारों के चालक घायल हुए हैं।

### चारधाम यात्रा के लिए 11 भाषाओं में एसओपी जारी

**देहरादून।** सुगम और सुरक्षित चारधाम यात्रा को लेकर उत्तराखंड सरकार संकल्पित है। इस विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार ने मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) 11 भाषाओं में जारी कर दी है। यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य जांच 50 जगहों पर होगी। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि बदरी-केदार में स्थित अस्पतालों के लिए उपकरणों की खरीद शुरू हो गई है। इसके साथ ही स्वास्थ्य मित्रों की तैनाती मेडिकल रिलीफ प्वाइंट में की जाएगी। इसके लिए अन्य राज्यों के डॉक्टर भी अपनी सेवाएं दे सकेंगे। इसके लिए यात्रा मार्गों पर जगह-जगह हेल्थ एटीएम स्थापित होने के साथ ही टेलीमेडिसिन की सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि सरकार यात्रा को सुगम बनाने के लिए हरसंभव तरीके से प्रयासरत है। पर्यटन विभाग की वेबसाइट लाइव हो गई है।

# आरोग्य भूमि के रूप में स्थापित होगी देवभूमि की ख्याति : राष्ट्रपति

## एम्स के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में मुर्मू ने किया रामायण कथा का जिक्र

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड दौरे पर आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आयुर्वेद सहित भारतीय परंपरा की उपचार पद्धतियों के लिए उत्तराखंड में अनेक स्वास्थ्य केंद्र सेवारत हैं। एम्स ऋषिकेश में एलोपैथी के साथ आयुष चिकित्सा पद्धति से भी मरीजों का उपचार किया जा रहा है। ऐसे में व्यापक स्तर पर उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं से देवभूमि उत्तराखंड की ख्याति आरोग्य भूमि के रूप में भी स्थापित होगी। राष्ट्रपति मंगलवार को एम्स ऋषिकेश के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में बोल रही थीं। उन्होंने 598 मेडिकल विद्यार्थियों को दी उपाधि, गोल्ड-सिल्वर-कांस्य पदक से नवाजा। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि प्राचीन महाकाव्यों में उत्तराखंड को औषधि और उपचार से जोड़ा गया है। रामायण कथा के अनुसार इसी क्षेत्र से संजीवनी बूटी लेकर वायु मार्ग से हनुमानजी प्रभु श्रीराम और लक्ष्मणजी के पास पहुंचे थे और लक्ष्मणजी के उपचार में अपना

▶▶ **लक्ष्मणजी के उपचार के लिए इसी क्षेत्र से संजीवनी बूटी ले गए थे हनुमानजी**

### राष्ट्रपति ने परमार्थ निकेतन में गंगा आरती में लिया भाग

ऋषिकेश। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार शाम श्री हनुमान जयंती पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने विश्व विख्यात गंगा आरती में भाग लिया। परमार्थ निकेतन के दिव्य प्रांगण में स्वामी की साधना स्थली में विराजित मां लक्ष्मी जी की प्रतिमा को पुष्पहार अर्पित कर राष्ट्रपति ने शक्ति के प्रति श्रद्धा और भक्ति समर्पित की।



योगदान दिया था। ऐसे कथानकों के माध्यम से हमारे पूर्वजों ने गहन और कल्याणकारी संदेश दिए हैं। राष्ट्रपति ने कम समय में ही प्रचुर प्रतिष्ठा अर्जित करने के लिए अतीत और वर्तमान में एम्स ऋषिकेश से जुड़े सभी लोगों की सराहना की। उन्होंने कहा कि लगभग एक दशक की अपनी विकास यात्रा से एम्स ऋषिकेश ने अच्छी पहचान बना ली है। उन्होंने कहा कि एम्स का मतलब होता है सबसे अच्छे डॉक्टरों द्वारा इलाज होना। सबसे अच्छा और कम खर्च में इलाज होना एम्स की पहचान है। एम्स के इलाज का फायदा अधिक से अधिक लोगों को मिल सके और अधिक से अधिक मेधावी विद्यार्थी एम्स में शिक्षा प्राप्त कर सकें। इन उद्देश्यों के साथ देश के विभिन्न हिस्सों में अनेक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों की स्थापना की जा रही है। भारत में डायबिटीज से प्रभावित लोगों की संख्या 10 करोड़ से अधिक है, जो विश्व में सर्वाधिक है। डायबिटीज के इलाज के रूप में सेमाग्लूटाइड आजकल चर्चा में है। उत्तराखंड में धूप की कमी और स्थानीय खान-पान के कारण ऑस्टियोपोरोसिस, एनीमिया जैसी बीमारियों से लोग विशेषकर महिलाएं प्रभावित होती हैं। ग्लोबल मेडिसिन युग में भी चिकित्सा से जुड़ी राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय समस्याओं के बारे में अनुसंधान करना और उनका समाधान करना एम्स ऋषिकेश जैसे संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने

### भारत में पहली बार विकसित की गयी इस तरह की थेरेपी

आधुनिक टेक्नोलाजी का उपयोग करना एम्स ऋषिकेश जैसे संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए। एम्स ऋषिकेश कार टी-सेल थेरेपी और स्टेर सेल रिसर्च के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत है। भारत में पहली बार इस तरह की थेरेपी विकसित की गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह थेरेपी अन्य देशों की तुलना में बहुत कम खर्च पर उपलब्ध कराई जा रही है। एम्स ऋषिकेश को ऐसे क्षेत्रों में सहयोग करके तेजी से आगे बढ़ना चाहिए। कृत्रिम होशियारी और रोबोटिक की भूमिका निदान और उपचार में निरंतर बढ़ती रहेगी।

एम्स ऋषिकेश को पब्लिक हेल्थ और कम्युनिटी इंगेजमेंट पर अधिक से अधिक ध्यान देने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा करके देश के ऐसे अग्रणी संस्थान स्वस्थ भारत और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकेंगे।

### आ रहा है सबकी आखें खोलने का गाना पापा कहते - 2.0 हुआ लांच



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने राजकुमार राव की फि ल्म श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने का गाना पापा कहते - 2.0 रिलीज किया है। श्रीकांत- आ रहा है सबकी आंखें खोलने' का दूसरा गाना- पापा कहते हैं 2.0' को आमिर खान ने लांन्च किया।गाने के स्टार आमिर खान के साथ-साथ राजकुमार राव, अलाया एफ, शरद केलकर , उदित नारायण , निर्देशक तुषार हीरानंदानी और निर्माता निधि परमार हीरानंदानी की मौजूदगी में एक दृष्टिबाधित बैंड द्वारा लाइव परफॉर्म किया । आमिर खान के फेमस सॉंगऐ मेरे हमसफर'के साथ पापा कहते हैं पर भी परफॉर्म किया साथ ही इस गाने पर उदित नारायण गुनगुनाते नजर आये ।

# बंगाल में 35 सीट जीतने पर घुसपैठ से मुक्ति की गारंटी

## 18 जीतने से राममंदिर के उद्घाटन का मार्ग हुआ प्रशस्त : शाह

एजेंसी

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि यदि 2019 के लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में भाजपा के 18 सीटें जीतने से अयोध्या में राममंदिर के उद्घाटन का मार्ग प्रशस्त हो सकता है, तो इस बार राज्य की 35 लोकसभा सीट जीतने से निश्चित रूप से अवैध घुसपैठ से मुक्ति की गारंटी मिलेगी। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत करणदिघी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगों ने 2019 में भाजपा उम्मीदवारों के



लिए बड़ी संख्या में मतदान किया। इसके बाद, अयोध्या में राममंदिर एक वास्तविकता बन गया। अगर इस बार भाजपा के सीटों की संख्या 35 हो जाती है तो पश्चिम बंगाल के लोगों को अवैध घुसपैठ के खतरे से मुक्ति मिल जाएगी। अमित शाह के 20 मिनट के भाषण में घुसपैठ का मुद्दा उन्होंने जोर-शोर से उठाया। उन्होंने ममता बनर्जी के खिलाफ तीखा हमला करते हुए कहा कि घुसपैठ का विरोध करने की बजाय मुख्यमंत्री वोटबैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही हैं।

संदेशखाली में उन्होंने उसी वोटबैंक की राजनीति के कारण महिलाओं के उत्पीड़न के लिए जिम्मेदार लोगों को बचाने की कोशिश की। लेकिन महिलाओं द्वारा आवाज उठाने के बाद अधिकारियों को कार्रवाई करने और आरोपितों को सलाखों के पीछे भेजने के लिए मजबूर होना पड़ा। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि देश को घुसपैठ के खतरे से मुक्त कराने और वास्तविक शरणार्थियों को नागरिकता देने के लिए लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी की जरूरत है। मुख्यमंत्री घुसपैठ को बढ़ावा दे रही हैं और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का भी विरोध कर रही हैं। यहां तक कि कांग्रेस ने भी कहा है कि अगर वह सत्ता में आई तो सीएए को वापस ले लेगी। मैं कांग्रेस और तृणमूल को चुनौती देता हूं कि यदि संभव हो तो वे सीएए को रोकें।

### जुमलेबाज गारंटी का अब दे रहे हैं झांसा : अखिलेश



अलीगढ़। भाजपा पर लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने का आरोप लगाते हुये सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि दस साल तक जुमलेबाजी करने वाले अब गारंटी का झांसा दे रहे हैं। इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी बिजेन्द्र सिंह और हाथरस के प्रत्याशी जसबीर बाल्मीकि के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुये श्री यादव ने कहा कि भाजपा की पहचान लूट और झूठ है। भाजपा ने अपराधियों और भ्रष्टाचारियो के लिए गोदाम बनवा लिया है। भाजपा ने इलेक्टोरल बांड के जरिए भारी भ्रष्टाचार किया है। चुनावी चंदा के नाम पर हजारों करोड़ रुपए की वसूली की है। इलेक्टोरल बांड ने भाजपा का बैंड बजा दिया है। भाजपा नेताओं की बोलती बंद है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खत्म कर रही है।

# देश में पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस प्रधानमंत्री मोदी की देन : योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहली बार देश के अंदर पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण आया है जिसका सर्वाधिक लाभ गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को मिला है। उन्होने कहा कि कांग्रेस, सपा व अन्य कई दलों का इंडी गठबंधन श्री मोदी की जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की उपलब्धियों से बौखलाहट में है। इसी बौखलाहट के चलते कांग्रेस, सपा और उसके सहयोगी दल चुनाव में सामाजिक वैमनस्यता फैलाने की विभाजनकारी राजनीति पर आमादा हैं। जनता इनके मंसूबे को जानती है। इन्हें डकैती डालने की छूट नहीं देगी। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस ने 1970 के दशक में गरीबी हटाओ का नारा दिया था लेकिन छह दशक से अधिक शासन करने के बावजूद वह कभी गरीबी हटा नहीं पाई। छह

**कांग्रेस ने 1970 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था, लेकिन छह दशक से अधिक शासन करने के बावजूद इसे हटा नहीं पाई**



दशक से अधिक समय तक दादी से लेकर पोते तक इसी नारे से देश की जनता की आंखों में धूल झोंकने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सही मायने में अगर देखा जाए तो गरीबी हटाने और गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ईमानदारी से, बिना भेदभाव हर व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है।

# तीसरे चरण में 95 सीटों पर 1,351 उम्मीदवार

## लोकसभा चुनाव : सात मई को होगा मतदान

**नयी दिल्ली।** लोक सभा चुनाव के तीसरे चरण में 12 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की 95 सीटों पर एक हजार 351 उम्मीदवार मैदान में हैं। तीसरे चरण में इस सीटों पर मतदान सात मई को कराये जायेंगे। चुनाव आयोग ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि तीसरे चरण के चुनाव के लिये नाम वापसी की प्रक्रिया सोमवार को समाप्त होने के बाद कुल 1,351 उम्मीदवार बचे हैं। आयोग ने कहा है कि इनमें मध्य प्रदेश की बैतूल (अजजा) क्षेत्र के आठ प्रत्याशी और गुजरात के सूरत निर्वाचन क्षेत्र में निर्विरोध निर्वाचित एक प्रत्याशी का नाम भी शामिल है।

गौरतलब है कि बैतूल निर्वाचन क्षेत्र की चुनाव प्रक्रिया द्वितीय चरण में संपन्न होनी थी। बैतूल में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अशोक भलावी के निधन के कारण यहां चुनाव स्थगित कर दिया गया है। नाम वापस लेने के बाद गुजरात में 26 सीटों पर 266 प्रत्याशी, महाराष्ट्र में 11 सीटों पर 258, कर्नाटक में 14 सीटों पर 227, छत्तीसगढ़ में सात सीटों पर 168, मध्य प्रदेश में नौ सीटों पर 127, उत्तर प्रदेश में 10 सीटों पर 100, पश्चिम बंगाल में चार सीटों पर 57, बिहार में पांच सीटों पर 54, असम में चार सीटों पर 47, जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर 20, गोवा की दो सीटों पर 16, दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव में दो सीटों पर 12 उम्मीदवार चुनावी मैदान में बचे हैं। बैतूल सहित 95 निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव के लिये कुल दो हजार 963 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। इस चरण के लिये पर्चे दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल थी और नामांकन पत्रों की जांच के बाद 1,563 पर्चे वैध पाये गये थे। तीसरे चरण के चुनाव में गुजरात में 26 संसदीय सीटों के लिये कुल 658 नामांकन पत्र मिले थे, उसके बाद महाराष्ट्र की 11 सीटों से लिए 519, कर्नाटक में 14 सीटों के लिए 503, छत्तीसगढ़ की सात सीटों के लिये 319 और उत्तर प्रदेश की 10 सीटों के लिये 271 नामांकन पत्र आये थे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद गुजरात में 328 प्रत्याशी, महाराष्ट्र में 317, कर्नाटक में 272, छत्तीसगढ़ में 187, मध्य प्रदेश में नौ सीटों पर 140, उत्तर प्रदेश में 104, पश्चिम बंगाल में चार सीटों पर 59, बिहार में पांच सीटों पर 54, असम में चार सीटों पर 52, जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर 21, गोवा की दो सीटों पर 16, दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव में दो सीटों पर 13 प्रत्याशियों के पर्चे वैध पाये गये थे।

# शेयर बाजार में तीसरे दिन भी तेजी

**सेंसेक्स 89 अंक चढ़कर 73,738 पर पहुंचा, निफ्टी 31 अंक मजबूत होकर 22,368 पर बंद हुआ**

**मुंबई।** विदेशी बाजार के सकारात्मक रुझान की बदौलत स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, रियल्टी, टेक और यूटिलिटीज समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से मंगलवार को शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 89.83 अंक चढ़कर 73,738.45 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 31.60 अंक मजबूत होकर 22,368.00 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.52 प्रतिशत उछलकर 40,584.17 अंक और स्मॉलकैप 1.05 प्रतिशत की छलांग लगाकर 46,492.21 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3934 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2338 में लिवाली जबकि 1475 में बिकवाली हुई वहीं 121 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 24 कंपनियां हरे जबकि 25 लाल निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई के 16 समूहों में तेजी रही। इससे दूरसंचार 4.27, रियल्टी 2.42, टेक 1.23, यूटिलिटीज 0.95, कमोडिटीज 0.52, सीडी 0.77, एएफएमसीजी 0.80, वित्तीय सेवाएं 0.16, इंडस्ट्रियल्स 0.55, आईटी 0.42, ऑटो 0.48, बैंकिंग 0.18, कैपिटल गुड्स 0.16, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.82, पावर 0.56 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.20 प्रतिशत मजबूत रहे। विश्व बाजार का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.35, जर्मनी का डैक्स 0.81, जापान का निक्केई 0.30, हांगकांग का हैंगसेंग 1.92 प्रतिशत चढ़ गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.74 प्रतिशत की गिरावट रही।




# नमो ऐप पर मोदी मीटर से नाप सकेंगे राजनीति की नब्ज

**महासमगर**

▶▶ **वर्चुअल ओपिनियन पोल से एनडीए के प्रदर्शन का लगा सकते हैं अनुमान**

▶▶ **अपने क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी भी ले सकते हैं जानकारी**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक नमो ऐप पर मोदी मीटर नाम के एक अनूठे और इंटरैक्टिव मॉड्यूल को लॉन्च किया गया है। इसमें वर्चुअल ओपिनियन पोल के जरिए 2024 के लोकसभा चुनावों में एनडीए गठबंधन के प्रदर्शन का अनुमान लगा सकते हैं। मोदी मीटर' मॉड्यूल का मूल उद्देश्य देशवासियों के बीच चुनावों को लेकर जागरूकता को बढ़ावा देना और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना है। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने जनता द्वारा गढ़े गए 'अबकी बार, 400 पार' नारे के जरिए, इस लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करने का भरोसा जताया है। एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज, हर जगह एक ही बात सुनाई दे रही है, अबकी बार, 400 पार। भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि जनता ने अपनी पसंदीदा सरकार को सत्ता में वापस लाने के लिए स्वयं ही इस तरह का नारा लगाया है। मोदी मीटर की अवधारणा आसान, लेकिन बेहद शक्तिशाली है। यूजर्स यहां राष्ट्रीय स्तर पर और अपने संबंधित राज्यों में एनडीए गठबंधन को मिलने वाली सीटों को लेकर एक अनूठे तरीके से अनुमान लगा सकते हैं। इतना ही नहीं, वे यहां अपने निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार को लेकर भी अनुमान लगा सकते हैं। वैसे जो यूजर्स नमो ऐप पर




लॉगिन करते हैं, मॉड्यूल पर उनके राज्य और निर्वाचन क्षेत्र (पंजीकरण के दौरान दी जाने वाली जानकारी के अनुसार) की पहचान ऑटोमैटिक तरीके से हो जाती है, जिससे उन्हें एक सटीक अनुमान लगाने में मदद मिलेगी। अपने सभी अनुमानों को दर्ज करने के बाद, यूजर्स को एक पर्सनलाइज्ड कार्ड मिलता है, जिसमें अबकी बार, 400 पार आपके वोट से यह संभव है अंकित होता है। यूजर्स इस कार्ड को अपने सोशल मीडिया पर भी साझा कर सकते हैं। यह मॉड्यूल मतदाताओं की सहभागिता को प्रोत्साहित करते हुए, लोकतंत्र में मतदान के महत्वों को बढ़ावा देने का कार्य करता है। मोदी मीटर एक अद्वितीय मॉड्यूल है, जो दो-तरफा संचार प्रवाह की अनुमति देता है। जैसे ही कोई यूजर मॉड्यूल को आजमाता है, उनके अनुमानों को अज्ञात रूप से दर्ज कर लिया जाता है। मोदी मीटर एक प्रैक्टिस पोल के रूप में कार्य करता है, जो लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने और एनडीए के 400 पार के संकल्पों को मजबूती देता है। आप नमो ऐप को डाउनलोड करने के लिए https:/ /nm4. com/ modimeter2024 पर जा सकते हैं और नए मॉड्यूल में शामिल हो सकते हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !